kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-306 | शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




दीक्षांत समारोह छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खोलता है। वे अब एक अलग पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें वास्तविक दुनिया की स्थितियों में अपने ज्ञान और कौशल का कठोर परीक्षण करना होगा।

द्रौपदी मुर्मु


हर रेलवे जोन में आईटीएमएस मशीनें तैनात की जाएंगी : रेल मंत्री 11

बीएसएफ ने सीमावर्ती जिलों से करोड़ों की हेरोइन समेत तीन तस्कर पकड़े 12


## संक्षेप

### आईएएस वीना कुमारी मीना व आलोक कुमार द्वितीय बनेंगे अपर मुख्य सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 1993 बैच की आईएएस वीना कुमारी मीना और आलोक कुमार द्वितीय को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर जल्द ही पदोन्नति मिलेगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में इनको पदोन्नति देने के लिए सहमति बनी। बैठक में प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज केंद्रीय सचिव, कृषि डा. देवेश चतुर्वेदी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। इसके अलावा वर्ष 2021 बैच के 17 आईएएस जागृति अवस्थी, अंकिता जैन, सार्थक अग्रवाल, शाश्वत त्रिपुरारि, कृष्ण कुमार सिंह, डा. दिव्या मिश्रा, प्रखर कुमार सिंह, राल्लपल्ली जगत साई, मृणाली अविनाश जोशी, डा. पूजा गुप्ता, ध्रुव खाड़िया, कृति राज, शाहिद अहमद, कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, हर्षिका सिंह, हिमांशु गुप्ता और देवयानी को सीनियर टाइम स्केल देने पर सहमति बनी।

### केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के खिलाफ मानहानि मामला बंद

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के खिलाफ दायर मानहानि के 2020 के एक मामले में उनकी ओर से माफी मांगे जाने के बाद गुरुवार को मामला बंद करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता श्री मुरुगन की माफी को रिकॉर्ड में लेने के बाद उन्हें राहत देने वाला आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष श्री मुरुगन के अधिवक्ता ने कहा कि उनका किसी भी तरह से प्रतिवादियों (चेन्नई स्थित मुरासोली ट्रस्ट) की प्रतिष्ठा को ठेस या नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। मुरासोली ट्रस्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और एन आर एलंगो ने भी शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वे इस मामले में आगे मुकदमा नहीं चलाएंगे। इस प्रकार अदालत ने भाजपा नेता की ओर से मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने की अपील पर आगे की कार्यवाही रोकने का आदेश पारित किया। पीठ ने ट्रस्ट द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री पर दिखाई गई उदारता की सराहना भी रिकॉर्ड में दर्ज की।

### भारतीय वायुयान विधेयक पर संसद की मुहर

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।

# पीएसएलवी-सी59 ने ईएसए के प्रोबा 3 अंतरिक्ष यान के साथ भरी उड़ान

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष सगंठ (इसरो) के शक्तिशाली प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी59 ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 के दो अंतरिक्ष उपग्रहों को लेकर पहले लॉन्च पैड से गुरुवार को उडान भरी। इस दौरान वहां नारंगी रंग का धुआं निकला और जमीन को हिला देने वाली गर्जना हुई।

पीएसएलवी-सी59 ने आज शाम चार बजकर चार मिनट पर सफल उड़ान भरी। इसरो के वैज्ञानिक मिशन कंट्रोल सेंटर से उड़ान की दिशा पर नजर रख रहे हैं। इसरो ने कहा, उड़ान 'लिफ्ट ऑफ' सामान्य है।




प्रक्षेपण का कार्यक्रम इससे पहले कल 1608 बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन अंतरिक्ष यान में एक विसंगति का पता चलने के बाद उड़ान भरने से कुछ मिनट पहले इसे एक दिन के लिए टाल दिया गया।इसरो ने कहा था कि प्रक्षेपण आज शाम चार बजकर12 मिनट पर होगा, लेकिन यह समय1604 बजे कर दिया गया।इसरो ने कहा , ईएसए के अनुरोध के अनुसार, पीएसएलवी-सी59 /प्रोबा-3 का प्रक्षेपण 1604 बजे पुनर्निर्धारित किया गया है। यह एक विशेष व्यावसायिक मिशन है और प्रोबा-३, दुनिया का पहला सटीक फॉर्मेशन फ्लाइंग मिशन, सूर्य के बाहरी सबसे परत, सौर कोरोना का अध्ययन करेगा। लगभग 25 मिनट की उड़ान अवधि में प्रोबा-3 दो उपग्रह, 310 किलोग्राम कोरोनाग्राफ अंतरिक्ष यान (सीएससी) और 240 किलोग्राम को ऑकुल्टर अंतरिक्ष यान (ओएससी) को लेकर गया है।इन्हें अत्यधिक अण्डाकार कक्ष में प्रक्षेपित किया जाएगा।

# यूपी विधानसभा का शीत सत्र 16 से

## भाजपा में उपचुनाव जीत से जोश, विपक्ष को संभल का संबल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। गुरुवार को सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल आनंदी बेन ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी। उपचुनाव रिजल्ट और संभल हिंसा के बाद शुरू हो रहे सत्र के काफी हंगामेदार होने की पूरी आशंका है। जिस तरह से संभल हिंसा को लेकर लगातार संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सांसद मामले को उठा रहे हैं और हंगामा चल रहा है, ऐसे में पूरी संभावना है कि विधानसभा के सत्र के दौरान भी उसी तरह की तस्वीर देखने को मिल सकती है। माना जा रहा है कि एक तरफ संभल को लेकर



विपक्ष सरकार पर हमलावर होगा तो दूसरी तरफ सरकार के पास भी उपचुनाव में मिली भारी जीत का जोश हावी रहेगा। संभव के जवाब में सरकार की तरफ से उपचुनाव में विपक्ष को मिली करारी हार पर निशाना और हमले होंगे।

यह संयोग है कि उपचुनाव के रिजल्ट के अगले ही दिन संभल में कोर्ट के आदेश पर जामा मस्जिद का सर्वे शुरू हुआ और हिंसा भड़क उठी थी। इससे दोनों पक्षों के बीच वार-पलटवार का दौर शुरू हो गया था। सपा ने चुनाव में धांधली का मामला उठाया और संभल की हिंसा को लेकर सीधे सीधे सरकार को ही जिम्मेदारी ठहरा दिया।

सरकार की तरफ से भी हिंसा के लिए सपा सांसद और विधायकों को दोषी ठहराया गया है। सपा विधायक को हिंसा के लिए न सिर्फ दोषी ठहराया गया है बल्कि उनके खिलाफ एफआईआर भी कराई गई है। ऐसे में विधानसभा के सत्र में इस मामले में हंगामा होना तय ही माना जा रहा है। सपा भी इस मुद्दे को छोड़ना नहीं चाह रही है। ● शेष पेज 11 पर

# बांटने वाले काटने और कटवाने का कर रहे इंतजाम : मुख्यमंत्री

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम कर रहे हैं।

रामायण मेला समिति द्वारा रामकथा पार्क में आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को शुभारंभ करते हुये उन्होने कहा कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। उन्होने कहा बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। यहां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे,



लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया। जोड़ने के कार्य को हमने महत्व दिया होता और सामाजिक विद्वेष-समाज को तोड़ने की दुश्मनों की रणनीति को सफल नहीं होने देते तो देश कभी गुलाम नहीं होता और न ही तीर्थ अपवित्र होते। मुठ्ठी भर आक्रांताओं को भारत के वीर योद्धा रौंद डालते, लेकिन आपसी एकता में बाधा पैदा करने वाले सफल रहे। उन्हीं के जींस आज भी जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान ● शेष पेज 11 पर

# परमाणु संयंत्रों में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के परमाणु संयंत्रों में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किए जाने का दावा करते हुए सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि बदलती प्रौद्योगिकी के साथ जोखिम भी बढ़ता है लेकिन समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर फैसले किए जाते हैं।

प्रश्नकाल के दौरान, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा संबंधी समस्या मानकों का पालन किया जाता है और हादसे की स्थिति में पहली जिम्मेदारी संचालक की और फिर आपूर्तिकर्ता की होती है। किसी भी तरह का परमाणु हादसा होने की स्थिति में जवाबदेही की तैयारी के संबंध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा के पूरक प्रश्न के उत्तर में डॉ सिंह ने बताया कि बदलती प्रौद्योगिकी के साथ जोखिम भी बढ़ता है लेकिन समय समय पर सरकार स्थिति की समीक्षा कर फैसले लेती है। सिंह ने बताया कि बीते तीन साल में अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी



भागीदारों की संख्या बढ़ी है और परमाणु ऊर्जा विभाग विश्व मंच में अपनी पहचान बना रहा है तथा अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज 300 से अधिक स्टार्ट अप हैं। उन्होंने बताया कि बीते बरसों में परमाणु के क्षेत्र में भारत ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं और पिछले 50 साल से सक्रिय तारापुर संयंत्र बेहतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''कैगा संयंत्र ने 952 दिन लगातार काम किया है। पहला स्वदेशी भारी जल परमाणु संयंत्र काकरापाड़ ने भी उल्लेखनीय काम किया है। यह अपने आप में उपलब्धियां हैं। हम आज केवल सीमित संसाधनों में ही नहीं ठहरे हुए हैं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारा उल्लेखनीय ● शेष पेज 11 पर

# निर्माण में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा : गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि राजमार्गों के निर्माण में कमी को लेकर सरकार गंभीर है और इसमें गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्री गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश का सबसे लंबा राजमार्ग है। इस एक्सप्रेस वे से लोग दिल्ली से 12 घंटे में मुंबई पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सड़कें धंस गई है, लेकिन नीचे की सतह सही है और इसमें सही सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस मार्ग की मरम्मत की दस साल की



जिम्मेदारी ठेकेदार के पास है। उन्होंने कहा कि सड़कों की कमी आने पर चार ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहराकर उनको नोटिस दिया गया है और कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया जाएगा। श्री गडकरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल की ओर से पूछे गये ● शेष पेज 11 पर

# देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे। बुधवार दोपहर



भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे आज शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ● शेष पेज 11 पर

## भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही विदेशी ताकतों के साथ राहुल का संबंध

# देश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं राहुल : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने कंग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस और न्यूज पोर्टल ओसीसीआरपी के साथ मिलकर देश के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फ्रांस के अखबार 'मीडिया पार्ट' में छपे लेख के हवाले से देते हुए, जॉर्ज सोरॉस और राहुल गांधी दो बदन, एक जान हैं। जो भारत विरोधी अजेंडा जॉर्ज सोरॉस का है, वही भारत विरोधी अजेंडा राहुल गांधी का है। उन्होंने कहा, यह गांधी परिवार एक ऐसा परिवार है, जो अपनी कुर्सी के लिए अगर देश को भी बेचना पड़े और देश का भी बलिदान देना पड़े, तो इससे भी गांधी परिवार जरा भी गुरेज नहीं करेगा, यह लोग देश को भी बेच सकते है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आज उठाए गए मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर है। यह केवल किसी पार्टी या व्यक्ति से नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, एकता, और अखंडता से जुड़ा हुआ है। हाल ही में कुछ खुलासे हुए हैं, जिनसे पता चलता है कि देश के भीतर कुछ ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं, जो भारत को कमजोर करने, उसकी एकता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। ये शक्तियां नहीं चाहतीं कि भारत आगे बढ़े और विश्व पटल पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करे। भाजपा प्रवक्ता ने 'मीडिया पार्ट' में छपे लेख का हवाला देते हुए कहा, ‟भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले त्रिकोण की पहली कड़ी अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस और उनकी फाउंडेशन के साथ कुछ



अमेरिकी एजेंसियां हैं। दूसरी कड़ी, एक बड़ा न्यूज पोर्टल ओसीसीआरपी (ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) है। त्रिकोण की तीसरी और सबसे अहम कड़ी, कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हैं, जो 'सर्वोच्च कोटि के देशद्रोही' हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की नीति हमेशा 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में और व्यक्ति अंत में' रही है। श्री गांधी के लिए यह शब्द इस्तेमाल करने में कोई भय या संकोच नहीं, क्योंकि उनका कथित व्यवहार राष्ट्रीय हितों के खिलाफ है। डॉ. पात्रा ने कहा कि ओसीसीआरपी एक वैश्विक संस्थान है, जिसकी स्थापना 2007 में हुई थी। आज यह संस्था 50 से अधिक मीडिया सहयोगियों के साथ 06 महाद्वीपों में सक्रिय है। इसे एक ग्लोबल मीडिया एजेंसी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि इसके प्रकाशित लेख करोड़ों लोग पढ़ते हैं और यह बड़े देशों में सनसनी फैलाने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी अखबार ने खुलासा किया है कि ओसीसीआरपी फंडिंग में एक बड़ा हिसा ओपन सोसाइटी फाउंडेशन का है। इसके अलावा अमेरिका की बहुत सी संस्थाएं और सरकारी एजेंसियां भी ओसीसीआरपी को फंडिंग देती हैं। यह 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' जॉर्ज सोरोस का है। उन्होंने कहा कि मीडिया पार्ट की रिपोर्ट के अनुसार ओसीसीआरपी एक स्वतंत्र संस्था है, लेकिन उसको मिलने वाली फन्डिंग का बड़ा हिस्सा किसी एक स्रोत से आता है, तो स्वभाविक है कि वह संस्था तटस्थ नहीं है। ओसीसीआरपी को सबसे अधिक पैसा जॉर्ज सोरोस और डीप स्टेट से मिलता है, इसलिए यह संस्था उनके पक्ष में बात करती है। अमेरिका का डीप स्टेट अन्य देशों में अस्थिरता पैदा करने के लिए काम करता है और उस डीप स्टेट के लिए यह ओसीसीआरपी काम कर रहा है। डॉ. पात्रा ने कहा कि जब भारत के लोकसभा में प्रतिपक्ष का नेता अपने देश के साथ द्रोह कर रहा हो, तो स्वभाविक रूप से यह बहुत महत्वपूर्ण विषय हो जाता है। जुलाई 2021 में पूरे विश्व में ● शेष पेज 11 पर

# बिजलीकर्मियों-प्रबंधन में निजीकरण को लेकर शीतयुद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण के विरोध का सिलसिला जारी है। इसे लेकर पावर कारपोरेशन प्रबंधन और बिजली कर्मियों में शीतयुद्ध की स्थिति है। बिजली कर्मियों और पावर कारपोरेशन प्रबंधन की ओर से सवाल-जवाब के जरिए एक-दूसरे को घेरने का प्रयास हो रहा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कारपोरेशन प्रबंधन पर निजीकरण के बाद कर्मचारियों की सेवा शर्तों के बारे में मनगढ़ंत प्रोपेगंडा करने का आरोप लगाया है। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा है कि प्रबंधन निजीकरण का आरएफपी बिना अप्रूवल के कैसे जारी कर सकता है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने



गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर फिर चेताया है कि झूठे आंकड़ों और धमकी के बल पर पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन हजारों कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर सकता। समिति ने सवाल उठाया है कि आए दिन कर्मचारियों की सेवा शर्तों के बारे में मनगढ़ंत प्रोपेगंडा कर रहे कार्पोरेशन प्रबंधन ने बिना किसी स्वीकृति के निजीकरण का आरएफपी डॉक्यूमेंट कैसे सर्कुलेट करना ● शेष पेज 11 पर

# औद्योनिक विकास योजनाओं में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : दिनेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी करने का कार्य कर रही है। किसानों को खेती एवं औद्यानिक फसलों में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे उन्हें कम लागत और कम मेहनत में उन्हें उनकी फसल का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसके साथ ही प्रदेश के किसानों की फसलों की प्रदेश के साथ देश-विदेश में भी भेजने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को विभिन्न प्रशिक्षण एवं गोष्ठियों के माध्यम से फसलों को बेहतर तैयार करने एवं उच्च मूल्य की औद्यानिक फसलों की उपयोगिता एवं लाभों की जानकारी दी जाय। ये बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कही। वे गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री आवास पर वीडियो क्रान्फेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि उद्यान विभाग की संचालित औद्यानिक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि समस्त औद्योनिक विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग की योजनाये सीधे किसानों से जुड़ी होती है, जिससे किसानों को लाभ पहुंचता है, इसमें किसी भी प्रकार हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नही की जा सकती है।उद्यान मंत्री ने पर ड्राप पर मोर क्राप-माईक्रोइरीगेशन योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, नमामि गंगे, गंगा के तटवर्तीय औद्यानिक विकास योजना, अनुसूचित जाति व जनजाति, बुन्देलखण्ड एवं विन्धय क्षेत्र में औद्योनिक विकास योजना आदि योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा जनपदवार की। उन्होंने जिन जनपदों में योजना और निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक नही थी, उन जनपदों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को योजना की प्रगति बढ़ाने के कड़े निर्देश दिये।उद्यान मंत्री ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी प्रदेश में स्थापित होने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रगति मे तेजी लाने का कार्य करें। राजकीय पौधशालाओं व प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण करते हुए पौध उत्पादन में तेजी लायी जाय। प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरी स्थापित किये जाने की समीक्षा की। जिन जनपदों में अभी तक कार्य प्रारम्भ नही हुआ, वहां पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उसे गुणवत्ता एवं समयबद् रूप से करवाया जाय। तैयार हो चुकी नर्सरी को शीघ्र हस्तान्तरित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने प्रदेश में मसाला, लीची, स्ट्राबेरी, पुष्प क्षेत्र आदि पर गहन चर्चा की।



उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाय। उप निदेशक 07 दिनों में तथा निदेशक 15 दिनों में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करने के बाद उसकी वस्तुस्थिति से उद्यान मंत्री को अवगत करायेंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बी.एल.मीणा, निदेशक उद्यान वी.बी. द्विवेदी, निदेशालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारी सहित मण्डल एवं जनपद स्तर के अधिकारीगण वीडियो क्रान्फेंसिंग के माध्यम से जुडे रहे।

## फडणवीस के नेतृत्व में प्रगति करेगा महाराष्ट्र : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे-अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई एवं शुभकामनाएं!

मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व आपके (फडणवीस) कुशल नेतृत्व में 'विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र' की संकल्पना की सिद्धि के साथ ही राज्य सुशासन के सुपथ पर अविराम बढ़ते हुए प्रगति और समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा।

### महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर एकनाथ शिंदे व अजीत पवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और स्वर्णिम कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में गुरुवार को शामिल हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र चुनाव में ताबड़तोड़ रैली की थी। वे वहां चार दिन चुनाव प्रचार में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था, इसमें से 22 सीटों पर महायुति गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिली।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह 15 दिसम्बर को

प्रयागराज। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन 15 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे एमपी हाल, मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, तेलियरगंज में किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे। यह जानकारी गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति, प्रयागराज की संयोजिका डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य सभागार में पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के बारे में जाने, इस उद्देश्य से यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा। उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने तीस वर्षों तक इंदौर पर शासन किया। पूरे भारत में सैकड़ों मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण किया। काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण एवं वाराणसी का गंगाघाट, गया का विष्णुपद मंदिर समेत नासिक, उज्जैन आदि में मंदिरों का निर्माण कराया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया।

### बाबा साहेब की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर 'आप' की तिरंगा शाखा ने किया गोष्ठी का आयोजन

## हर नागरिक को मिले समान अधिकार : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा द्वारा सहकारिता भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ लक्ष्मण यादव और वरिष्ठ पत्रकार नीरज पटेल शामिल रहे।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए आप सांसद संजय सिंह ने 'संविधान और सामाजिक न्याय' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को इस तरह से तैयार किया था, जिससे हर नागरिक को समान अधिकार मिल सके और समाज में व्याप्त असमानता को समाप्त किया जा सके। लेकिन आज भी समाज में कई तरह की असमानताएं मौजूद हैं, और हमें संविधान के माध्यम से इन असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्होंने घोषणा की कि तिरंगा शाखा इस साल 12 विचार गोष्ठियों का आयोजन करेगी। जिनका उद्देश्य समाज में संविधान, सामाजिक न्याय और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। दूसरी विचार गोष्ठी 5 जनवरी को गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी।

प्रोफ़ेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान को इस उद्देश्य से तैयार किया था कि समाज के कमजोर और उत्पीड़ित वर्गों को समान अधिकार व न्याय मिल सके। बाबा साहेब ने हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि संविधान एक ऐसा दस्तावेज बने, जो सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करे, चाहे उनकी जाति, धर्म या लिंग कुछ भी हो। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज भी समाज में सामाजिक न्याय की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और हमें अम्बेडकर के आदर्शों के अनुसार हर वर्ग के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत रहना होगा। उनका मानना था कि संविधान को केवल कागज पर नहीं, बल्कि सच्चे रूप में लागू करने की आवश्यकता है, ताकि हर नागरिक को समानता, न्याय और सम्मान मिल सके।

### विज्ञानवादी व्यक्ति कभी सांप्रदायिक नहीं हो सकता : नीरज पटेल

वरिष्ठ पत्रकार नीरज पटेल ने गोष्ठी के दौरान कहा कि आज दुनिया विज्ञान की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, जबकि हमारी सरकारें लगातार अपनी ज़मीन के नीचे खोदने की बात कर रही हैं। दरअसल, यह समाज को गड्ढे में ढकेलने की साजिश है। उन्होंने कहा कि आज हमें संविधान वादी और विज्ञानवादी होने की ज़रूरत है क्योंकि विज्ञानवादी व्यक्ति कभी सांप्रदायिक नहीं सकता। उन्होंने आगे कहा कि मैं बाबा साहेब को जीवन में उतारता हूँ पूजता नहीं। क्योंकि भाजपा को बाबा साहेब को पूजने से दिक्कत नहीं लेकिन बौद्ध धम्म धारण करते हुए उनकी ली गई 22 प्रतिज्ञाओं से ज़रूर है।

### आज मनाया जाएगा बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने बताया कि अमिलिया रोड पर स्थित दान्दूपुर बगिया दलित बस्ती में यह कार्यक्रम क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारी एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जय शंकर भारती, पप्पू इसराइल, राजू पासी, महेंद्र सरोज, गीता भारती आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहेंगे। करछना विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के जिला, विधानसभा ब्लाक एवं फ्रन्टल संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अपील है कि कार्यक्रम स्थल पर समय दोपहर 2:00 अपराह्न पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के संयोजक मंडल में डॉ. उमेश यादव, नासिर जाफरी, सावन कुमार गौतम, जगनारायण भारतीया, अमित राही, राबिया बेगम, अनीश जाफरी आदि होंगे।

### दिव्यांग कैम्प में सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नैनी में 7 दिसंबर को जन चेतना संस्थान नैनी प्रयागराज में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के द्वारा विकलांगों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए कैंप लगेगा जिसमें सभी प्रकार के दिव्यांग पहुंच कर लाभ लें लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज कार्ड ,आधार कार्ड ,आय प्रमाण पत्र या प्रधान के द्वारा निर्गत लेटर पैड पर आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा उक्त जानकारी संस्थान के मनोज कुमार मिश्रा ने दी

### डकैती लूट चैन स्कैनिंग करने वाले 163 अपराधियों को डीसीपी ने किया चिन्हित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाकुंभ मेले से पहले डकैती, लूट व चैन स्नैचिंग करने वाले अपराधियों पर डीसीपी यमुनानगर की नजर महाकुंभ 2025 से पहले डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र ने डकैती, लूट व चैन स्नैचिंग करने वाले 163 अपराधियों को किया चिन्हित गुंडा एक्ट के 7, हिस्ट्रीशीटर -29, गैंगस्टर के 15 पर कुल चिन्हित किये गए अपराधी 163 है डकैती, लूट व चैन स्नैचिंग करने वाले थाना नैनी-39, थाना करछना- 19, थाना औद्योगिक क्षेत्र- 8, थाना मेजा-18, थाना मांडा-16, थाना कोराव-10, थाना बारा- 1, थाना शंकरगढ़-7, थाना लालपुर- 0, थाना कौंधियारा-7, थाना घूरपुर- 29, थाना खीरी- 9 अपराधियों को चिन्हित किया गया हैं।

### महाकुंभ 2025 का न्योता देने गुजरात जाएंगे योगी के मंत्री

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में अगले साल जनवरी में शुरु होने वाले महाकुंभ 2025 का न्योता देने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री गुजरात जायेंगे। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने और इसमें अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही। इसी दृष्टिकोण से प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा विभिन्न राज्यों में जाकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भेंटकर उन्हें महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस क्रम में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में आमंत्रण देने के लिए नामित किया गया है। दोनों मंत्री गुजरात पहुंचकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य प्रमुख हस्तियों से मुलाकात करेंगे और उन्हें प्रदेश सरकार का आमंत्रण पत्र और महाकुंभ की जानकारी संबंधी साहित्य प्रदान करेंगे।

### मुरादाबाद में जुमे की नमाज में सुरक्षा बंदोबस्त चाकचौबंद

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में जुमे पर छह दिसंबर के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। छह दिसंबर 1992 में अयोध्या स्थित विवादित बाबरी ढांचे को ध्वस्त किया गया था।इसको लेकर हिंदुवादी संगठन ''शौर्य दिवस'' मनाने की तैयारी कर रहे हैं वहीं इंडियन मुस्लिम लीग की ओर से 'मस्जिद सुरक्षा दिवस ' को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंडल में संभल में हुई हिंसा के आरोपियों के ख़िलाफ़ पुलिस प्रशासन सख्त रुख़ अपना रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक( डीआईजी ) मुनिराज जी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हिंसा आगजनी व तोड़फोड़ करने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई के बारे में अधिकारियों को पहले ही दिशा-निर्देश निर्देश दे चुके हैं। संभल हिंसा के आरोपियों के पोस्टर अब चौराहों पर चस्पा किए जाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिन उपद्रवियों ने आगजनी और तोडफ़ोड़ कर सरकारी संपत्ति का अनुमानित नुकसान लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक का आंका जा रहा है। इस नुकसान की वसूली उपद्रवियों से की जाएगी। उधर, इंडियन मुस्लिम लीग के कौसर हयात ने जारी बयान में कहा है कि मस्जिद सुरक्षा दिवस के मौके पर अब पीतल बस्ती पावर हाउस मुरादाबाद में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## खीरी ग्राम पंचायत में विकास के नाम मिली व्यापक अनियमितता

### जांच टीम को इंटरलाकिंग, स्ट्रीट लाइट सहित कई कार्य अपूर्ण मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र के कौंधियारा - विकासखंड के ग्राम पंचायत खीरी में राज्य वित्त एवं केंद्र वित्त द्वारा कराए गए कार्य के गुणवत्ता की जांच करने के लिए ब्लॉक कौंधियारा से ऐ डी यो पंचायत प्रेमचंद सिंह,जे एम आई अनीता चौरसिया, ऐ डी यो ए जी राजेंद्र प्रसाद पांडे एवं पंचायत सचिव आदेश कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ ग्राम प्रधान कविता कुशवाहा के प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह की टीम ने जांच करने के लिए ग्राम पंचायत खीरी पहुंची। शिकायतकर्ता राकेश सिंह प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन ने उक्त गांव सभा में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 23- 24 के विकास कार्यों में राज्य वित्त एवं केंद्र वित्त द्वारा कराए गए कार्यों में काफी अनियमितता की गई है। इस संबंध में उन्होंने 6 बिंदुओं पर जांच कराने की जिले के अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके पूर्व 12 नवंबर को भी कुछ बिंदुओं पर जांच की गई थी। 3 दिसंबर को पुनः जांच की गई। जिसमें इंटरलॉकिंग कार्य मानक विहीन कराए गए एवं लंबाई भी मौके पर कम पाई गई। योजना की दो बार धनराशि निकल गई मात्रा तीन माह में 25 मीटर इंटरलॉकिंग जिसकी लागत 190000 थी। किंतु इस कार्य में मिट्टी के ऊपर मात्रा बालू डालकर ईट बिछाया गया है। विद्यालय के कायाकल्प में भी मानक विहीन कार्य विद्यालय की किचन निर्माण भी अपूर्ण पाया गया। ग्राम पंचायत में खंभो में लाइट 118 की जगह लगभग 60 खंभो में लगाने की बात की। किंतु वही कहीं - कहीं जल रही है। जबकि इसका पूरा भुगतान हो गया है?। गरीबों के लिए दिए गए प्रधानमंत्री आवास योजना में उन्हें मजदूरी एक पैसे भी नसीब नहीं हुई। जांच अधिकारियों ने एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का आस्वासन दिया है।।

## आभूषण सहित लाखों का सामान उठा ले गए चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र कौंधियारा के ग्राम पंचायत उमरी तालुका कंाटी में गुरुवार को बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। विपिन तिवारी पुत्र राजेश तिवारी ने थाना कौंधियारा में सुबह जाकर तहरीर दिया और बताया कि पिता राजेश तिवारी रायपुर में एक बैंक में गार्ड की नौकरी करते हैं। परिवार के लोग अलग अलग कमरे सो रहे थे। घर के बगल से छत पर चढ़े चोर आंगन में लगी जाली उखाड़ कर आंगन में उतर गए। सभी कमरों को बाहर से बंद कर जिस कमरे में ताला बंद था ताला तोड कर उस कमरे में घूसकर अलमारी में रखा माँ का आभूषण एवं नगदी उठा ले गए। दो बजे भाई विवेक उठे तो दरवाजा बाहर से बंद था फोन कर घर के लोगो को जगाया तो चोरी हो चुकी थी चोर जा चुके थे। रात में ही जानकारी होने पर पीआरबी 112 एवं प्रभारी इंस्पेक्टर को सूचना दी गयी। सुबह पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया, डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया।

## 3 ग्राम हीमोग्लोबिन एवं 30 हजार प्लेटलेट्स के मरीज की हुई नार्मल डिलेवरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराँव प्रयागराज। कोरांव.के सुकृत अस्पताल चिकित्सा के क्षेत्र में अब कोराँव भी पीछे नहीं रहा. क्रिटिकल से क्रिटिकल आपरेशन भी सुरक्षित तरीके से हो रहे है. जादीपुर गांव की रहने वाली आरती देवी पत्नी अरुण कुमार की 3 ग्राम हीमोग्लोबिन और 30 हजार प्लेटलेट्स होने पर भी सुकृत हॉस्पिटल के डा. आर. के. कुशवाहा (सर्जन )और महिला डॉ सोनी कुशवाहा सर्जन ने नार्मल डिलीवारी कराया. अब माँ और बच्चा दोनों खतरे से बाहर है।

आरती देवी का इलाज सरकारी हॉस्पिटल में चल रहा था, खून और प्लेटलेट्स की कमी के कारण सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल जबाब दे चुके थे. तब वे सुकृत हॉस्पिटल में भरोसा करके आई डा. कुशवाहा ने इलाज शुरू किया और नार्मल डिलीवरी हुई।

आरती के पति अरुण कुमार ने डा. कुशवाहा और हॉस्पिटल की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि कोराँव के सारे हॉस्पिटल लगभग जबाब दे चुके थे, लेकिन इस कंडीशन में सुकृत में भी नार्मल डिलीवरी हुई. अब हमारा बच्चा और पत्नी दोनों सुरक्षित है। अरुण कुमार ने ख़ुशी जताते हुए कहा कि शहर की भाग दौड़ और भारी खर्च से हमें छुटकारा मिल गया. यहां कम खर्च में हमारी पत्नी का बेहतर सुविधा युक्त इलाज हुआ फिलहाल यह केस कोरांव सुकृत हॉस्पिटल का पहला नहीं इस तरह सें अब तक कई लोगो को बेहतर इलाज डॉ आरके कुशवाहा मुहैया करा चुके है जिससे पुरे क्षेत्र मे एक अच्छे डॉ के रूप मे जाने जाते है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ हुई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज भारतीय किसान यूनियन (किसान) संगठन के द्वारा धरना-प्रदर्शन के बाद करछना ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी सुधीर जय शेखर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। बीडीओ करछना ने आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका वेतन रोकने के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखा है।

बता दें कि कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत अधिकारी सुधीर जय शेखर ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया था । उन्हें धमकी दी थी। जिसके खिलाफ भारतीय किसान यूनियन किसान ने ब्लॉक करछना में धरना-प्रदर्शन किया ।

धरना प्रदर्शन के दौरान आज खंड विकास अधिकारी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा महिलाओं के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर माफी मांगी और कहा कि आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही कर दी गई है। उन्होने कहा कि आगे से अगर कोई ब्लॉक का कर्मचारी महिलाओं के संबंध में किसी प्रकार से अपमानजनक शब्द बोलेगा या व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आज यहां धरना-प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी, जिला अध्यक्ष रीना गौतम, मंडल महासचिव धर्मेंद्र सिंह पटेल, मंडल उपाध्यक्ष मनोरमा आदिवासी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बसंत बहादुर बिन्द, ब्लॉक अध्यक्ष ममता पटेल, तहसील अध्यक्ष सुषमा सरोज, सुनीता लखरावां, सरस्वती सोन कली, निर्मला, रेखा चौधरी, नसरीन, फातिमा, रेशमा बेगम, सलमा बेगम, नगमा बेगम, मनोरमा, किरण देवी, आरती, गीता देवी, सुशीला देवी, सुलेखा, राहुल कुमार, राम कैलाश व फूलचंद आदि उपस्थित थे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **13.01.2025** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13602024 दिनांक 03.12.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 34-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25, 2. 35-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। 2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(प्रथम)-सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,24,99,907.84; 2. Rs. 2,24,99,770.57 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,62,500.00; 2. Rs. 2,62,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 30.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 13.01.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3736/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## डिवीज़न वार्डन सुनील यादव के नेतृत्व में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। 6 दिसंबर नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहे पर इंदिरा नगर के सैकड़ो वार्डनो ने यातायात जागरूकता कार्यक्रम कर आम जनमानस जो यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में सम्मलित होने वालो में राजेंद्र प्रसाद,के आर पाल, अश्वनी जायसवाल, मनोज मिश्रा,प्रदीप शुक्ला, आर आर जैसवार, महेश वाल्मीक, सुबोध पाठक, डी के पुरुषोत्तम, यश पाल सिंह,रवि सक्सेना, शरद मल्होत्रा, मुस्तकीम, इरफान हुसैन, अहिवरन सिंह, बनी सिंह, अनिल त्रिपाठी, आलोक सक्सेना, देवाशीष राय, दीपक श्रीवास्तव,वी एस कनौजिया, पवन शुक्ला, जगदीश यादव, आशीष यादव, अनुराग पाल, अमलेश जायसवाल आदि लोग मौजूद थे ।

# सड़क जाम समस्या से निपटने के लिए एसीपी पुलिस फोर्स के साथ सड़क पर उतरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में हाइवे और उससे जुड़े मुख्य मार्गों पर बेतरतीब वाहनों व प्रतिबंधित डग़गा मार वाहनों व ई रिक्शा के खड़े होने से लगने वाले जाम से निपटने के लिए एसीपी रजनीश वर्मा ने गुरुवार को पुलिस बल लेकर सड़क पर उतरे। और कस्बा चौराहे से मोहनलालगंज कोतवाली तक नो पार्किंग जोन घोषित कर मोहनलालगंज में सड़कों पर खड़े वाहनों के चालकों को सड़क पर गाड़ी खड़ी कर जाम की स्थिति पैदा न करने की हिदायत देकर लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील भी की। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि सड़क पर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए पहले चक्र में गोसाईगंज मोड पर स्थित पुलिस चौकी से लेकर थाना गेट तक नो पार्किंग जोन घोषित कर खड़े वाहनों को हटवाने के लिए मुहिम चलाई गई इस कार्य में मोहनलालगंज तहसील बार एसोसिएशन के प्रत्येक अधिवक्ता तथा अधिकारियों ,व्यापारियों , दुकानदारों ने भी सहयोग किया। एसीपी रजनीश वर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ मोहनलालगंज कस्बे में पैदल गश्त कर चार पहिया व दो पहिया वाहन सवारों को सड़क पर जाम की स्थिति पैदा न करने के लिए जागरूक किया और साथ ही सड़क जाम की समस्या से निपटने के लिए सहयोग बनाए रखने की अपील की। और चालकों को नो पार्किंग जोन में वाहन न खड़ा करने की अपील करने के साथ ही इस बात की हिदायत भी दी कि यदि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े मिले तो वाहन का चालान करने के साथ ही वाहन को सीज करने की कार्रवाई भी की जाएगी। एसीपी ने बताया कि आगामी दिनों में शशि पेट्रोल पंप से लेकर मोहनलालगंज जेल मोड़ चौराहा, एवं तहसीलदार आवास तक लगे जाम व अतिक्रमण हटवाने के साथ ही सड़क पर जाम न लगने की अपील की जायेगी। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा जाएगा कि सार्वजनिक हित में चलाया गया यह अभियान लोगों को दिखाई दे और कस्बे की सड़के जाम मुक्त रहें।

# पारा में 1 अवैध कॉम्पलेक्स व 12 रो-हाउस भवन सील




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बृहस्पतिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 3 की टीम ने पारा क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से किये जा रहे एक व्यावसायिक निर्माण व 12 रो-हाउस भवनों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि शारदा पाण्डेय व अन्य द्वारा पारा में मोहान रोड पर मेडा हॉस्पिटल के सामने लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा नागेन्द्र पाण्डेय व अन्य द्वारा पारा के सलेमपुर पतौरा में लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 12 रो-हाउस भवनों का निर्माण पूर्व में करवाया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन अवैध निर्माणों के ख़िलाफ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव व अवर अभियंता एसके सिंह व राम चौहान द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इन अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### कब्बड्डी में प्राथमिक विद्यालय गौरा की छात्राएं आई प्रथम



लखनऊ। मोहनलाल गंज के गौरा स्थित बेसिक विद्यालय की बालिकाओं ने जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (प्राथमिक स्तर) में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता चौक स्टेडियम लखनऊ में गुरुवार को आयोजित हुई , जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। अनुदेशक आरती दीक्षित ने बताया कि बेसिक विद्यालय गौरा की प्राथमिक स्तर की बालिकाओं ने कबड्डी में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने गर्व व्यक्त किया है। जिसमें अनुष्का, शिक्षा, सलोनी, काजल,प्रिया, प्रियंका, आस्था, पूजा, महक, सौम्या, रिमझिम,आशी ने जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । यह उपलब्धि विद्यालय की खेल अनुदेशक आरती दीक्षित के अथक परिश्रम और कुशल निर्देशन के कारण संभव हो सकी है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्या रुचि श्रीवास्तव ने कहा हमें अपनी बालिकाओं की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगी। छात्राओं के इस उपलब्धि के लिए बेसिक विद्यालय गौरा की हेमलता तिवारी समेत समस्त शिक्षिकाओं ने हार्दिक बधाई दी।

# बच्चों को स्कूल ले जा रहे ऑटो में पिकअप ने मारी टक्कर, बच्चों समेत ड्राइवर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज के भावाखेड़ा के पास घर से कॉलेज जा रहे बच्चों को ले जा रही आटो में एक तेज रफ्तार पिकअप डाले ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी वहीं टक्कर लगने के बाद आटो सामने खड़ी स्कोर्पियो में जा टकराई। घटना में आटो चालक समेत एक छात्र व दो छात्राएं घायल हो गई, हादसे में घायल तीनो बच्चे बहन भाई हैं। ग्रामीणों ने पुलिस के साथ कॉलेज प्रशासन को सूचना दी वहीं मौके पर पहुचे कॉलेज प्रशासन द्वारा घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया गया। वहीं पुलिस ने पिकअप चालक को मय वाहन थाने लेकर चली गई। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की सुबह निगोहां के मस्तीपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार का बेटा देवा कक्षा 11, बेटी स्वाती 8, व छोटी बेटी महिमा कक्षा 1के छात्र हैं जो निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस कॉलेज में पढ़ते है वही बच्चो के पिता महेंद्र भी इसी कॉलेज में गार्ड की नौकरी करता है। महेंद्र ने बताया कि उनके तीनो बच्चे गांव के ही अशोक के आटो रिक्शा से उनके बच्चों के साथ कॉलेज जाते हैं। गुरुवार सुबह उनके तीनों बच्चे आटो चालक अशोक के साथ कॉलेज जा रहें थे आटो चालक भावाखेडा गांव के पास पहुचा और एक परचून की दुकान के पास बच्चे कुछ सामना खरीदने लगे इसी दौरान लखनऊ की ओर से रायबरेली जा रहे तेज रफ्तार पिकअप डाले ने अनियंत्रित होकर आटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद आटो सामने खड़ी स्कॉर्पियो में जा टकराई। घटना में आटो चालक अशोक व तीनों छात्र घायल हो गए, वहीं घटना में आटो समेत स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस के साथ कॉलेज प्रशासन को सूचना दी वहीं पहुचे कॉलेज प्रशासन ने घायल तीनो छात्रों को उपचार के लिए मोहनलालगंज के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया जिसके बाद सभी बच्चे घर चले गए । वहीं सूचना पर पहुची कनकहा चौकी की पुलिस ने पिकअप चालक को मय वाहन थाने लेकर चली गई। वही ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप चालक नशे में था। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि दुर्घटना में मामूली रूप से घायल बच्चों को इलाज के बाद उनके घर भेज दिया गया है प्रार्थना पत्र मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यक्रम में जा रहे जिला पंचायत अध्यक्ष के सुरक्षा गार्ड से मारपीट, मुकदमा दर्ज

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के जुनाबगंज तिराहे पर बीती बुधवार- गुरुवार की रात एक कार्यक्रम में शामिल होने उन्नाव जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह के साथ जा रहे एक सुरक्षा गार्ड से वहां मौजूद कुछ लोगों का विवाद हो गया। विवाद में मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र सिंह ने स्थानीय थाने पर तहरीर देते हुए मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित पुष्पेंद्र के अनुसार वह रात के 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व अन्य 10-12 लोगों के साथ मोहनलालगंज एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे इसी बीच जुनाबगंज तिराहे पर लगे जाम को हटवाने के प्रयास में एक मारुति स्विफ्ट कार में बैठे हुए लोगों से गाड़ी साइड करने को लेकर विवाद हो गया जिस पर कार सवार लोगों ने तीन-चार कार भरकर और लड़के बुला लिए फिर कार सवार लोगों ने मेरे व अक्षय त्रिपाठी व नितिन सिंह उपरोक्त के साथ धक्का मुक्की, गाली-गलौज व लाठी डंडों से मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। गार्ड पुष्पेंद्र के अनुसार मारपीट करने वाले लोगों की जानकारी करने पर पता चला कि विपक्षीगढ़ पहाड़पुर गांव के रहने वाले अजीत सिंह सुजीत सिंह पुत्रगण गणेश सिंह, अनुराग सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह, राजू सिंह पुत्र शिवप्रकाश सिंह, अभय सिंह पुत्र रविंद्र सिंह व अन्य 10-12 लोग मारपीट में शामिल थे। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## यहाँ दोपहर 11 से शाम 4 बजे तक नहीं आएगी बिजली

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठाकुरगंज डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार ने बताया की बालाघाट व आजाद नगर पावर हाउस पर 6 दिसम्बर दिन बृहस्पतिवार को उपकेन्द्र के यार्ड में स्थापित पावर परिवर्तकों एवं 33 केवी लाईन के प्रोटेक्शन हेतु एन्टी काईट नेट लगाने का कार्य किया जाना है जिस कारण बालाघाट/आजाद नगर उपकेन्द्र से जिन क्षेत्रों की बिजली सप्लाई होती है जैसे रस्तोगी नगर, सरफराज गंज, कैटल कालोनी, राम नगर, मालापुरम, ओल्ड बालागंज, बन्सीलाल, एरा मेडिकल, रेलवे कालोनी, जलनिगम रोड, कैम्पवेलरोड, गौशाला, पुराना तोपखाना, बालागंज चौराहा, हरदोई रोड, मरी माता रोड, आजाद नगर, मरीमाता, यासीनगंज, बरौरा अम्बरगंज, समनान गार्डे न आदि की विद्युत आपूर्ति समय दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्ण या आंशिक रूप से बाधित रहेगी ।

## गोसाईगंज कस्बे में मानसिक विक्षिप्त महिला ने घर में लगाई आग

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे में मानसिक विक्षिप्त सनकी महिला पूजा ने घर में आतंक मचा रखा है। उसकी हरकतों से पति बच्चे व पड़ोसी सब सहमे हैं। बीती रात घर में आग लगा दी। डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस घर में पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पति राजीव दीक्षित व बेटी कनिका पुत्र विराट पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद डायल 112 पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत करने की कोशिश की लेकिन पुलिस के सामने भी गाली गलौज करती रहीं। लेकिन गुरूवार सुबह फिर घर में कोहराम मचा दिया। ईंट पत्थर से पति बच्चों पर हमला किया और पति के कपड़े जला दिए और चश्मा भी तोड़ दिया। पूरे मामले की लिखित सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी गई है। मानसिक विक्षिप्त महिला की एक बहन रमा गौड़ भी है वह भी मानसिक विक्षिप्त है। पूरे मोहल्ला के लोग महिलाओं से पीड़ित हैं। गंदी गंदी गालियां व ऊल जलूल हरकतों से पड़ोसी भी परेशान हैं। मानसिक विक्षिप्त महिलाओं को उपचार हेतु मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराने की मांग की है। महिलाओं से पत्नी व बच्चों को जान का खतरा बना हुआ है। महिला की बड़ी बेटी सोनाक्षी इतनी दहशत में है कि वह घर छोड़कर नाना के पास रह रही है। कई बार बच्चों पर भी जानलेवा हमला कर चुकी हैं और कॉपी किताबें फाड़ कर फेंक चुकी है। बेटे को स्कूल जाने से मना करती है। संभ्रांत व्यक्तियों व अधिकारियों के प्रति फ़ेसबुक व सोशल मीडिया पर हजारों आपत्ति जनक पोस्ट करती रहती हैं। जिससे संभ्रांत व्यक्ति भी परेशान हैं। है कोई संस्था जो मदद के लिए आगे आ सके।

# 21 लोगों पर बिजली चोरी में हुई एफ़आईआर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बिजली विभाग के लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के निर्देश पर ऐशबाग़ डिविज़न के अधिशाषी अभियंता एस के साहू व उपखंड अधिकारी ऐशबाग द्वारा टीम सहित ऐशबाग़ डिविज़न के कई क्षेत्र में फीडरों के हाई लाईन लॉस को कम किये जाने के उद्देश्य से अति संवेदनशील सघन आबादी वाले क्षेत्र में सुबह 5 बजे से लेकर 8 बजे के बीच विद्युत चोरी एवं राजस्व वसूली को लेकर सघन चेकिंग अभियन चलाया गया। इस दौरान चेकिंग टीम को कुछ लोग अपने विद्युत चोरी के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास करते देखे गये। ऐशबाग डिवीज़न में कुल 50 कनेक्शनों की सघन जांच की गई थी। चेकिंग के दौरान मौके पर कुछ उपभोक्ता डायरेक्ट केबिल डालकर एवं मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पाये गये। जिनमें से 21 आरोपियों के ख़िलाफ थाना एण्टी पावर थेफ्ट में धारा 135 के तहत मुक़्दमा दर्ज कराया गया है। साथ ही राजस्व वसूली के लिए 95 कनेक्शनों की जाँच की गई जिसमें से 84 उपभोक्ताओं का स्थाई बिजली कनेक्शन काटा गया और साथ ही चार लाख का राजस्व वसूल किया गया।

# जोन 4 में अभी भी नजर आ रहे हैं सड़कों पर गड्ढे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आदेश दिए थे। मुख्यमंत्री के आदेश का भी अधिकारीयों पर कोई असर नहीं हुआ। गड्ढे भरने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा जो समय सीमा निर्धारित की गयी थी, वो समय सीमा निकलने के बाद भी लखनऊ शहर में कई जगह अभी तक गड्ढे नहीं भरे गए हैं। लखनऊ नगर निगम ज़ोन 4 में अभी भी कई जगह रोड में जगह-जगह गड्ढे नजर आ रहे हैं। कॉलविन कॉलेज निशातगंज वार्ड में पहली गली में रोड पर अभी भी जगह-जगह गड्ढे है ।

# कांग्रेस और सपा का हिंदू विरोधी सेक्युलरिज्म : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### विपक्षी नेताओं का दोहरा मापदंड: हिंदू पीड़ितों पर मौन, आतंकवादियों के लिए संवेदनाएं



लखनऊ। संभल और संभल जाने को लेकर जारी ताजे विवाद और बांग्लादेश में लगातार हो रहे हिंदुओं के उत्पीड़न की ख़बरों के बीच सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्तपतिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर विपक्षी पार्टियों के स्टैंड पर निशाना साधते हुए करारा हमला बोला। डॉ. सिंह ने कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) से पोस्ट कर लिखा, ''कांग्रेस पार्टी की संवेदनाएं तब कहां चली जाती हैं जब हिंदुओं को प्रताड़ित किया जाता है, सनातन धर्म और आस्था को आहत किया जाता है ?? संभल जाने के लिए इतनी बेचैनी है ! विधायक ने बहराइच, कानपुर, पालघर की घटनाओं से लेकर इजराइल-फिलिस्तीन के मुद्दों पर भी कांग्रेस के स्टैंड पर सवाल उठाते हुए आगे लिखा,''लेकिन जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तब बहराइच का रास्ता क्यों नहीं दिखा? या फिर इसलिए नहीं गए क्योंकि हत्या एक हिंदू की हुई थी? ''कोलकाता के जिस नृशंस हत्याकांड ने पूरे देश झंकझोर कर रख दिया, आपको वहां जाने का समय नहीं मिला! कानपुर में जुमे की नमाज के बाद पत्थरबाजी की निंदनीय घटना होती है तब आप शांतिदूत बनकर क्यों नहीं जाते? हमास जैसे आतंकी संगठन के आतंकियों के एनकाउंटर पर तो संवेदनाओं से भरे ट्वीट आते हैं, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मुंह पर ताले पड़ जाते हैं। पालघर में जब संतों की निर्मम हत्या कर दी गई, तब आपकी गठबंधन की सरकार मूकदर्शक बनी रही । आज जब बांग्लादेश में एक हिंदू संत प्रताड़ित हो रहे हैं और उनके वकील पर हमला हो रहा है, तब आपका कोई वक्तव्य नहीं है !! कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी पर भी सवाल उठाते हुए डॉ. सिंह ने आगे लिखा,''वैसे तो कांग्रेसी नेता विदेशी धरती पर अपने ही देश को अपशब्द कहने से भी नहीं हिचकते। आजकल तो कांग्रेस और और समाजवादी पार्टी के बीच 'विशेष' वोट बैंक जुटाने की होड़ है। क्या आपकी सेक्युलरिज्म की परिभाषा सिर्फ हिंदू-विरोध तक ही सीमित है । बता दें कि सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न के विरोध में लगातार मुखर हैं। डॉ. सिंह ने भव्य जन आक्रोश यात्रा निकालने के साथ लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिन्दुओं के पक्ष में अपनी बात रखी है, सभी राजनीतिक - सामाजिक संगठनों को बांग्लादेशी हिन्दुओं के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान भी किया है।

## महिला हाकी : वाराणसी ने प्रयागराज को दी मात, मेरठ ने बरेली को हराया


लखनऊ। पं. दीनदयाल उपाध्याय सीनियर महिला हाकी प्रतियोगिता की शुरुआत गुरुवार को हो गयी। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज में शुरु हुई प्रतियोगिता में प्रदेश की सभी 18 मंडलों की महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। खेल के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह रहा। उद्घाटन अवसर पर खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे। उद्घाटन के दिन पहले मैच में वाराणसी ने प्रयागराज को 2-1 से हरा दिया। खेल की शुरुआत होते ही पहले मिनट में ही वाराणसी ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने के लिए कसरत करती रहीं, लेकिन दूसरे हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकीं। तीसरे हाफ में 40वें मिनट में वाराणसी की टीम ने पुनः एक गोल कर दिया, लेकिन अभी तक प्रयागराज की टीम कोई गोल नहीं कर सकी थी।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे घर की मूल रजिस्ट्री कापी कही खो गई है। जिसका कही भी उपयोग मान्य नहीं होगा। ऊषा रस्तोगी पिता-स्व. चन्द्र किशोर, पता- 443/540, मिश्रीबाग थाना ठाकुरगंज, लखनऊ।

# बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति तथा जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति तथा जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता के साथ अन्य मानकों को गहनतापूर्वक देखा जाये। साथ ही शासन द्वारा बनायी गयी शिक्षण विधियों का पालन संबंधित शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है, अथवा नहीं, इस पर भी समीक्षा की जाये। आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी मानकों को पूर्ण कराया जाये। टायलीकरण के कार्य को प्रत्येक दशा में 31 दिसम्बर तक पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। कार्यों में लापरवाही पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एलिया, ज्वाइंट बीडीओ महमूदाबाद, खण्ड शिक्षा अधिकारी सिधौली एवं खंड शिक्षा अधिकारी महोली का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी महमूदाबाद का जवाब तलब करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के कार्यों में लापरवाही पर सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। अनारम्भ कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की बैठक समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकार का डाटा संबंधित पोर्टल पर पूरी शुद्धता के साथ भराया जाये। शिक्षण कार्यों एवं निपुण परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षक कृष्ण कुमार, साबिर अली, प्रिया बाजपेई, नवनीत वर्मा, अमित जायसवाल, मीना दुबे, पंकज कुमार मिश्र, अमित कुमार एवं शिक्षामित्र पुष्पा देवी वर्मा, नीरज देवी, ममता देवी वर्मा, सीमा बानों आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र शाहू सहित संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान की खड़ी फ़सल को दबंगों द्वारा जबरदस्ती ट्रैक्टर जोत कर किया नष्ट व दी जान से मारने की धमकी ऑडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गरीब किसान ने ज़िलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार



लहरपुर सीतापुर ।लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुगलपुर निवासी बच्चू लाल पुत्र केदार नाथ ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है बच्चू लाल ने आरोप लगाया है कि भूमि गाटा संख्या 628ग/0.081हे0 व 628ख/0.125 हे0 भूमि का संक्रमणीय भूमिधर है उक्त भूमि पर मेरे द्वारा सरसों की फ़सल बोई थी पीड़ित की भूमि के निकट ही कुलदीप,संदीप कुमार, सतेन्द्र मौर्य पुत्रगण हीरा लाल मौर्य व धर्मेंद्र, जयदीप, गिरजाशंकर, पुत्रगण रामलखन व फकरूनिशा पत्नी इरफान अली, इरफान पुत्र उस्मान अली, रामसुमिरनी पत्नी रामसुमिरन, महेश व अर्जुन रोशन पुत्र बदलू ,मिथुन पुत्र हीरा, बदलू पुत्र भरोसे, हीरा पुत्र भरोसे आदि विपक्षीयों ने दिनांक 29,11, 2024 को खेत में बोई सरसों की फ़सल को ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया पीड़ित को जब इस बात की जानकारी होने पर पीड़ित द्वारा अपने खेत पर जाकर देखा तो सारी फ़सल नष्ट हो चुकी थी पीड़ित द्वारा जब विपक्षीयों से इस बात की जानकारी चाही तो उपरोक्त दबंगों द्वारा गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे जिसका एक आडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है जिसमें दबंगों द्वारा पीड़ित को लगातार धमकी दी जा रही है जिससे पीड़ित काफ़ी डरा सहमा हुआ है जिसका लिखित में एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी सीतापुर को देकर न्याय गुहार लगाई है अब देखना यही है कि जिला प्रशासन द्वारा जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाता है या नहीं ये तो जांच का विषय है।

# पुलिस महानिदेशक को उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिधौली सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रान्त सिधौली के कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिदेशक को उपजिलाधिकारी सिधौली के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि रामप्रकाश तिवारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड संरक्षक हैं। मामला पूर्व में दिनांक 26/09/2024 थाना अटरिया में एफआईआर 0268 पंजीकृत है।जबकि एफआईआर में राम प्रकाश तिवारी का नाम नहीं है और ना ही कोई लेना देना है इसके बावजूद क्षेत्राधिकार सिधौली द्वारा थाना कमलापुर में लगभग 6 घंटा बेवजह बैठाये रखा।संगठन के पदाधिकारी द्वारा फोन पर बात करने पर क्षेत्राधिकारी ने बताया राम प्रकाश तिवारी धारा 304 के अभियुक्त है। जबकि उपरोक्त एफआईआर व प्रार्थना पत्र में ना तो दोषी है और ना ही घटना से कोई संबंध है। उसके बावजूद भी क्षेत्राधिकारी द्वारा लगातार संगठन के सम्मानित कार्यकर्ता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर धनवाही का कार्य बड़े ही

## सिधौली नवागत क्षेत्राधिकारी पर घूस खोरी का लगाया आरोप

योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है नवागत क्षेत्राधिकारी अधिकारी से काफी कहने सुनने पर राम प्रकाश तिवारी को यह कहकर छोड़ा गया कि अगले दिन कार्यालय पर आकर मिलो अन्यथा मैं अवकाश पर चला जाऊंगा सिधौली क्षेत्र में पुलिस की भूमिका को क्षेत्राधिकार द्वारा लगातार धूमिल किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने क्षेत्राधिकारी सिधौली नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही पीड़ित को न्याय दिलाने व समाज में एक पुनरावृत्ति ना हो ऐसी कार्यवाही करने की मांग की है। अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी यह भी बताया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के नाम विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रांत प्रमुख बच्चें प्रसाद वाजपेई जिला मंत्री शिवम मिश्रा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राम मोहन शुक्ला शुभम मिश्रा आलोक त्रिपाठी मन्नू लाल तिवारी हरिओम शुक्ला आयुष रामगोपाल मिश्रा के साथ सैकड़ो की संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी के मरीजों की खोज, नये व्यक्तियों को संक्रमित होने से बचाने के उद्देश्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टी0बी0 के मरीजों की खोज, टी0बी0 से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और टी0बी0 से नये व्यक्तियों को संक्रमित होने से बचाने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से प्रदेश के 15 जनपदों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद में 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान के अन्तर्गत दिनाँक 07 दिसम्बर 2024 से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2025 तक चयनित जनसंख्या में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इस अभियान के अन्तर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में टी0बी0 के लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की जायेगी। टी0बी0 से पीड़ित व्यक्तियों में डिफरेंशिएटेड टी0बी0 केयर अप्रोच पद्धति को लागू कर पोषण संबंधी सहाता प्रदान कर मृत्यु की सम्भावना को कम किया जायेगा। इसके अतिरिक्त टी0बी0 रोगी के साथ रहने वाले व्यक्तियों, उच्च जोखिम वाली जनसंख्या यथा 60 वर्ष से अधिक आयु, 18.5 किग्रा/मी2 से कम बी0एम0आई0 वाली कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान व नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टी0बी0 रोगियों के साथ रहने वाले सदस्य, इलाज पूरा कर चुके टी0बी0 रोगी व एच0आई0वी0 ग्रसित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग के लिए माइक्रोप्लान तैयार कराकर गतिविधियाँ कराई जायेगी। इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें तथा जनभागीदारी बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाये। समय से मॉइक्रोप्लान प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त गतिविधियां आयोजित की जायें। जिलाधिकारी ने दिनांक-08 से 16 दिसम्बर 2024 के बीच संचालित होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 मनोज कुमार देशमणि द्वारा अपने प्रेजेंटेशन के द्वारा सभी अधीक्षकों को इन 100 दिवसों में अयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गयी तथा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा 04 मोबाइल वैन को इस अभियान के अन्तर्गत जोड़ा गया है जो कि जनपद के दूरस्थ स्थानों में निःक्षय शिविरों पर जा कर प्रचार-प्रसार करेंगी तथा व्यक्तियों की स्क्रीनिंग में सहायता करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह द्वारा समस्त अधीक्षकों को अपने अपने सी0एच0ओ0 के माध्यम से माइक्रोप्लान बना कर तत्काल प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त संदिग्ध मरीजों का ट्रू-नॉट, सी0बी0नॉट व एक्स-रे कराये जाने के लिए संबंधित कर्मचारियों की 02 शिफ्टों में ड्यूटी लगाकर लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र शाहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत धार्मिक स्थलों की गई चेकिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत धार्मिक स्थलों पर चेकिंग की गयी। जिनमें निर्धारित सीमा से अधिक आवाज में बजाये जा रहे लाउडस्पीकरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग के दौरान ऊंची आवाज में बजाये जा रहे लाउडस्पीकरो की आवाज को कम कराया गया एवम् संबंधित को निर्धारित सीमा में ही लाउडस्पीकर बजाने की हिदायत दी गयी।

# शिक्षकों के सहयोग से 50 छात्रों को वितरित किए गए नि:शुल्क स्वेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ।जनपद के सबसे प्राचीन विद्यालय उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर में आज विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय के 50 छात्रों को स्वेटर प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे के द्वारा वितरित किए गए इस अवसर पर छात्रों को स्वेटर वितरित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने कहा कि बदलते मौसमी तेवरो से निर्धन छात्रों

## बदलते मौसमी तेवरों से छात्रों को बचाना विद्यालय का दायित्व देवेंद्र

की रक्षा करना विद्यालय का दायित्व है इसी पर विचार करते हुए विद्यालय में शिक्षकों से विचार विवश किया गया इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षकों ने सहयोग करके 50 छात्रों हेतु स्वेटर की व्यवस्था की जिसे आज विद्यालय में वितरित किया गया उन्होंने बताया कि प्रयास रहेगा की हर छात्र ड्रेस में विद्यालय आए तथा उन्हें जो स्वेटर तथा जूते निशुल्क विद्यालय की ओर से दिए गए हैं उन्हें पहन कर ही विद्यालय में आए इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रभारी अमित त्रिपाठी संदीप शुक्ला डॉक्टर संदीप शुक्ला जगदीश यादव आलोक वर्मा अलका तिवारी प्रेम शंकर सुशील कुमार मनोज कुमार प्रधान संजीव कुमार मिश्रा काबिल हाशमी कुलदीप सिंह विश्वनाथ यादव आदि मौजूद थे।

## बांग्लादेश के खिलाफ एक्शन से क्यों कतरा रहे है प्रधानमंत्री : डॉ0 अतुल मिश्रा

सीतापुर। केसरिया हिंदू वाहिनी के संस्थापक डॉ अतुल मिश्रा ने देश के प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार के लिए जिम्मेदार लोगो के खिलाफ एक्शन किए जाने की अब जरूरत है,इससे भारत सरकार क्यों पीछे हट रही है। पूरे देश में एक राजनीतिक लाभ लेने के माहौल को बनाया जाना उतना जरूरी नहीं,जितना कि तत्काल कार्यवाही होने की जरूरत है। बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना और आतंकियों की एंट्री और हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की जानकारी आ रही है,ऐसे में भारत को तत्काल सैन्य कार्यवाही करके बांग्लादेशी हिंदुओं को भारत में लाना चाहिए, साथ ही साथ भारत से बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों को निकलने के साथ साथ ,आयात निर्यात,खेल और व्यापारिक तथा राजनैतिक सभी तरह के रिश्ते खत्म करना चाहिए । भारत सरकार किस पल का इंतजार कर रही है,जब हमारे हिंदुओं की लाशे बिछा दी जाएंगी,उसके बाद इस कार्यवाही का कोई मतलब नहीं होगा । बांग्लादेश की जमीन से आतंकियों और कट्टरपंथियों को तत्काल उखाड़ फेंकना चाहिए,क्योंकि पाकिस्तान और चीन बांग्लादेश को हथियार तथा अन्य मदद करके उसकी जमीन से भारत के खिलाफ षडयंत्र रचने का कार्य शुरू कर चुके है । अब ऐसे गलत लोगों के खिलाफ भारत को भी अपनी ताकत दिखानी चाहिए,और खत्म कर देनी चाहिए बांग्लादेश की हुकूमत को । हम भारत में विरोध प्रदर्शन और धरने देकर क्यों टाइम पास कर रहे है,ये पल राजनीतिक लाभ लेने का नहीं,अपने हिंदुओं की सुरक्षा का है और पूरा देश इस कार्यवाही का समर्थन करेगा । केसरिया हिंदू वाहिनी देश के लगभग सभी राज्यों में अपने पदाधिकारियों से आह्वाहन करती है कि वो अपने अपने जिलों में कलेक्टर को बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री से आग्रह का एक ज्ञापन सौंपे ।

## पुलिस अधीक्षक सीतापुर निस्तारण में प्रदेश में सीतापुर के 21 थानों को प्रथम स्थान



सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद के समस्त थानो को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जनसमस्याओ के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया है। उक्त दिए गए निर्देशो के अनुपालन के क्रम में जनपद के समस्त सर्किल/थानो द्वारा विगत माह जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो का शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण किया गया। जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण प्रदेश में जनपद सीतापुर के कुल 21 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## आखिर सकरन में शौचालयों के घोटाले बाज पंचायत सचिवों पर कार्यवाई कब

सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों को मिलने वाले 12 हजार के अनुदानित सहयोग की समूची रकम खाने वाले पंचायत सचिवों के कुकृत्यों की जांच कब जिसके चलते आज भी ग्राम पंचायत शाहपुर, कम्हरिया, पटना, पटनी, रेवान, सकरन, मोहारी, उमरा खुर्द, उमरा कला जैसी करीब आधा सैकड़ा ग्राम पंचायतों की आबादी खुले में शौच जाने को मजबूर। बार बार खबर प्रकाशन के उपरांत भी उच्चाधिकारियों के कान पर नहीं रेंग रही जूँ।

आखिर हजारों की संख्या में शौचालयों की लाखों की अनुदानित धनराशि हजम करने वाले पंचायत सचिवों के कृत्यों की जांच कब या सत्तासीन जनप्रतिनिधियों के कृपा पात्र बन चुके 2016 से 2020 तक सकरन की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शौचालयों की रकम हजम कर गरीब ग्रामीणों को खुले में शौंच जाने को मजबूर करने वाले यूं ही स्वच्छंद एयरकंडीशनयुक्त वाहनों में रहेंगे घूमते।गरीब किसानों मजदूरों को मिलने वाले शौचालयों का घोटालेबाजों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन जनमंच की यूनिट सकरन के पदाधिकारियों ने इस भ्रष्टाचार को उजागर कर दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के लिए जल्द ही ले सकता फैसला,इन बातों को बताते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज ने बताया कि जल्द ही प्रति ग्राम पंचायत सर्वे करवाने के साथ ही लाभार्थियों के शौचालयों का धन खाने वालों के खिलाफ जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर से संपर्क कर स्थिति से कराया अवगत जाएगा।

## मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौके पर मौत

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। अधेड़ पैदल बिसवां आ रहा था कि इसी बीच भोलागंज स्थित पुरैनी पुलिया के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे मैके पर ही उसकी मौत हो गई। गुरुवार को कोतवाली बिसवा इलाके के ग्राम भोलागंज स्थित पुरानी पुलिया के पास थाना सदरपुर के ग्राम हुलासपुरवा के निवासी सोहनलाल पुत्र श्यामलाल 55 वर्ष पैदल किसी काम को लेकर बिसवां आ रहा था कि इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा डा यल 112 को सूचना दी गई। मौके पर 112 व कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर मौके पर ही पीएम भर कर जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया है वही परिवार में कोहराम मच गया है ।

## ककराही पीएचसी पर तैनात सफाई कर्मी कर रहे मरीजों का ईलाज जिला प्रशासन बेखबर

हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएससी हरगांव के अन्तर्गत पीएचसी ककराही में तैनात सफाई कर्मी कर रहा मरीजों का ईलाज और दे रहा दवाई वही जानकारी होने पर मौके पर गए कैनविज टाइम्स टीम और यूपी की बात टीम आज सुबह दस बजे हरगांव क्षेत्र की ककराही स्थिति पीएचसी की मौके पर जांच पड़ताल की तो करीब ग्यारह बजे तक कोई भी डाक्टर व नर्स मौके पर मौजूद नहीं था । मौजूदा समय में सफाई कर्मी व उसकी पत्नी ने बताया कि डाक्टर दस बजे तक आते हैं । लेकिन बारह बजे तक वहां पर कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था । सफाई कर्मी से बात की गयी तो बताया इस समय पंकज डाक्टर की तैनाती ककराही पीएचसी पर की गई है आज वह छुट्टी पर हैं तो सावाल यह उठता है जब डाक्टर साहब छुट्टी पर हैं तो मरीजों की दवाईयां कौन देता है । सफाई कर्मी ने बताया कि जब कोई भी मरीज आता तो हमारे द्बारा ईलाज किया जाता है। आखिर सफाई कर्मी को किसके आदेश पर मरीजों को दवा देने का अधिकार प्राप्त है।इस मामले में हरगांव सीएचसी प्रभारी दिनेश त्रिपाठी को फोन किया गया तो फोन नहीं उठा पता चला जिलाधिकारी की मीटिंग में गये हुए हैं । सीतापुर जिले में जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कर रहे हैं कि सभी सीएचसी, पीएचसी,जिला अस्पताल में डाक्टरों की तैनाती के साथ साथ दवाईयों की कमी नहीं है । स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के दावे फ़ेल करते नजर आ रहे जिले पर बैठें अधिकारी, सूत्रों की मानें तो ककराही पीएचसी पर तैनात डाक्टर कभी कभार आते हैं तो कुछ फार्मा शिष्ट अपना निजी क्लीनिक व हांस्पिटल संचालित कर मरीजों का ईलाज कर रहे हैं। हरगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककराही पीएचसी में डाक्टरों की गैरमौजूदगी में सफाई कर्मी के द्बारा ईलाज किया जाना व मौजूद डाक्टरों का पीएचसी में समय पर न पहुंचना कहीं न कहीं हरगांव सीएचसी प्रभारी दिनेश त्रिपाठी संदेह के घेरे में आते हैं ।

# ककराही पीएचसी पर तैनात सफाई कर्मी कर रहे मरीजों का ईलाज, जिला प्रशासन बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव सीतापुर । सीएससी हरगांव के अन्तर्गत पीएचसी ककराही में तैनात सफाई कर्मी कर रहा मरीजों का ईलाज और दे रहा दवाई वही जानकारी होने पर मौके पर गए कैनविज टाइम्स टीम और यूपी की बात टीम आज सुबह दस बजे हरगांव क्षेत्र की ककराही स्थिति पीएचसी की मौके पर जांच पड़ताल की तो करीब ग्यारह बजे तक कोई भी डाक्टर व नर्स मौके पर मौजूद नहीं था । मौजूदा समय में सफाई कर्मी व उसकी पत्नी ने बताया कि डाक्टर दस बजे तक आते हैं । लेकिन बारह बजे तक वहां पर कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था । सफाई कर्मी से बात की गयी तो बताया इस समय पंकज डाक्टर की तैनाती ककराही पीएचसी पर की गई है आज वह छुट्टी पर हैं तो सावाल यह उठता है जब डाक्टर साहब छुट्टी पर हैं तो मरीजों की दवाईयां कौन देता है । सफाई कर्मी ने बताया कि जब कोई भी मरीज आता तो हमारे द्बारा ईलाज किया जाता है। आखिर सफाई कर्मी को किसके आदेश पर मरीजों को दवा देने का अधिकार प्राप्त है।इस

## बारह बजे तक नहीं मिले पीएचसी प्रभारी व मौजूदा स्टाफ

मामले में हरगांव सीएचसी प्रभारी दिनेश त्रिपाठी को फोन किया गया तो फोन नहीं उठा पता चला जिलाधिकारी की मीटिंग में गये हुए हैं । सीतापुर जिले में जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कर रहे हैं कि सभी सीएचसी, पीएचसी,जिला अस्पताल में डाक्टरों की तैनाती के साथ साथ दवाईयों की कमी नहीं है । स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के दावे फ़ेल करते नजर आ रहे जिले पर बैठें अधिकारी, सूत्रों की मानें तो ककराही पीएचसी पर तैनात डाक्टर कभी कभार आते हैं तो कुछ फार्मा शिष्ट अपना निजी क्लीनिक व हांस्पिटल संचालित कर मरीजों का ईलाज कर रहे हैं। हरगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककराही पीएचसी में डाक्टरों की गैरमौजूदगी में सफाई कर्मी के द्बारा ईलाज किया जाना व मौजूद डाक्टरों का पीएचसी में समय पर न पहुंचना कहीं न कहीं हरगांव सीएचसी प्रभारी दिनेश त्रिपाठी संदेह के घेरे में आते है ।

# गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियुक्त गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक कि चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने एवम् वांछित अपराधियों की नियमानुसार गिरफ्तारी एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री दिनेश शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तगण 1. रियाज पुत्र स्व0 मदहा उर्फ अहमद जान निवासी- नूरपुर थाना महमूदाबाद जिला-सीतापुर 2.सत्तार पुत्र मोहम्मद बक्श नि.केदारपुर थाना म0बाद जिला सीतापुर हाल पता-कस्बा फतेहपुर नाले के किनारे थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी को गुलरामऊ गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से क्रमशः एक अदद चाकू व एक अदद अवैध तमंचा, कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभि0 रियाज उपरोक्त थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 479/24 धारा 3/8 गोवध निवारण अधिनियम में वाछिंत है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी गोवध जैसे अपराध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले और इस्कान मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति कुशीनगर से जुड़े हजारों लोगों ने जिला मुख्यालय स्थित बुद्धा पार्क रवींद्रनगर में आक्रोश रैली कर कड़ा विरोध जताया। रैली के उपरांत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

गुरुवार को जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धूस स्थित बुद्धा पार्क में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता इकठ्ठा हुए। तत्पश्चात बंगलादेश में हिन्दूओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए हजारों हिंदुओं ने एक स्वर से कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और कृष्ण दास की गिरफ्तारी पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग करते हुए भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों समेत आरएसएस और भाजपा से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार अक्षम्य है। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान प्रान्त सह प्रचारक सुरजीत,

जिला प्रचारक आरएसएस प्रवीण, जिला कार्यवाह आरएसएस देवेंद्र, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार मिश्र, पं रत्नेश पाण्डेय, संजय सिंह पहलवान, मुकेश त्रिपाठी, जिला प्रचारक अभय, विभाग प्रचारक श्रृषि, अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशीनगर नगर पालिका राकेश जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, अमित मालवीय, सभासद सूर्यनाथ यादव, संजीव दुबे, अनुराग पांडेय, किरण सिंह, नूतन दुबे सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से होता है जन्म जन्मांतर के पापों का अंत : आचार्य सुदामा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर।पडरौना के तुलसी आवास विकास कालोनी फ़ेज टू पडरौना के गोस्वामी तुलसीदास पार्क में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा यज्ञ के प्रथम दिन वृन्दावन से पधारे कथावाचक आचार्य सुदामा जी महाराज ने श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य से परिचित कराया। गुरुवार की सायं कथावाचक ने कहा कि संसार के हर व्यक्ति का जीवन पारिवारिक, सांसारिक व शारीरिक यातना से संतप्त है। श्रीमद भागवत पुराण को वेदव्यास ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की स्थापना के लिए लिखा था। जिसका उन्मूलन श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से ही संभव है। यह कथा सांसारिक कीचड़ को सदा के लिए धो डालती है। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। उन्होंने माता पिता की सेवा को सर्वश्रेष्ठ भक्ति बताते हुए कहा कि इससे बड़ी कोई भक्ति नहीं है। मुख्य यजमान दिवाकर मिश्र व मंजू मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन कर किया। पं. दिनेश त्रिपाठी व नवनीत पांडेय ने मूल परायण पाठ किया। संगीतमई कथा में की बोर्ड पर सुदेश मिश्र, तबला पर विनय शर्मा, आक्टोपैड पर विनीत त्रिवेदी ने संगत की। इसके पूर्व कथा के निमित्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक ने बताया कि यज्ञ का समापन 11 दिसंबर को पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण के साथ होगा। संचालन मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान कृष्ण मोहन मिश्र, सुनील कुमार मिश्र, आलोक कुमार मिश्र, पंकज कुमार मिश्र, नीलिमा, नीलमणि, सूरज, अतुल, ऋद्धिमा, कौस्तुभ, परिणिति, पायल, संजय चौबे, तेज प्रताप सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# थाईलैंड के नौवें राजा के जन्मदिन पर भिक्षुओं ने की विश्व कल्याण की कामना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। अंतरराष्ट्रीय बुद्ध स्थली स्थित थाई मन्दिर परिसर में थाईलैंड के नौवें राजा दिवंगत भूमिबोल अदुलयदेज के जन्मदिन पर भिक्षुओं ने बुद्ध ने बुद्ध का पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की।

थाई मन्दिर के मुख्य भन्ते डा. पी सोम पोंग निर्देशन में भन्ते पी सों क्रान, भन्ते पी नरोंग, भन्ते डा. नन्द रतन, भन्ते पी पवीन, भन्ते पी किटिफान, भन्ते पी बुन मा, भन्ते पी आट, भन्ते पी जुट, भन्ते फ्रा अनुवत, माता जी सू, भन्ते कुन्चुक लामा, भन्ते नंदिका, भिक्षु शील प्रकाश, भन्ते समित, भन्ते शीलवासा, भन्ते आलोक, भन्ते विनय कीर्ति, भन्ते मुलायम, भन्ते राजेंद्रा, भन्ते शीलवासा ने महापरिनिर्वाण मन्दिर में जाकर तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष विशेष पूजन किया। इस अवसर पर अम्बिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, गौतम शर्मा, सूरज यादव, विवेक गोंड आदि मौजूद रहे।

# श्रम विभाग ने कसया ब्लॉक सभागार में श्रमिकों को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग के कर्मचारी दिनांक 04 और 05 दिसंबर को मजदूरों को विभाग में पंजीयन/नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया।

ज्ञातव्य हो कि गुरुवार को ब्लॉक सभागार कसया में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र और श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार मजदूरों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यू पी बी ओ सी डब्ल्यू के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराकर विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के जागरुक किया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों की कल्याण मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना कन्या विवाह सहायता योजना अटल आवासीय विद्यालय योजना मृत्यु एवं दिव्यांगत सहायता एवं आक्षमता पेंशन योजना आदि संचालित की जा रही है जिसका लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दे है इस दौरान रामायण प्रजापति इंदु देवी मंजू देवी रिंकू देवी गणेश राम प्रताप चौधरी निजामुद्दीन अच्छेलाल गोद अर्जुन यादव केदार वर्मा उषा देवी सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

# भाकियू अध्यक्ष नरेश चौधरी को नोएडा जाने से रोका

एजेंसी

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष नरेश चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नोएडा जाने से रोक दिया।

नोएडा में चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को नरेश चौधरी ने गजरौला से कूच करने का ऐलान किया था लेकिन पुलिस ने बुधवार की रात 11 बजे ही चौधरी को उनके आवास मोहल्ला चौधरी चरण सिंह नगर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह को किसान भवन दरियापुर एवं मुख्य सचिव अरुण सिद्धू को कांप्लेक्स गजरौला पर नजर बंद कर दिया गया था। श्री चौधरी ने कहा कि किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसलों के सही दाम की मांग को लेकर दिल्ली कूच कर सरकार को जगाना चाहते हैं तो इसमें गलत क्या है। राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती नहीं है फिर ऐसे में किसान दिल्ली क्यों नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग,वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण वाहन तथा पुलिस बल की तैनाती देखकर लगता है कि सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती हैं। उन्होने आरोप लगाया कि किसान व खेती खत्म करने के लिए इससे पहले भी तीन काले कानून बनाए थे।किसानों के आंदोलन के बाद सरकार ने 19 नवंबर 2021 में तीनों कानून वापस ले लिए थे।उसी समय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति का गठन किया गया था। समिति के गठन के तीन साल बाद भी सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने में बुरी तरह विफल रही है। इस तरह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी न देकर किसानों के साथ धोखा किया गया है।अब दिसंबर माह में एसकेएम द्वारा दिल्ली कूच का ऐलान किया गया है तो सरकार किसानों के संघर्ष को बर्बरतापूर्ण दबाने का प्रयास कर रही है। यदि सरकार किसानों का आंदोलन समाप्त करवाना चाहती है।

# बारात जा रहे दो युवकों की मार्ग दुर्घटना में मौत

कुशीनगर। कसया थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर- 8 पंडित राजमंगल पाण्डेय नगर (सपहा लक्ष्मीपुर) व हफुआ सलेमगढ निवासी दो युवक की मार्ग दुर्घटना में बुधवार की देर रात मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार उक्त वार्ड निवासी विवेक जायसवाल पुत्र रामाकांत जायसवाल उम्र 20 वर्ष अपनी मौसी के लड़के अमित जायसवाल निवासी हफुआ सलेमगढ के साथ बाइक से रिश्तेदारी से बिहार जा रही बारात में शामिल होने जा रहा था। बुधवार की देर रात कुचायकोट बिहार में किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। खबर मिलते ही परिवार तथा गांव में मातम छा गया।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पत्रकारों की समस्या और उसके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के मौजूदगी मे कार्यक्रम संपन कराने पर किया गया विचार



कुशीनगर । श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई कुशीनगर की बैठक गुरुवार को संगठन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित जिला सूचना कार्यालय मे आयोजित की गयी बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उसके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा के मौजूदगी मे कार्यक्रम संपन कराने पर विचार किया गया। बैठक का संचालन महासचिव संजय चाणक्य ने किया। बैठक में पूर्व की कार्रवाई पर चर्चा के बाद यूनियन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन द्वारा राष्ट्रीय और प्रान्तीय स्तर पर पत्रकारों के हितों के लिये अनेक प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परस्पर एकजुटता से ही समस्याओं का समाधान निकलेगा। संगठन के संरक्षक मिथलेश्रर पाण्डेय व सलाहकार समिति के वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा के साथ वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी कराने के लिए तिथि निर्धारित करने की बात कही। यूनियन के उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्रा, उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, संगठन मंत्री बीबी त्रिपाठी ने संगठन के विस्तारीकरण पर जोर देते हुए कहा कि कुशीनगर मे दो टोल प्लाजा है और पत्रकारों को अपने ही जनपद में खबर कबरेज करने के लिए टोल ट्रैक्स देना पडता है। उन्होंने कहा कि संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर अपने जिले मे पत्रकारों को टोल ट्रैक्स से मुक्त करने के लिए पत्रक सौपेगा। कोषाध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला सचिव आदित्य श्रीवास्तव, जिला सचिव शम्भू मिश्रा, जिला सचिव दीपक मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव आदि ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने व सदस्यों के नवीनीकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण मोहन पाण्डेय, राकेश गोड, अशोक सिह, गौरव मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, उपेन्द्र तिवारी, उमर फारुख, साजिद अंसारी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# मशिसं (विविगु) के जिलाध्यक्ष बने नियामत अली व ज्ञानेश्वर मण्डल अध्यक्ष





कुशीनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्त विहीन गुट) के प्रदेश अध्यक्ष और एमएलसी व नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव ने नियामत अली को जनपद कुशीनगर का जिलाध्यक्ष व ज्ञानेश्वर सैनी को मण्डल उपाध्यक्ष गोरखपुर मण्डल मनोनीत किया है। मशिसं (वित्त विहीन गुट) के प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने पत्र जारी कर कौमी एकता गर्ल्स इंटर कालेज गुरवलिया बाजार प्रबन्धक श्री अली को जिलाध्यक्ष कुशीनगर व निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री सैनी को मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की है। मनोनयन पर सदस्य राज्य कार्यकारिणी (विशेष आमंत्रित )समाजवादी पार्टी उतर प्रदेश एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्त विहीन गुट ) पुरन्दर प्रताप यादव, प्रधानाचार्य गण रामप्रवेश यादव, राजेश सिंह, जेपी यादव, आरडी यादव, अवधेश चौरसिया, महन्थ कुशवाहा, श्री नारायण सिंह कुशवाहा, देवेन्द्र प्रताप यादव, कन्हैया वर्मा, पन्ने लाल यादव, ब्रजेश पांडेय, संवरू यादव, सत्यनारायण सिंह, अशोक सिंह, धर्मदेव यादव, राजेश कुशवाहा, राजेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, जेपी वर्मा, नन्द किशोर यादव, अब्दुल रहमान, महातम कुशवाहा, कलाधर त्रिपाठी, राघवेंद्र मिश्रा, मोतीलाल खरवार, नियाज अहमद, शरीफ अंसारी, संजीव राव, बलराम कुशवाहा, सुनील वर्मा, महेंद्र सिंह, रमेश प्रसाद, राजू तिवारी, सतीश श्रीवास्तव, सुनीता कुशवाहा सहित संगठन से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

# खुशी ढूंढ़ने के लिए वजह की जरूरत नहीं होती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ऋषि राज मिश्रा मेमोरियल फाउंडेशन की तरफ से निर्देशक प्रियंका मिश्रा और उनके सहयोगी वर्शा , इंदिरा पाठक , कविता मिश्रा , नीलम मिश्रा, उर प्रतिभा ने नया पुरवा गांव, अंसल में बच्चों को गर्म कपड़े, महिलाओं को शॉल, और सभी को फल, बिस्कुट और अन्य जरूरी सामान प्रदान किया। साथ ही, आने वाली सर्दी से बचाव के उपायों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में लोगो को जागरूक भी किया। इसके अलावा संस्था की ओर से सभी से आह्वान किया कि अपनी खुशी के लिए दूसरों की मदद करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर लोग समाज को मजबूत बनाएं। इस प्रयास हम सभी उन बच्चों के जींवन स्तर में सुधार ला सकेंगे जो झुग्गियों में रह कर समाज के मुख्य धारा से दूर रहते है।

# डेढ़ लाख पौधों से महाकुम्भनगर बनेगा 'ऑक्सीजन फॉरेस्ट'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार स्पेशल हाईडेंसिटी ऑक्सीजन फॉरेस्ट का आनंद मिलेगा। डेढ़ लाख पौधों से महाकुम्भनगर को इस तरह संवारा जा रहा है, जिससे देश विदेश से यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त प्राणवायु तो मिले ही, साथ ही प्रकृति की खूबसूरती देखकर इस बार का महाकुम्भ यादगार बन जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भनगर के प्रमुख चौराहों के साथ साथ यहां आने वाले प्रमुख राजमार्गों को भी प्राकृतिक रूप से सजाने संवारने का काम चल रहा है। जिला वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार यादव ने गुरुवार को बताया कि महाकुम्भ में कुल एक लाख 49 हजार 620 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसमें एक लाख 37 हजार 964 पौधे अभी तक लगाए भी जा चुके हैं। 10 दिसंबर तक महाकुम्भ में पौधारोपण का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाएगा। महाकुम्भ क्षेत्र में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं का स्वागत 50 हजार खूबसूरत पौधे करेंगे। जिनकी सुंदरता देखकर देशी विदेशी पर्यटक खासे उत्साहित नजर आएंगे।

हरित महाकुम्भ को तैयार करने में वन विभाग की टीम युद्धस्तर की तैयारी कर रही है। पूरे महाकुम्भनगर में हर सड़क हर चौराहे पर खूबसूरत पौधे लगाने का काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले ही महाकुम्भनगर पूरी तरह से हरा भरा नजर आएगा। प्रयागराज में वन विभाग के आईटी हेड आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाकुम्भनगर के अंदर तथा शहर को जोड़ने वाले प्रवेश और निकास मार्गों को शोभाकर पौधों से सजाया जा रहा है। यहां थीमैटिक रोपण कर 50 हजार सीमेंट गार्ड, 10 हजार गोल आयरन ट्री गार्ड, 2500 चौकोर आयरन गार्ड सहित तमाम कार्य किए जा रहे हैं। सरस्वती हाईटेक सिटी में एक हाईडेंसिटी ऑक्सीजन फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। यह ऑक्सीजन बैंक और नगर वन के रूप में कार्य करेगा। सरस्वती हाइटेक सिटी के अंतर्गत 20 हेक्टेयर में 87120 पौधे लगाए जा रहे हैं, जो देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भनगर में 18 मार्गों पर 190 किलोमीटर के दायरे में करीब 50 हजार पौधे लगाए जाने का काम चल रहा है। महाकुम्भनगर के शहरी क्षेत्र में 2500 पौधे लगाए जा चुके हैं। 50 हजार पौधे प्रमुख रूप से प्रयागराज-अयोध्या मार्ग, प्रयागराज-वाराणसी मार्ग के साथ ही लखनऊ, मिर्ज़ापुर, रीवा और बांदा समेत 18 मार्गों पर लगाने का काम चल रहा है। गंगा तटीय क्षेत्र में 10 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। विशेष तौर पर झूंसी, अरैल और फाफामऊ के किनारे, पक्का घाट पर सजावट का काम चल रहा है। महाकुम्भनगर के शहरी क्षेत्र, पक्का घाट से लेकर हाईटेक सिटी तक करछना रेंज में विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं।

जिसमें गोल्ड मोहर, कचनार और अमलतास के पौधे करीब ढाई हजार की संख्या में लगाए गए हैं। गंगा नदी के किनारे पूरे तटीय क्षेत्र को हरा भरा किया जा रहा है। हरित महाकुम्भ के अंतर्गत महाकुम्भनगर में पौधारोपण के तमाम विकास कार्य चल रहे हैं। गंगा नदी के किनारे खासकर बाएं तटीय क्षेत्र में अर्जुन के 3000 पौधे लगाए जा रहे हैं।

## notice

Shanti Bhushan Pathak publicly declare that my daughter Yogyata Pathak has passed out ICSE 2023 exam with UID 7912701. The correct father's name is Shanti Bhushan Pathak. Shashi Bhushan Pathak printed in SOM and PC issued by the council is wrong.

# तेज रफ़्तार कार पेड़ से टकराने के बाद धू-धू कर जली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के बजाज कुंदरखी चीनी मिल्स के निकट दर्जी को मनकापुर मार्ग पर तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा भिड़ी।भिडंत इतनी तेज थी कि कार पलट गईं,जिससे कार धूं-धूं कर जल उठी।तेज आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और शीशा तोड़ कार सवार चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।घटना बुधवार रात की है।बताया जाता है कि गोण्डा शहर निवासी अमित दूबे अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में शामिल होने मसकनवा गए थे।रात लगभग साढ़े 11 बजे वह गोण्डा वापस आ रहे थे।वे कुंदरखी बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल्स के समीप पहुंचे तो उनकी कार एकाएक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई,और पेड़ से जा टकराई।इससे कार में आग लग गई।देखते ही देखते कार धूं-धूं कर जलने लगी।इधर कार को जलते देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए।आनन-फानन जलती कार का गेट खोलक़र ग्रामीणों ने कार सवार सभी चार लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में कार सवार तीन पुरुष और एक बच्चा शामिल था कार में सवार बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को नजदीक स्थित सरकारी अस्पताल भेजा गया जहाँ पर डॉक्टर के न मिलने पर इलाज के लिए गोण्डा मेडिकल कालेज भेज दिया इलाज के बाद डाक्टरों ने घर भेज दिया है।

# शहर की सफाई व्यवस्था देखने निकले कमिश्नर व डीआईजी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का किया औचक निरीक्षण

शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिये निकले कमिश्नर व डीआईजी अचानक जिला अस्पताल पहुंच गये।आयुक्त व डीआईजी ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आपातकालीन चिकित्सक अतुल मिश्रा तो मौजूद पाए गए पर अधिकांश स्टाफ नदारद मिला।इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए की सभी कर्मचारी प्रत्येक दशा में अपने ड्यूटी के समय अस्पताल में उपस्थित रहे। भविष्य में दोबारा ऐसी लापरवाही मिली तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर को अस्पताल के कई स्थानों पर साफ सफाई व्यवस्था भी खराब मिली और शौचालय भी साफ नहीं मिला।इस पर आयुक्त ने काफी नाराजगी व्यक्त की।निरीक्षण के दौरान मरीजों ने कमिश्नर को बताया कि कई दिनों तक मरीजों के बेड के चादर नहीं बदले गए हैं।जिसको लेकर के कमिश्नर देवीपाटन मंडल ने पूरे मामले में जांच करके अधिका रियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

गोण्डा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर व डीएम को शहर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के दिए गए निर्देश के क्रम में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के साथ गुरूवार की सुबह सुबह पांच बजे शहर में घूम घूम कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।इसके अलावा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने भी शहर की सफाई व्यवस्था की हकीकत को जाना।उन्होंने भी शहर के कई स्थानों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुरानी सब्जी मंडी,चौक बाजार,भारत मिलाप चौराहा, महाराज गंज,पूरे शिवा बख्तावर,मुन्नखां चौराहा,राधा कुण्ड, माल वीय नगर,गुड्डूमल चौराहा,रानी बाजार,अंबेडकर चौराहा, फोरबिसगंज चौराहा,पकड़िया चौराहा,राजकीय हाउसिंग कॉलोनी,जेल रोड आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कई स्थानों पर तो उचित साफ सफाई मिली परंतु कहीं जगह पर कूड़े का ढेर मिला। आयुक्त ने संबंधित क्षेत्र के सफाई कर्मचारी एवं सफाई नायकों को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी वार्डों में सफाई का कार्य, कूड़ा कलेक्शन समय से कराया जाय साथ ही सफाई कर्मचारी एवं अन्य लोगों को कूड़े को ना जलाने के लिए जागरूक किया जाय।

# एसपी ने नगर क्षेत्र में भोर गश्त सुरक्षा और कानून व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा नगर क्षेत्र में सुबह गश्त करते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया और शहर के प्रमुख चौराहों,तिराहों,सर्राफा मार्केट,मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य चिन्हित स्थानों का भ्रमण करते हुए पुलिस पिकेट आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आमजन मानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया।पुलिस अधी क्षक ने भोर में निकलने वाले आमजनमानस से जनसंवाद स्थापित कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया है और लाउडस्पीकर के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों निर्देशों के आनुपालन के संबंध में शहर के धार्मिक स्थलों पर जाकर अनुयायियों एवं सम्बन्धित से वार्ता किया गया तथा सम्बन्धित गाइडलाइन से अवगत कराते हुए शान्ति एंव कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु बताया गया तथा सभी से आपसी भाईचारा,शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई,साथ ही बताया गया कि संवेदनशील स्थलों,सार्वजनिक प्रतिष्ठानों,सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों,रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।आवाग मन के मार्गों,संवेदनशील स्थलों,मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है जिले के बार्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों,वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।भोर गश्त'' के दौरान जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

# ब्लॉक पड़रीकृपाल टिकरिया और केवलपुर में कागजों पर चल रहा मनरेगा,जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है.लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और कमीशनखोरी के वजह से यह भष्ट्राचार कि भेट चढ़ चुका है न तो मजदूरों को रोजगार मिल रहा और ना ही रास्ता ड्रेन सफाई मिट्टी कार्य भी हो रहा है और बिना काम कराये लाखों का भुगतान हो रहा हैं।विकास खण्ड में कार्यरत जिम्मेदारों की मिली भगत से सरकारी धन का जम कर बंदर बाट हो रहा हैं। जिले के पंड़री कृपाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत टिकरिया गाँव में मनरेगा के कार्यों में भारी गड़बड़ी की जा रही है। कागजों में दो स्थानों पर मिट्टी पटाई आदि का काम दर्शा दिया जाता है।तीन दिन सिर्फ तलाब पर मजदूरों को लगाया गया है और तालाब पर बंधे पर मिट्टी पिटाई का कार्य कराया गया है,लेकिन मंगलवार तीन दिसंबर को 147 श्रमिकों का मास्टर रोल कागज में चल रहा था। वही पुरानी फोटो अपलोड कर दी जाती है मगर मौके पर एक भी मजदूर काम नहीं करता मिला है।प्रधान व रोजगार सेवक और सचिव के की मिलीभगत से बिना काम कराए ही मजदूरी का भुगतान करा दिया जा रहा है।पड़री कृपाल विकासखंड अंतर्गत मंगलवार को टिकरिया गांव में गाटा संख्या 304 में माधव राज के खेत के पास तालाब पर मिट्टी पटाई का कार्य मस्टर रोल में चल रहा था लेकिन उसे दिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं थे।तथा दूसरा कार्य क्षेत्र पंचायत सालपुर सेमरा राम तीरथ खेत से टिकरिया टयूबुल होकर रामापुर तक मिट्टी पटाई के कार्य 15 मस्टर रोल में 147 मजदूर लगा होना दर्शाते हुए आन लाइन अपलोड किया।इतना ही नहीं इसमें फोटो भी लोड की गई।मगर हकीकत कुछ और थी।उक्त दोनों स्थानों पर एक भी मजदूर कार्य करता नहीं मिला।वही एक गाँव के व्यक्ति ने नाम न छपने कि शर्त पर बताया है कि दोनों जगह पर आज काम बंद है।इसी तरह केवलपुर ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 358 कुशहवा तालाब में बंधे पर मिट्टी पटाई सुंदरीकरण के कार्य में बीस मजदूर लगाकर आन लाइन दर्शाए गए।लेकिन यहाँ पर तालाब में पानी भरा हुआ है मौके पर एक भी कार्य नहीं चल रहा है और मस्टर रोल में बीस मजदूर एक दिसम्बर से लगातार कागज में चल रहे हैं।आश्चर्य तो यह है कि इन कार्यों को देखने के लिए सभी जगह पर सहायक टेक्नीशियन की तैनाती है।इसके बावजूद प्रधान, रोजगार सेवक और सचिव के द्वारा फर्जीबाड़ा किया जा रहा है।इस संबंध में जब मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मोतीगंज पुलिस की सरपरस्ती में हरियाली के सीने पर चल रहा आरा, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सूबे की सरकार भले ही पर्यावरण संरक्षण को बनाये रखने के लिए प्रति वर्ष करोड़ों की संख्या में पौधें लगवाकर एवं हरे पेड़ों का कटान बन्द कराकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने का कार्य कर रही हो लेकिन उनकी ही सरकार में स्थानीय पुलिस और वन विभाग में जिम्मेदार की कुर्सी पर बैठकर खुद वन माफिया बन गए हैं और पुलिस विभाग के अधिकारियों से लेकर वन विभाग के अधिकारी योगी सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरते नजर आ रहे हैं।थाना मोतीगंज क्षेत्र स्थानीय पुलिस जिम्मेदार अधिकारी अपनी खाऊ कमाऊ आदत्त के चलते लकड़ी कटान माफियाओं से अच्छी खासी रकम लेकर हरे भरे

आम के फल दार पेड़ों पर आये दिन आरा चलवा रहें हैं। जो योगी आदित्यनाथ की सरकार के मंसूबों पर पानी फ़ेरते नजर आ रहे हैं।बताते चलें कि यहाँ मोतीगंज थाना क्षेत्र के छजवा गाँव में बिना परमिट के स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से बिना कोई सम्बंधित विभाग के परमिशन के लकड़कट्टों के द्वारा आम के हरे-भरे पेड़ों पर रातों रात हरियाली के सीने पर आरा चलाकर हरियाली को उजाड़ दिया गया।उपरोक्त मामले एसडीओ ने बताया कि मामले की जानकारी नही,अगर बिना कोई परमिशन के पेड़ काटे गए हैं,तो मौके पर टीम भेजकर जांचकर सम्बंधित पेड़ मालिक व लकड़ कट्टों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# गजेंद्र सिंह आत्महत्या में मोतीगंज पुलिस की जांच पर भारी चीनी मिल के अधिकारियों का रसूख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सात दिन बीत जाने के बाद बजाज कुंदरखी चीनी मिल्स के आरोपियों की गिरफ्तारी की हिम्मत नहीं जूटा पा रही मोतीगंज पुलिस

गोण्डा । जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरखी बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल के अधिकारियों के सियासी रसूख के आगे मोतीगंज पुलिस नतमस्तक है।बजाज चीनी मिल में फिटऱ गजेंद्र सिंह आत्महत्या मामले की विवेचना एसएस आई राम भवन पासवान कर रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक मोतीगंज पुलिस पर तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी न करने का जबरदस्त दबाव है।जिले में बैठे बड़े ओहदेदार कथित आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं।पीड़ित परिवार की मानें तो योगी राज्य में गोण्डा पुलिस 'गुनहगारों' को बचा रही है। आत्महत्या को लेकर विवश करने के आरोप में बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड पीएन सिंह,(एचआर ) कमलेश कुमार और राजू सिंह तीन अधिकारियों पर गभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।जिन तीन और व्यक्तियों के नाम हैं उनके आगे मोती गंज पुलिस बौनी साबित हो रही है।

### पुलिस कि एक तरफा कार्यवाई और मिल के अधिकारियों की प्रताड़ना से की आत्महत्या गजेंद्र ने

बजाज चीनी मिल कुंदरखी में फिटर मैकेनिक के पद पर कार्यरत गजेन्द्र सिंह द्वारा मिल के अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की घटना को पांच दिन बीत गए।इस मामले में यूनिट हेड,एचआर मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।इससे मृतक के परिजनों का योगी सरकार में न्याय से भरोसा उठता जा रहा है।बताते चलें कि जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में स्थित बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल कुंदरखी में फिटर के पद पर कार्यरत मुरादाबाद जिले के इस्लामनगर (रामपुर) थाना भोजपुर के रहने वाले गजेन्द्र सिंह ने 29 नवंबर को करीब 250 गोलियां खा ली थी।गंभीर हालत में उसे गोण्डा मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसने रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दम तोड़ दिया था।इस मामले में गजेन्द्र की पत्नी रूबी सिंह का कहना है कि उसने 27 नवंबर को ही मोतीगंज पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें चीनी मिल के यूनिट हेड,एचआर मैनेजर व एक अन्य पर अपने पति को प्रताड़ित करने,जान से मरवा देने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे,लेकिन इस पर मोतीगंज पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।उसने बताया कि 29 नवंबर की रात उसके पति गजेन्द्र की मौत के बाद मोतीगंज पुलिस उल्टे ही मृतक के खिलाफ एससी एसटी का गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था गजेंद्र सिंह की मौत के बाद पहली दिसंबर को आनन-फानन में बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड पीएन सिंह, एचआर मैनेजर कमलेश कुमार व राजू सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 352, 351(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया,लेकिन इस मामले के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें पुलिस का तनिक भर भी डर नहीं है।वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर क्षेत्र में मोतीगंज पुलिस की खूब छीछालेदर हो रही है।लोगों द्वारा मोतीगंज पुलिस की एक तरफा कार्यवाही पर उंगलियां उठाई जा रही हैं।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच उत्तर प्रदेश की ओर से जनपद बहराइच में नगर क्षेत्र में स्थित तारा महिला इंटर कालेज में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ,, इस शिविर में कॉलेज लगभग 400 से अधिक छात्राओं और शिक्षिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,, उपरोक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद, बहराइच की अध्यक्षा श्रीमति सुधा टेकरीवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ज़िला अध्यक्ष बी जे पी श्री श्याम करण टेकरीवाल,, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके बांदिल बहराइच,, श्रीमति उर्मिला शुक्ल,,बी जे पी महिला मोर्चा बहराइच,, ज़िला महामंत्री,, ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया,, शिविर में डॉ गर्वित मल्होत्रा ने दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ,, डॉ देवेंद्र पाल सिंह ने,, नेत्र रोग विशेषज्ञ,, डॉ जहीन खान ने नेत्र रोग विशेषज्ञ,, डॉ शमशाद खान ने नेत्र रोग विशेषज्ञ,, डॉ बलजीत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ,,डॉ फरहाना स्त्री रोग विशेषज्ञ,,डॉ दीप्ति मिश्रा ने स्त्री रोग विशेषज्ञ,, डॉ मकबूल जाफरी ने फिजिशियन,,डॉ माधुरी ने फिजिशियन ,, डॉ एम नदीम खान ने नाक कान गला रोग विशेषज्ञ,, डॉ दीप नारायण पाल ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की संस्थाक के अध्यक्ष जसवीर ने बताया कि ऐसे शिविर के आयोजन करने का उद्देश्य होता है जिसे बच्चों को स्वस्थ संबंधित प्रशिक्षण एवं जानकारी मिल सके एवं सरकार के द्वारा आयोजित स्वास्थ संबंधित जानकारी सभी तक पहुंच सके। शिविर में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह,,सचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमति चरन जीत कौर जी ने किया,, संस्थान के अन्य पदाधिकारियों में शिवम् कुमार,, प्रबंधक जगदीश केशरी,, संयोजक स्पर्श शुक्ला, संयोजक पंकज कुमार सदस्य यशराज दुबे, संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा,, आदि भी उपस्थित रहे,, कॉलेज की प्राचार्या श्री मति अंजू उपाध्याय ने संस्थान के द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित हुई जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश तथा जिला विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाराज सिंह इण्टर कालेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 35 विद्यालयों से कुल 106 मॉडल के साथ लगभग 300 बच्चो ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल मुख्य अतिथि रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय सिंह उर्फ अज्जू रहे। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में आश्रम पद्धति विद्यालय चिरैयाटांड की रूबीना, ए.डी. पब्लिक स्कूल, रुकनापुर की माहनूर, बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बहराइच की रिया सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के चंदन यादव व सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बहराइच के सुमित सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 5000, रू. 3000 व रू. 2000 तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में रू. 1000 तथा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विज्ञान में हो रहे नवाचारों पर आधारित विभिन्न मॉडलों का अवलोकन करते हुए स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, सेंसर टेक्नोलॉजी एवं नैनो टेक्नोलॉजी पर आधारित मॉडलों के लिए छात्र-छात्राओं तथा शिक्षण स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने सम्बोधन में सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उम्मीद की कि भविष्य में इस तरह की आयोजन बच्चों का उत्साहवर्धन करने में समर्थ होंगे। कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा से समस्त अतिथियों को अवगत कराते हुए आश्वासन दिया कि परिषद के जो भी कार्यक्रम जिले को आवंटित होंगे विधिवत मानक के अनुरूप संपादित कराया जाएगा। जिला समन्वयक डॉ. नंद कुमार शुक्ला ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे मंडल स्तरीय कार्यक्रमों के बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डॉ मुरारी श्रीवास्तव, डॉ सत्येंद्र तिवारी, राम सँवारे पांडे, राजकुमार शर्मा, एपी सिंह, आनंद मोहन प्रधान, अरशद रईस, सै. आसिफ किरमानी, फैजान अहमद, अर्पित शुक्ला, उत्कर्ष तिवारी, सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार पाण्डेय, देवेंद्र कुमार मिश्रा, विशाल पांडे, शिवेंद्र वाजपेई, डिमांक तिवारी, आकिब अहमद सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। कार्यक्रम में केडीसी के वनस्पति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव व भौतिक विज्ञान विभाग गुंजन शर्मा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राध्यापक लोकेंद्र कौशल व राम सागर प्रसाद द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया।

### एक दिन कलम बंद हड़ताल पर रहे कृषि वैज्ञानिक




नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैर आईसीआर कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वैज्ञानिक एवं कर्मचारी के प्रति पक्षपात रवैया के खिलाफ गुरुवार को एक दिन कलम बंद हड़ताल पर रहे, आईसीआर के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत केवीके केवल 9% (66) कर्मचारियों को हीं सभी सुविधाएं मिल रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों की मांग है कि देशभर के सभी केवीके सभी कर्मचारियों के लिए वेतन मे समानता लाना। एनपीएस सहित एक समान सेवानिवृती उपरांत के लाभ को लागू किया जाये। आरएस परोदा उच्चाधिकार प्राप्त समिति की शिफ़ारिशें के अनुसार केवीके मे समान सेवा शर्ते को लागू किया जाये। केवीके के कर्मचारियों को पेंशन, चिकित्सा सुविधा एवं ग्रेजुटी दीं जाये।

### महिलाओं को स्वावलाम्बन की राह दिखायेगी सबला लाभार्थी प्रबन्धन प्रणाली

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । आकांक्षात्मक जनपद बहराइच की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सबला लाभार्थी प्रबन्धन प्रणाली ''सबला ऐप'' तैयार कराई गयी है। यह ऐप इच्छुक महिलाओं को प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने, रोज़गार के लिए बैंकों से ऋण दिलाने में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ ऐसी महिलाओं के शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने के साथ-साथ शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने में सहयोग प्रदान करेगी। जिले की अधिक से अधिक महिलाओं तक सबला ऐप की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आईसीडीएस विभाग के ससुपरवाईज़र्स, एपीओ, जिला प्रबन्धक, ब्लाक प्रबन्धक एनआरएलएम व अन्य सम्बन्धित के साथ बैठक करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सबला ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। जिससे कोई भी इच्छुक व्यक्ति एन्ड्रायड फोन के माध्यम से गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड कर सकता है। डीएम ने बैठक में मौजूद ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक से महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराते हुए उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया जाय कि वह प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने, रोज़गार के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने जैसी आवश्यकताओं के लिए ऐप का उपयोग करें। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, नेटवर्क इंजीनियर रमन गुप्ता, ई-ड्रिस्टिक मैनेजर सुमीत तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सपा की मासिक बैठक हुई सपन्न, बैठक में विधानसभा की नव मनोनीत कार्यकारिणी घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। पूरनपुर विधानसभा की मासिक बैठक विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा सम्मिलित हुए जगदेव सिंह जग्गा द्वारा एव अन्य वशिष्ठ नेताओं द्वारा सपा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक मे जिलाध्यक्ष जिसमें विधानसभा स्तर पर बूथ कमेटी गठन को लेकर समीक्षा की गई और हर जगह जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का फैसला लिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि ''बूथ गठन का कार्य विधान सभा प्रभारी व अध्यक्ष जल्द से जल्द मिल कर करें। क्योंकि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक मिशन 2027 सफल नहीं होगा।उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जल्द से जल्द बूथ गठन का कार्य करने की अपील की है उन्होंने कहा चुनाव कभी भी हो सकता है। इसलिए कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार रहें। सभी नेता बूथ कार्यकर्ताओं के घरऽघर जाकर सम्पर्क करें और उनकी मदद करें। ताकि बूथ गठन का कार्य जल्दी हो सके''बैठक मे सम्मिलित हुए।पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कार्यकर्ताओं से

पीडीए के नारे को आगे बढ़ाने के कार्ऱ्य करने को कहा जिसमे पिछडो एव दलितों को जोड़ने की बात कही है। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर मे अपने द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया साथ ही बूथ कमेटी गठन मे पूरा सहयोग देने की बात कही है।जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने क्षेत्रीय मुद्दों को उठाते हुए उन पर पार्टी पदाधिकारीयों द्वारा आवाज उठाने को कहा जिस पर सभी ने सहमति जताई। सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने अल्पसंख्यक समाज के उत्पीड़न पर पार्टी नेतृत्व को आवाज उठाने को कहा जिस पर जल्द ही आंदोलन करने की बात पार्टी के वशिष्ठ नेताओं ने की इसके अतिरिक्त ओम शर्मा,नजुमल हसन खा,जाहिद खा,अहीद खा आदि सपा नेताओ ने भी विचार रखे बैठक मे बड़ी संख्या मे सपा नेता उपस्तिथ रहे बैठक के बाद जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के अनुमोदन के बाद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव विधानसभा कार्यकारिणी घोषित की गई जिसके मनोनयन पत्र वितरण किया गया एवं माल्यार्पण किया गया इस दौरान प्रमुख रूप से कमलेश परिहार,मीता सिंह, इमरान वली खा, कल्याण सिंह सरोज, तुफैल अहमद, हाजी लाडले, देवकीनन्दन वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, भगवान दीन शर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, प्रशांत अवस्थी,अरविन्द कुमार, मो.सरताज, नाबिर् अली मसूरी,सदाकत अली, शोएव कुरैशी आदि उपस्तिथ रहे है।

# बांग्लादेशी में हिंदुओं की रक्षा के लिये विशाल धरना प्रदर्शन का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।बांग्लादेश में हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले के विरोध में जनपद में एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। जिसमें सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हो रही घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की और बांग्लादेश के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया है।अभी हाल ही में बांग्लादेश में हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार और महिलाओं बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया तथा बांग्लादेश की सरकार पर दवाब बनाने के साथ हिन्दुओं की से रक्षा करने की अपील की गई है।धरना प्रदर्शन में हजारों हिंदुओं ने धरना प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा ने कहा कि बांग्लादेश में उसकी स्थापना होने के समय हिंदुओं की संख्या लगभग एक तिहाई थी। अब घटकर मात्र सात से आठ फीसदी रह गयी है। उन्होंने कहा विश्व में हिंदुओं की रक्षा के भारत को सदैव तैयार रहना होगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि भारत विश्व के संपूर्ण हिंदुओं का अभिभावक है।भारत को न केवल विश्व के हिंदुओं की रक्षा करने का दायित्व है अपितु हिंदुओं की रक्षा के लिये जन आंदोलन भी बनाना है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा धर्म की रक्षा के लिये हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। धरना विशाल धरना प्रदर्शन में पूरे जनपद से लोग एकत्र हुए हैं।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन से टकराई कार, युवक की मौत

बल्दीराय–सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर बुधवार देर रात धनपतगंज थाना क्षेत्र में आगे चल रहे अज्ञात वाहन से कार टकरा गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात लखनऊ से अर्टिगा कार ठध 32 खख 5859 से अम्बेडकर नगर जा रहे जनपद के थाना टाडा अंतर्गत कस्बा अलीगंज निवासी मोहम्मद अशरफ ऊर्फ रहीम गांव के ही आसिफ ऊर्फ सोमू पुत्र मोहम्मद शकील अभी धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 114.7पर लगभग रात सवा ग्यारह बजे पहुंचे थे कि तेज रफ्तार चल रही उनकी कार एक्सप्रेस वे पर चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिसमें उक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने यूपीडा की टीम को सूचित किया मौके पर यूपीडा के एस ओ परमात्मा सिंह ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी कूरेभार भेजा जहां चिकित्सकों ने आसिफ पुत्र मोहम्मद शकील को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।

# नगरपालिका में चरम पर भ्रष्टाचार : वरुण मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । नगरपालिका द्वारा नाला सफाई के दौरान घायल हुए मजदूरों के मामले ने तूल पकड़ लिया है कंग्रेस नेता व पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी वरुण मिश्र ने नगरपालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं । सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है गिनी चुनी अपनी चहेती फर्मों को नगरपालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी की मिलीभगत से काम दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के खतरनाक कामों में लगाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप कई मजदूरों की मृत्यु हो चुकी है और उन घटनाओं को दबा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में हुई मजदूर की मृत्यु से भी पालिका प्रशासन और ठेकेदारों ने कोई सबक नहीं लिया जिसके परिणामस्वरूप महुवरिया की घटना हुई और संवेदनहीन पालिका प्रशासन ने उनकी कोई आर्थिक मदद भी नहीं की और न ही उनका हालचाल पूछा उन्होंने कहा कि नगरपालिका में पूरी तरह से तानाशाही ब्याप्त है मनमाने तरीके से हाउस टैक्स और वाटर टैक्स थोपे जा रहे हैं। उन्हीने कहा कि लापरवाह कार्यदायी संस्था एवं जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर हर हाल में होना चाहिए जिससे दोबारा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और गरीब लोगों की जान से खिलवाड़ न हो पाए।

# 82 दिव्यांग बच्चों को दिए गए उपकरण, खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा एवं पीएम श्री योजनाअंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र जयसिंहपुर पर गुरूवार 5 दिसम्बर को जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुन्दर और खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्र के निर्देशन मे पूर्व मे चिन्हाकित दिव्यांग बच्चों को मुख्य अतिथि विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय ने दिव्यांग वच्चों को ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर,सीपी चेयर, हियरिंग एड,रोलेटर, कैलिपर, ड्डख्रख्र किट सहित अन्य उपकरण वितरित किया । उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे ख़ुशी से चमक उठे। विधायक सदर राज प्रसाद (राज बाबू )उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा, ने जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुन्दर यादव के साथ माँ सरस्वती के चित्र का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। धनपतगंज से आयी दृष्टिबाधित बालिका महक मिश्रा ने अपने गीतों से समा बाँध दिया।और मॉडल स्कूल वैदहा के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे विधायक ने जनपद स्तर के खेलों मे विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।और मण्डल और राज्य के लिए खेलने की शुभकामनायें दीं। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जन सामान्य के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है दिव्यांगजनो के लिए कई तरह की सुविधाएँ सरकार दे रही है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों से कहा कि उत्साह के साथ जीवन जियें, और आगे बढ़ते रहें। सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाये दीं। कार्यक्रम का संचालन दीपेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, तहसील प्रभारी विमलेश सरोज, रितेश तिवारी राम मगन,डॉ रोहित दूबे,देवेंद्र प्रताप सिंह,अजित सिंह यादव, कंाति सिंह सफ़दर मेंहदी, जोखू राम,राम मिलन, , जय कुमार,स्पेशल एजुकेटर मे मनीष कुमार, पृथ्वीपति, रंजीत कुमार, तबस्सुम परवीन, अभयराज, कृष्ण कुमार गुप्ता, जीत बहादुर, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रमोद सिंह यादव, राहुल जायसवाल,अजित उपाध्याय, विनय श्रीवास्तव, शरीफ आलम,अजय प्रताप सिंह,दीपक, राकेश, अमर सिंह, बबिता पाण्डेय, तनुजा सोलंकी आदि छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से अभी तक नहीं बनाई गई पुलिया ग्रामीण ने जिलाधिकारी से निर्माण कराने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नहर पर क्षतिग्रस्त पुलियों का निर्माण के लिए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मांग की है।कलीनगर तहसील क्षेत्र और पूरनपुर तहसील क्षेत्र के कई गांव रुरिया सलेमपुर,तकिया दीनारपुर,अमरैया कलां, महादिया, खमरिया पट्टी के किसानों की कृषि सिंचाई के लिए सिंचाई विभाग द्वारा नहर बनाई गई।नहर के पानी से सैकड़ों किसानों की जमीन की सिंचाई होती है। नहर पर कई सड़कों का निकास है। जिस पर पुलिया बनाई गई थी जिसको वर्षों बीत गए। पुलिया निर्माण कार्य को बहुत समय हो गया। जिससे पुलिया जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गई है। लेकिन आवागमन लगातार हो रहा है। क्षतिग्रस्त व सकरी पुलियों से आवागमन में हादसों की संभावना रहती है। क्षतिग्रस्त पुलियों के निर्माण के लिए रविन्द्र कुमार नन्द ने जिलाधिकारी को पत्र दिया। रविन्द्र कुमार ने बताया ग्राम अमरैया कलां के सियाराम कुशवाह के खेत के पास, अमरैया कलां के कटैया मार्ग पर व अमरैया कलां महादिया के सम्पर्क मार्ग पर तीन पुलियों के निर्माण की मांग की। रविन्द्र कुमार नन्द ने बताया कि पीडब्लूडी मार्ग पर बनी पुलिया से सैकड़ों स्कूली बच्चे व राहगीरों का आवागमन है। पीडब्ल्यूडी रोड पर बनी सकरी पुलिया गन्ना किसानों की जान लेने की फिराक में रहती है। रविन्द्र कुमार नन्द ने पुलियों के निर्माण की मांग की है।

## जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजन कल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 क(ज) में दी गई व्यवस्था अनुसार प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण ,मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें, इसी के दृष्टिगत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनपद में ग्रास रूट लेवल पर बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक कल्पनाशीलता उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्यकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैद्य इसी क्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी महोदया के सहमति और मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर के माध्यम कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन, लाल डिग्गी, सुल्तानपुर में किया जाएगा द्य जिसमे सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थी विज्ञान मॉडल के साथ प्रतिभाग करेंगे।

# बेगमपुरा ट्रेन में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक युवक की मौत, दो गम्भीर रुप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल के साथ ही सीएचसी का निरीक्षण किया**

अमेठी। थाना जगदीशपुर क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर बेगमपुरा ट्रेन पर बैठने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो अन्य लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं और घटना को अंजाम देने वाले लोग चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गये हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिया गया है। थाना क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को समय करीब नौ बजे बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन में दो पक्षों में मारपीट हो गयी थी जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गये थे जिन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा दूसरे की स्थिति गम्भीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है तथा तीसरे व्यक्ति का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में चल रहा है।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा तत्काल सीएचसी जगदीशपुर पहुंचकर घायल से घटना के सम्बंध में जानकारी ली गयी एवं वैधानिक कार्यवाही के सम्बंध में परिजनों को आश्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु मातहतों को निर्देशित किया गया।इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी कर्मचारीगण, थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव,थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## यहां परिषदीय विद्यालय के शिक्षक अपने बच्चों के जन्मदिन पर विद्यालय में करते वृक्षारोपण



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय गढ़ाकला के शिक्षकों ने पर्यावरण को बचाने की नई मुहिम छेड़ी है।जिसमें शिक्षक अपने बच्चों के जन्म दिन के अवसर पर विशेष पौधों का रोपण करते हैं।जिससे विधालय का वातावरण हरा भरा रहता है।और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।इसी अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हुकुम सिंह के पुत्र के जन्म दिवस पर स्कूल में कटहल,जामुन,तेजपात आदि के पौधों का रोपण किया गया जिसमें समस्त स्टाफ ने सहयोग किया और रोपे गए पौधों की सुरक्षा हेतु कार्य योजना तयार की हैं।इससे पहले भी शिक्षक सोहन के पुत्र के जन्म दिवस पर विधालय में पौधों का रोपण हो चुका है।

## पिता ने दूसरी पत्नी के पुत्र के नाम करा दी जमीन, विधायक से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके अजीतपुर विल्हा के रहने वाले बृजनंदन वर्मा पुत्र गंगाराम ने गांव के लोगों के साथ भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के कार्यालय पर पहुचकर बताया। कि उसके जन्म के बाद उसकी माँ की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद उसके पिता ने दुसरी शादी कर ली थी। जिसके बाद सौतेली मां ने उसको घर से निकलवा दिया था। युवक की परवरिश उसकी मौसी ने की है। आरोप है कि दुसरी पत्नी के बहकावे में आकर पिता ने अपनी सारी जमीन दुसरी पत्नी के नाबालिग पुत्र के नाम पर दानपात्र लिखवा दिया। युवक ने इसका विरोध कर अपने पिता से अपने हिस्से की जमीन की मांग कर रहा है। पर दुसरी पत्नी के बहकावे में आकर पिता जमीन में हिस्सा नहीं दे रहा है। इसको लेकर गाव के लोगों ने भी गंगाराम को समझाने का प्रयास किया पर वह मानने को तैयार नहीं है। इसी को लेकर युवक के लोगों के साथ विधायक कार्यालय पहुंचा और शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## एसएसबी कैंप के पास जंगली जानवर से बाइक टकराने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव पुरैना के रहने वाले कन्हैया पुत्र शिवप्रसाद उम्र 24 बर्ष गांव के ही राजेश कुमार के साथ वुधवार रात्रि लगभग आठ बजे माधोटांडा किसी काम से आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार एसएसबी कैंप डैम के पास में पहुंचे तभी बताया जा रहा है। कि अचानक जंगली जानवर बाइक के सामने आ गया और बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक मार्ग पर गिर गए। जिसमें कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उपचार के लिए 108 एबुलेंस से पूरनपुर सीएचसी लाया गया जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि राजेश बाइक चला रहा था और कन्हैया पीछे बैठा था।

# बड़े बकायेदार ओटीएस योजना के तहत निर्धारित छूट पर जमा करें बकाया ऋण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की शाखाओं की लंबित वसूली एवं ऋण वितरण को लेकर डीएम ने की समीक्षा**

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड अमेठी की शाखाओं की लंबित वसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा बताया गया कि जनपद में एक हजार पांच सौ बारह बकायेदारों पर 1003.63 लाख रुपया बकाया है जिसके सापेक्ष अबतक 151.49 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है।बैठक में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अमेठी द्वारा बताया गया कि जनपद में वसूली अभियान चलाया जा रहा है नौ सौ बकायदार एक लाख से बड़े हैं जिनकी वसूली हेतु विभागीय स्तर से 95क तथा 92ख की कार्यवाही कराई गई है तथा तहसील स्तर से बकायेदारों की वसूली हेतु आरसी जारी की गई है। वर्तमान में मृतक बकायेदारों से वसूली हेतु मृतक ऋण मोचन योजना/ओटीएस की कार्यवाही इकतीस दिसम्बर तक संचालित है जिसके तहत 2003 तक वितरित ऋणों पर मात्र मूलधन की वसूली होनी है ब्याज में शत प्रतिशत छूट है, वर्ष 2003 से 2013 तक वितरित ऋणों पर कुल ब्याज में पचहत्तर प्रतिशत की छूट है तथा वर्ष 2013 से 31 मार्च 2023 तक वितरित ऋणों पर पचास प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में वसूली प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्देश दिया गया कि सभी अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से संपर्क कर बैठक आयोजित कराएं तथा आरसी की कार्यवाही में सहयोग लें, विभागीय स्तर से नियमित रूप से टीम बनाकर बकायेदारों से संपर्क कर शत प्रतिशत ऋणों की वसूली सुनिश्चित कराएं साथ ही साथ ऋण वितरण लक्ष्य की पूर्ति भी कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुमिया ड्रेन के पुल पर पड़े पत्थर दुर्घटना को दे रहे दावत

तिलोई अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से इन्हौना मार्ग पर नव निर्मित गुमिया ड्रेन के पुल पर महीनों से पड़े पत्थर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं अब तक आधा दर्जन से अधिक राहगीर चोटहिल हो चुके हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग कुम्भकर्णी नींद में सो रहा है और महकमे के खेवनहार शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने नाराजगी जताई है। तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से इन्हौना मार्ग पर स्थित गुमिया ड्रेन के पुल का निर्माण लाखों रुपये की लागत से कराया गया है। इस पुल के निर्माण हो जाने से आम जनमानस के साथ ही राहगीरों में यह आस जगी थी कि अब बिना किसी रिश्क के सफर किया जा सकता है। इस पुल का निर्माण तो जैसे तैसे हो गया है लेकिन सड़क के किनारे की मिट्टी को खोदकर पुल के आसपास इतना गहरा कर दिया गया है कि अगर गलती से भी कोई वाहन नीचे चला जाय तो उसका ऊपर वाला ही मालिक है। गुमिया ड्रेन के पुल पर करीब एक माह पूर्व बड़े बड़े पत्थर गिरा दिये गये है जो कि आवागमन में रोड़ा बने हुये है और राहगीरों को चोटहिल कर रहे हैं। बताते चलें कि पुल पर पड़े इन पत्थरों की चपेट में आने से आधा दर्जन से दो पहिया वाहन चालक चोटहिल हो चुके हैं और एक चौपहिया वाहन का भी क्षतिग्रस्त हो चुका है लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की आंखें नही खुल रही हैं वह कुम्भकर्णी नींद में सो रहे हैं और शायद किसी बड़े हादसे या फिर अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।इसी मार्ग से दर्जनों स्कूली वाहन और हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों का भी आवागमन है।

## सड़क पर लगा लंबा जाम वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली और सीएचसी रोड पर आए दिन वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस दौरान बाइक,कार और एबुलेंस रोड की दोनों साइड से वाहन खड़े होने से अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं। जिससे लोगों को जाम में फंसने पर काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर पूरनपुर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने पूरनपुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलमगीर को पत्र भेजकर रोड पर एबुलेंस न खड़ी कराने को कहा है। जबकि रोड पर एबुलेंस से ज्यादा लोग अपनी कार और बाइक खड़ी कर देते है। जो जाम की सबसे मुख्य बजह है।

## सहकारी समिति लिमिटेड की भूमि का हुआ पूजन, उपस्थित रहे नाबार्ड के जिला प्रबंधक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत अर्जुनपुर में भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड भगवंन्तापुर के ग्राम उपकेंद्र ग्राम अर्जुनपुर में भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया है।जिसमे जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पीसी त्रिवेदी,उपमहा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक पीलीभीत हरीश गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता पूरनपुर संदीप वर्मा, ग्राम अर्जुनपुर में भूमि दानदाता मंजीत कौर पत्नी नरेंद्र सिंह के द्वारा भूमि दान की गई है। जिसमे उच्च अधिकारियों ने कहा इस मौके पर सभापति मनप्रीत सिंह,उपसभापति जसवंत सिंह,संचालक दलजीत सिंह, देवेंद्र कौर और छिंदर कौर पैनल अधिवक्ता जिला सहकारी बैंक आदर्श पांडे और समस्त ग्रामवासी काश्तकार बलदेव सिंह, ठाकुर जयपाल सिंह,कुलदीप सिंह, प्रधान खान सिंह, प्रधान बाज सिंह, रन्जीत सिंह, सुखविंदर सिंह, सुखराम सिंह, नसीब सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में भूमि का उद्घाटन किया गया है।

# मुफ्त की बड़ी कीमत

सत्ता हासिल करने के लिये शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वायदों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था। सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वायदे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कंग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिये पुरानी पेंशन लागू करने का वायदा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायादारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन शृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिये भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है। वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं। यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें। दरअसल, राज्यों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये राजकोषीय विवेक, कुशल कर संग्रह और तार्किक सब्सिडी समय की मांग है।

# आम्बेडकर, समरसता और संघ

**डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते।**



डॉ.सौरभ मालवीय

देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणीय है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे- ल्लएक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए। वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। किसी भी भूल से यदि नींव जरा सी भी कच्ची रह गई, तो इमारत का उस ओर का भाग ढल जाएगा। इमारत में दरार पड़ जाएगी और आखिर में वह संपूर्ण इमारत ढह जाएगी। जीवन में निस्वार्थ भावना आए बिना खरा अनुशासन निर्माण नहीं होता। सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती, और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। सभी हिंदू भाइयों के साथ फिर वह किसी भी उच्च या नीच श्रेणी के समझे जाते हों, हमारा व्यवहार हर एक से प्रेम का होना चाहिए। किसी भी हिंदू भाई को नीच समझकर उसे दुत्कारना पाप है। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। वयोवृद्ध लोगों का संघ कार्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे संघ के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व उठा सकते हैं। यदि प्रौढ़ लोग अपने प्रतिष्ठा और व्यवहार कुशलता का उपयोग संघ कार्य किए तो करें, तो युवा अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए, और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है। ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। महात्मा गांधी भी संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने वर्ष 1934 में वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर देखा था, जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित हुए थे। इसमें दलित समाज के लोग भी थे। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि आपके संगठन में अस्पृश्यता का अभाव देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूं। इसी प्रकार डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्हें वर्ष 1939 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि शिविर में सभी जातियों के लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें दलित समाज के लोग भी सम्मिलित थे। शिविर में सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथों में समरसता का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। भगवदगीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है- 'पंडिताः समादर्शिनः' अर्थात विद्वान सबको समान दृष्टि से देखते हैं। कहने का अभिप्राय है कि विद्वान सबको समान मानते हैं तथा वे किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करते। भीमराव आम्बेडकर समानता पर सर्वाधिक बल देते थे। वह कहते थे कि अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते, हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है। राजनीतिक अत्याचार सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है और जो सुधारक समाज की अवज्ञा करता है, वह सरकार की अवज्ञा करने वाले राजनीतिज्ञ से ज्यादा साहसी हैं। जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके किसी काम की नहीं। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। भीमराव आम्बेडकर ने दलित समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका कहना था कि आप स्वयं को अस्पृस्य न मानें, अपना घर साफ रखें। पुराने और घिनौने रीति-रिवाजों को छोड़ देना चाहिए। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेद-भाव और अन्य चीजों से भरी हैं जो हमारे मौलिक अधिकारों की विरोधी हैं। राष्ट्रवाद तभी औचित्य ग्रहण कर सकता है, जब लोगों के बीच जाति, नस्ल या रंग का अंतर भुलाकर उसमें सामाजिक भ्रातृत्व को सर्वोच्च स्थान दिया जाए। वह कहते थे कि आदि से अंत तक हम सिर्फ एक भारतीय है। हम जो स्वतंत्रता मिली हैं उसके लिए क्या कर रहे हैं? यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली हैं। जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी हुई है, जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष करती है। स्वोतंत्रता का अर्थ साहस है, और साहस एक पार्टी में व्याक्तियों के संयोजन से पैदा होता है। वह यह भी कहते थे कि देश के विकास के लिए नौजवानों को आगे आना चाहिए। पानी की बूंद जब सागर में मिलती है तो अपनी पहचान खो देती है। इसके विपरीत व्यक्ति समाज में रहता है पर अपनी पहचान नहीं खोता। इंसान का वन स्वतंत्र है। वह सिर्फ समाज के विकास के लिए पैदा नहीं हुआ, अपितु स्वयं के विकास के लिए भी पैदा हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि हम लोगों को समझना चाहिए कि लौकिक दृष्टि से समाज को समर्थ, सुप्रतिष्ठित, सद्धर्माधिष्ठित बनाने में तभी सफल हो सकेंगे, जब उस प्राचीन परंपरा को हम लोग युगानुकूल बना, फिर से पुनरुज्जीवित कर पाएंगे। युगानुकूल कहने का यह कारण है कि प्रत्येक युग में वह परंपरा उचित रूप धारण करके खड़ी हुई है। कभी केवल गिरि-कंदराओं में, अरण्यों में रहने वाले तपस्वी हुए तो कभी योगी निकले, कभी यज्ञ-यागादि द्वारा और कभी भगवद्-भजन करने वाले भक्तों और संतों द्वारा यह परंपरा अपने यहां चली है।

लेखक- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अध्येता है ।

# नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा

**नन्तू बनर्जी**

यह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं। नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं। कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं। हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम जरिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के जरिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मजदूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के जरिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं। हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के जरिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेजी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के जरिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में विशेष कक्षों्य में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था। यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के जरिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है जामुन का बीज

जामुन एक ऐसा फल है, जो कई बीमारियों में घरेलू उपचार के रूप में काम आ सकता है। काले-काले रसीले जामुन आखिर किसे पसंद नहीं होते, उनका खट्टा-मीठा स्वाद आपको बार-बार खाने के लिए मजबूर कर देता है। जामुन फल ही नहीं, बल्की इसके बीज भी बहुत फायदेमंद होते हैं। आमतौर पर आप जामुन खाने के बाद गुठली फेंक देते हैं, लेकिन जामुन के बीज आपकी सेहत के लिए उतने ही लाभदायक हैं, जितने कि कोई जड़ी बूटी। जामुन के बीज में ऐसी औषधियां पाई जाती हैं, जो आपको कई बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि कैसे आप जामुन की गुठलियों का प्रयोग करके उन बीमारियों से लड़ सकते हैं। ज्यादातर लोग ब्लड प्रेशर की समस्या से परेशान रहते हैं, और यह ऐसी बीमारियों में से एक है जो, एक उम्र के बाद हर दूसरे व्यक्ति में पाई जाती है। ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण आप काफी परेशान रहते होंगे, लेकिन आप एक घरेलू नुस्खा अपना सकते हैं, जो आपके लिए बहुत मददगार साबित होगा। जामुन के बीज का पाउडर बनाकर आप इसे पानी के साथ ले सकते हैं। यह आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। यह नुस्खा आपके ब्लड प्रेशर लो या हाई होने से रोकेगा, और आपके शरीर के रक्त प्रवाह को ठीक करेगा। आजकल लोग जंक फूड खाना अधिक पसंद करते हैं, जिसके कारण पेट से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पेट दर्द की परेशानी अक्सर छोटे बच्चों में भी देखी जाती है, और वह अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं दे पाते हैं। पेट दर्द और पथरी जैसी बीमारियों के लिए जामुन के बीज फायदेमंद हैं, इनके बीज का पाउडर बनाकर, रात को सोने से पहले खाने से आपका पाचनतंत्र अच्छा रहेगा। अगर आपका बच्चा बिस्तर गीला करता है, तो आप इस पाउडर में पानी मिलाकर, एक चम्मच रोज पिलाएं। यह आपके लिए लाभकारी साबित होगा।

## धर्म मंत्र

# पहली मुलाकात के दौरान श्री रामजी और हनुमंत लाल की मीठी लुका-छुपी

विगत अंक में हमने जाना कि विप्र रूप श्री हनुमान भगवान श्री राम से प्रश्नों की एक श्रृंखला तो रखते हैं लेकिन श्रीराम मात्र सुनते रहते हैं। प्रतिउत्तर में एक शब्द तक नहीं कहते। लेकिन जैसे ही हनुमान जी ने पूछा, 'की तुम्ह अखिल भुवन पति लीन्ह मनुज अवतार' तो श्री राम जी ने सोचा कि जब श्री हनुमान जी स्वयं अपना वास्तविक परिचय छुपा रहे हैं तो लो हम भी स्वयं को प्रकट नहीं करते। और श्री राम ने अपना दैवीय परिचय देने की बजाए दैहिक परिचय दे डाला? कोसलेस दसरथ के जाए। हम पितु बचन मानि बन आए।। नाम राम लछिमन दोऊ भाई। संग नारि सुकुमारि सुहाई।। अर्थात हम कोसलराज दशरथ जी के पुत्र हैं और पिता का वचन मान कर वन में आए हैं। राम-लक्ष्मण नाम हैं और हम दोनों भाई हैं। हमारे साथ सुंदर सुकुमारी स्त्री भी थी। कमाल है भगवान भी कैसे विचित्र हैं। महाभारत के युद्ध क्षेत्र में अर्जुन को भगवान के ब्रह्म रूप के दर्शन में कोई रुचि नहीं है। कोई एक भी प्रश्न वह ऐसा नहीं पूछ रहा कि हे केशव आप कहीं भगवान तो नहीं। बल्कि उन्हें अपना सखा मानता हुआ केवल अपने सगे-संबंधियों के मोहपाश में बंध युद्ध छोड़ने को तत्पर है। लेकिन तब भी श्रीकृष्ण अर्जुन को घेर-घेरकर मजबूर करते हैं कि वह उनके ब्रह्म रूप से परिचित हों और इधर श्री हनुमान जी पूछ भी रहे हैं कि आप कहीं स्वयं ईश्वर तो नहीं। और प्रभु श्री राम उल्टे स्वयं को पूर्णतः छुपा जाते हैं। और कह देते हैं कि हम तो कोसलराज दशरथ जी के पुत्र हैं।

## पर्यटन



# मंदिरों के लिए जाना जाता है उत्तराखंड, खूबसूरत पहाड़ भी है इसकी शान

उत्तराखंड भारत का एक ऐसा राज्य है जहां देखने लायक बहुत सी जगहे हैं। ऋषिकेश, नैनीताल, हरिद्वार, रानीखेत और मसूरी जैसी प्रसिद्ध जगहें इसी राज्य में शामिल हैं। ऐसे में यदि आप इन सर्दियों कहीं घूमने फिरने का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए इस जगह से अच्छी जगह और कोई नहीं मिल सकती। लंढौर- देवभूमि यानी उत्तराखंड का बहुत ही खूबसूरत शहर है लंढौर। इस शहर में आपको हॉटेड हाउस, नाग टिब्बा, रॉबर्स केव और तपकेश्वर मंदिर जैसी खूबसूरत जगहें देखने को मिलेंगी। जहां जाकर आप अपने परिवार और दोस्तों संग खूब एंजॉय कर सकते हैं। चमोली- चमोली उत्तराखंड का एक ऐसा जिला है जहां आपको दर्शन करने के लिए बहुत मंदिर मिल जाएंगे। सर्दियों में यहां बर्फ से ढकी पहाड़ियां बहुत ही खूबसूरत नजारे पेश करती हैं। इन दिनों आप यहां जाकर ट्रेंकिंग, फोटोग्राफी और स्कीइंग जैसी चीजों का भरपूर लुत्फ उठा सकते हैं। अल्मोड़ा- भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत जगह पर समय व्यतीत करने के लिए अल्मोड़ा सबसे बेस्ट जगह है। अगर आप भी जिंदगी की भागदौड़ से दूर कुछ वक्त के लिए शांत जगह पर जाकर समय बिताना चाहते हैं तो उत्तराखंड का अल्मोड़ा गांव आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। चकराता- जो लोग पहाड़ देखने के शौंक रखते हैं उनके लिए चकराता से बेस्ट जगह और कोई नहीं हो सकती। इस जगह जाकर आपको पहाड़ों को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। सर्दियों में बर्फ से ढके पहाड़ों को नजदीक से देखने में अपना ही मजा है।

## महादेवा महोत्सव में दंगल प्रतियोगिता के अंतिम दिवस

# देश-विदेश के नामचीन पहलवानों ने की जोर आजमाइश

### 21हजार की नामी कुश्ती में दिल्ली के पहलवान बलवान ने बग्गा पहलवान पंजाब को दी पटकनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी,। महादेवा महोत्सव के अंतिम दिवस दंगल प्रतियोगिता में एक दर्जन कुश्तिया हुई जिसमें देश व विदेश के नामचीन पहलवानों ने जीत हार के लिये जोर आजमाइश की। दंगल की आखरी रोमांचक कुश्ती 21हजार की बग्गा पहलवान पंजाब व बलवान पहलवान दिल्ली के बीच हुई जिसमें हुए रोमांचक मुकाबले में बलवान पहलवान ने बग्गा को पटखनी देखकर जीत हासिल की। दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी व विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर व बाबा मुरारी दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पहली कुश्ती मोनू पहलवान राजस्थान व मोहम्मद फैजल गनी जम्मू कश्मीर के मध्य हुई जिसमें कंाटे के मुकाबले में मो0 फैजल गनी ने बाजी मारी। दूसरा मुकाबला बाबा योगेंद्र दास हनुमानगढी अयोध्या व ठाकुर पहलवान चंबल के बीच हुआ जिसमें बाबा योगेंद्र दास ने ठाकुर पहलवान को पटखनी दी। तीसरी कुश्ती शंकर थापा नेपाल व सुरेंद्र राजस्थान के बीच हुई जिसमें शंकर थापा ने सुरेंद्र को चारों खाने चित किया। चौथा मुकाबला मनोज पहलवान गाज़ीपुर व मोनू पहलवान राजस्थान के बीच हुआ जिसमें विनोद पहलवान ने बाजी मारी।पांचवा मुकाबला भीम पहलवान चंबल व कृष्णकांत नंदिनी नगर गोंडा के बीच में हुआ जिसमें कांटे की टक्कर रही तथा कुश्ती बराबर पर छूटी। छठी कुश्ती बाबा नागेंद्र दास अयोध्या व भीम पहलवान चंबल के बीच हुआ जिसमें बाबा नागेंद्र दास ने फ़तेह हासिल की। सातवीं कुश्ती सोनू पहलवान पंजाब व बॉबी मिश्रा लखनऊ के बीच हुई जिसमें बॉबी मिश्रा ने जीत हासिल की। आठवां मुकाबला मनजीत चंबल व अशोक दिल्ली के बीच हुआ जिसमें मनजीत ने मुकाबला जीता। इसके बाद मुशर्रफ बाराबंकी व बलबीर रामनगर के बीच हुआ जिसमें बालवीर ने बाजी मारी। दसवीं कुश्ती शंकर थापा नेपाल व फैजल गनी जम्मू के बीच हुई जिस मुकाबले में शंकर थापा नेपाल ने बाजी मारी, 11वां मुकाबला बाबा योगेंद्र दास अयोध्या व शंकर थापा के बीच में हुआ जिसमें बाबा योगेंद्र दास विजयी रहे और 21सौ का इनाम जीता, बारहवीं आखिरी रोमांचक कुश्ती बग्गा पहलवान पंजाब व बलवान दिल्ली के बीच में हुई जिसमें बलवान ने बग्गा को चारों खाने चित कर 21 हजार का इनाम जीता। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शरद कुमार अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज प्रतिनिधि शेखर हयारण व दंगल के संयोजक बाबा सौरभ दास ने पत्रकारों व सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर अंजाम देने वाले पुलिस कर्मियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहित अवस्थी बीडीसी नानमुन शुक्ला, डॉ रामानंद वर्मा, श्यामू अवस्थी, सुरेंद्र सिंह, सोनू प्रधान लवकुश मिश्रा, उमेश मिश्रा, दीन मोहम्मद, मोनू तिवारी, अनन्त राम यादव सहित भारी संख्या में दंगल प्रेमी मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका बाबा गुरचरण दास अयोध्या ने निभाई।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव के अंतिम दिन प्रयास ट्रस्ट संस्था के द्वारा मिशन शक्ति पर आधारित कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण करके गुड टच बैड टच तथा आत्मरक्षा के गुण का प्रदर्शन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया और टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। संस्था के निदेशक अनीता शुक्ला की अगवाई में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संचालिका अर्चना मिश्रा ने गणेश वंदना, मेरे घर में पधारो गजानंदी जी मेरे घर में पधारो से किया। इसके बाद संस्था के बच्चों ने कल्पना थापा अरुण कुमार, पवन कुमार, आविष्कार सिंह, काव्या सिंह, आशा वर्मा, इति राज, अनीता, प्रकाश, अनिल कुमार मौर्य के द्वारा नाट्य के माध्यम से दिखाया गया कि राह चलते बालिकाओं एवं स्कूल जा रही छात्राओं को किस तरह रास्ते में लड़कों द्वारा उन्हें परेशान किया जाता है। इस दौरान बचाव हेतु किन-किन हेल्प लाइन नंबरों पर फोन करके मदद ली जा सकती है इसके अलावा अगर कोई उन्हें टच करता है इसके पीछे उसकी मंशा क्या है इसके बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अलावा सभी बालिकाओं एवं छात्राओं से अपील की गई वह किसी भी तरह की हरकत को छुपाने के बजाय अपने घर में माता-पिता एवं विद्यालय में शिक्षकों को अवश्य बताएं। इस मौके पर संस्था के सचिव विजयकांत मिश्रा शुभम धानुक जरीना मधु मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली संस्था की टीम को नायब तहसीलदार सैय्यद तहजीब हैदर ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### लोकगीत एवं बॉलीवुड गायिका शुचिता पांडेय के गीतों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध*

बाराबंकी,। महादेवा महोत्सव में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोकगीत एवं बॉलीवुड गायिका शुचिता पाण्डेय एंड ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक अवधी, बॉलीवुड सहित अनेक विधाओं में गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर महादेवा के सांस्कृतिक पाण्डल में बैठे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने गीत की शुरुआत, अच्युतम केशवं शिव दामोदरं गीत से की। इसके बाद, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आयेंगे। इसके बाद नगरी हो अयोध्या सी, तुम उठो, सिया श्रृंगार करो, कैलाश के निवासी नमो बार-बार, इसके बाद, जेकर नाथ भोलेनाथ ऊ अनाथ कैसे होई, राम को देखकर श्री जनक नंदिनी आदि गीतों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद झुमका बरेली वाला, कजरा मोहब्बत वाला, जिसका मुझे था इंतजार और बिंदिया चमकेगी आदि बॉलीवुड गीतों पर दर्शकों थिरकने पर मजबूत कर दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रामनगर, श्री पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायाब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर, प्रवक्ता डायट गनेशपुर आनंद यादव, महेन्द्र यादव सहित तमाम अतिथिगण उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थलों पर मानक अनुरूप लगाए जाए लाउडस्पीकर, आवाज भी हो नियंत्रित: अभिमन्यु मल

**प्रभारी निरीक्षक ने नगर में पैदल गस्त के साथ धार्मिक स्थलों पर देखी लाउडस्पीक की स्थित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी । आदर्श नगर पंचायत कस्बा दरियाबाद मे गुरुवार को कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मलल पुलिस टीम ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। दरियाबाद चौकी इंचार्ज हरिप्रसाद उपाध्याय आलियाबाद चौकी इंचार्ज अवधेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मानक से अधिक ध्वनि वाले यंत्रों की आवाज को कम कराते हुए मानक स्तर पर लाया गया। इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के जिम्मेदार व्यक्तियों को निर्देशित किया गया कि वे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मानकों के अनुसार ही करें।वहीं, चौकी इंचार्ज अवधेश कुमार ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा है ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे। इस दौरान सभी धार्मिक स्थलों के प्रभारियों को हिदायत दी गई कि वे ध्वनि स्तर के नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# बेकरी उत्पादों की जांच में तेजी एक्शन मोड में खाद्य औषधि प्रशासन

**बेकरी उत्पादों में कॉकरोच व फंगस होने का वीडियो वायरल होने के बाद नए साल पर विभाग की नई रणनीति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आने वाले नए साल पर जिले का एफएसडीए बेकरी उत्पादों की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर पदार्थो के जांच की कार्रवाई और तेज करने जा रहा है। दरअसल विभाग का मानना है कि नए वर्ष पर बेकरी उत्पादों की ज्यादा बिक्री होती है, जिसमें दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की शंभावना बढ़ जाती है। बीते महीने दो वीडियो वायरल हुए जिनमें प्रतिष्ठित बेकरी की दुकानों से आए उत्पादों में मिलावटी पदार्थ में फंगस व कॉकरोच होनें की बात कही गई। जिसे संज्ञान में लेकर विभाग एक्शन मोड में आ गया है।

**(एफएसडीएनए तैयार की नई रणनीति)**

बीते दिनों जिले में दो प्रतिष्ठानो पर आए मामलों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए नई रणनीति तैयार की है।बता दें कि पिछले एक महीने में जनपद के दो प्रतिष्ठानों से आए उत्पादों में फंगस व काकरोच मिलने के बाद हड़कंप मच गया था और इसके विडिओ वायरल हुए थे। विडिओ वायरल होने के बाद एफएसडीए ने प्रतिष्ठानो पर जाकर सैम्पलिंग कि थी। लेकिन जिन उत्पादों में फंगस और ककरोच होनें के विडिओ वायरल हुए उनकी सैम्पलिंग नही हो सकी। विभागीय अधिकारीयों का कहना है कि कोई शिकायतकर्ता नही पहुंचा लिहाजा चाह कर भी उन खराब उत्पादों कि सैम्पलिंग नही हो सकी। पूछने पर अधिकारी कहते हैं कि लोग विडिओ तो वायरल कर देते हैं लेकिन इसकी शिकायत करने की जरूरत नहीं उठाते है। लिहाजा मामले में कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो पाती। फिलहाल जिले के एफएसडीए ने दोनों ही मामलों में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर राजस्थान की सैंपलिंग कराई है। जोकि लखनऊ परीक्षण को गई है।

**(बीते महीने वायरल हुए थे दो वीडिओ)**

जिले में पहला मामला बीते 14 नवंबर 2024 को बाराबंकी के नाका पैसार निवासी एक महिला ने बाल दिवस के मौके पर शहर की एक प्रतिष्ठित बेकरी की एक दुकान से चोको लावा केक ऑनलाइन ऑर्डर किया। जब केक डिलीवर हुआ और महिला ने पैकेट खोला, तो अंदर सड़ा और बदबूदार केक निकला। महिला का आरोप है कि उसपर फंगस लगा था जिसे देखकर उसके परिवार के लोग नाराज हो गए। हाल परेशान महिला ने तत्काल आउटलेट से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आउटलेट प्रबंधन ने शिकायत को नकारते हुए कहा कि यह सप्लायर की गलती है, और उनकी इस कोई जिम्मेदारी नहीं। महिला ने पैसे वापस करने या दूसरा केक भेजने की मांग की, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। आखिरकार महिला ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विभाग से शिकायत करने की जहमत नहीं उठाई। वहीं दूसरे मामले में एक महिला शहर की एक अन्य बेकरी की दुकान से पैक्ड बिस्किट का पैकेट लेकर घर गई। मामले में महिला का आरोप है कि पैकेट खोलकर देखा तो उसमें काकरोच जैसा कीड़ा मिला। इस घटना ने बेकरी में मिलने वाले अन्य उत्पादों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए है।

### जनपद में 07 दिसम्बर से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह दिसम्बर 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 07 से 25 दिसम्बर 2024 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल 17 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.70 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल तथा 2.30 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अलावा अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2024 हेतु प्रति किलो 18 रूपये की दर से प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 दिसम्बर 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

### सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यकर्ता को लेकर की समीक्षा बैठक

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूबे के पंचायतीराज मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री व सुभासपा चीफ ओ.पी राजभर के पुत्र अरविंद राजभर कार्यकर्ताओं में जोश भरने सुल्तानपुर पहुचे, कार्यकर्ताओं ने अरविंद राजभर का किया स्वागत नगर के अमहट स्थित एक निजी मैरिज लॉन में हुई सुभासपा की समीक्षा बैठक,श्री राजभर ने सदस्यता अभियान को दिया धार,सुभासपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का किया आवाह्न,उन्होनें ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाकि आपसब जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने,समझे और प्राथमिकता पर निष्तारण करवाएं,संभल हिंसा मामले में श्री राजभर ने सपा प्रमुख व सपाइयों पर ठीकरा फोड़ते हुए कहाकि सपा वोटबैंक के लिए ऐसा कर रही है,विपक्ष को बेरोजगारी,विकास और तरक्की के लिए काम करना चाहिए,नाकि वैमस्य फैलाना चाहिए,समीक्षा बैठक में पूरे जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे,उन्होनें पुनः जनपद के दौरा करने की बात करते हुए अगली समीक्षा बैठक अमेठी जनपद में करने की बात कही।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षरण में आज सुबह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 डॉ संजय कुमार उपाध्याय तथा गोसाईगंज थाना के उपनिरीक्षक गुलाबचंद की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र तीन जयसिंहपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत, छपरा हवा, पठानी पुर मे दबिश दी गई। टीमद्वारा मौके पर एक व्यक्ति को चढ़ी भट्टी पर अवैध कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। टीम द्वारा मौके पर शराब बनाने वाले उपकरण पतेला स्टील की पाइप मिट्टी का घड़ा इत्यादि वस्तुओं को कब्जे में लेकर सील कर सर्व मोहर किया गया। 14 लीटर अवैध कच्ची शराब भी बरामद की गई । उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की धारा 60(2) के तहत गिरफ्तार व्यक्ति संतोष कुमार निषाद पुत्र मिठाई लाल निवासी फतेहपुर संगत कुटिया थाना गोसाईगंज सुल्तानपुर के विरुद्ध थाना गोसाईगंज में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।मौके पर बरामद 50 किलोग्राम लहान को टीम द्वारा नष्ट किया गया ।

# लौकाही में आयोजित शिविर में 4400 से अधिक लोगों का हुआ संतृप्तिकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत बुधवार को विकास खण्ड हुज़ूरपुर की ग्राम पंचायत लौकाही में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास, खतौनी व घरौनी से सम्बन्धित 72 आवेदन-पत्रों का निस्तारण, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 101 छात्र-छात्राओं के आधार बनवाये गये। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 918 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 284 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 53 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये, 53 लोगों को चश्मा वितरण, 01 कुष्ठ रोगी को जूता, 05 क्षय रोगियों को गोद लेने, 539 लोगों के ब्लड प्रेशर एवं शुगर इत्यादि की जांच, 227 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फ़ेलिक एसिड का वितरण, 137 लोगों की आभा आई.डी. बनायी गई, 121 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी गई तथा मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा 247 लोगों की जांच की कार्यवाही की गई। संतृप्तिकरण शिविर के दौरान आईसीडीएस विभाग द्वारा 117 गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, 0 से 06 माह, 06 माह से 03 वर्ष तथा 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों, किशोरी बालिका तथा सैम व मैम बच्चों को लाभान्वित किया गया। इण्डियन बैंक द्वारा 15 व आर्यावर्त बैंक द्वारा 07 लोगों केवाईसी, नवीन खाता खोलने व बीमा से सम्बन्धित कार्यवाही की गई। शिविर के दौरान 101 लोगों के आधार कार्ड बनाये गये।

### कृषि विवि में प्रथम समेस्टर की फाइनल परीक्षाएं शुरू, 26 दिसंबर तक चलेंगी

अयोध्या।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में स्नातक, परास्तनातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राओं की प्रथम सेमेस्टर की फाइनल परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं हैं। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां पहले से ही कर ली गई थीं। परीक्षा के पहले दिन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह विवि परिसर स्थित कृषि महाविद्यालय परीक्षा पहुंचकर औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुलपति ने परीक्षा प्रश्नपत्र को लेकर परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। बताया गया कि गुरूवार से शुरू हुई परीक्षाओं में विभिन्न केंद्रों पर मात्स्यिकी महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, इंजीनीयरिंग अंबेडकर नगर एवं आजमगढ़ कृषि महाविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी आज से शुरू हो गईं।

# कल्याणी नदी पर पीपे के पुल की मांग को लेकर पाराहाजी गांव में 23वें दिन धरना रहा जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कल्याणी नदी पर पीपा पुल की मांग को लेकर आज 23 दिनों भी पाराहाजी निवासियों व किसान यूनियन का धरना अनवरत जारी है। आज 23वें दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील अध्यक्ष व पारा हाजी गांव के ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं। बढ़ती ठंड के बीच बाजपुर घाट पर कल्याणी नदी के किनारे पर पारा हाजी गांव के लोग व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी पीपा पुल की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। बीते 20 नवंबर को रुदौली विधायक रामचंद्र यादव धरना स्थल पर पहुंचकर धरना दे रहे ग्रामीण को समझाने की कोशिश भी की थी लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पीपा का पुल नहीं बन जाता तब तक हम लोग भारतीय किसान यूनियन के साथ धरने पर बैठे रहेंगे। धरना दे रहे लोगों का कहना है कि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के अलावा अभी तक धरना स्थल पर कोई नहीं आया है। आपको बता दे की पारा हाजी गांव में दो बार चुनाव का बहिष्कार हो चुका है तब प्रशासनिक अधिकारियों ने यह वादा किया था कि चुनाव के बाद पुल की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। लेकिन अभी तक समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई।धरने में मुख्य रूप से भाकियू के तहसील अध्यक्ष सरदार अजय पटेल, प्रवेश वर्मा, सर्जन लाल, राम प्रताप, निर्मल शर्मा, भवानी प्रसाद, रामप्रताप, राजराम, सुनील कुमार, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### रंगे हाथ पकड़े गये बकरीचोर

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना व कस्बा कुर्सी के मोहल्ला मुल्ला टोला निवासी मो. अहमद बुधवार को लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग स्थित गैस गोदाम निकट बकरियां चरा रहा था। शाम करीब चार बजे एक कार आकर रुकी। दो लोग सड़क किनारे चर रही बकरियों को आनन-फानन में कार की डिग्गी में ठूंसने लगे। बकरियों को कार में लादते देख अहमद ने चिल्लाना शुरू किया। स्थानीय लोगों ने बकरी चोरों को थाने के निकट पकड़ लिया। पुलिस ने कार सहित चोरों को हिरासत में लिया। कार तलाशी में डिग्गी से पांच बकरियां बरामद हुईं। कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि, मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ जारी है।

### वोटर लिस्ट में कार्य कर्ता नाम जुड़वायें: पूर्व मंत्री राकेश

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम समरदा में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए काम करते रहने और नेताजी के बताए हुए रास्ते पर चलने का आग्रह किसर। उन्होंने कहा कि, सभी कार्यकर्ता मतदान केंद्र पर जाकर वोटर लिस्ट में नाम जरूर शामिल करा लें। तभी आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं द्वारा भारी संख्या में मतदान किया जा सकता है। सघन जांच करें और कोई नाम छूटने न पाए। अगर कोई नाम छूट रहा है तो उसे ज़रूर बढ़वायें। इस मौके पर सुरेश यादव, राम प्रकाश रावत, अखिलेश यादव, मनोहर वर्मा, श्यामलाल वर्मा, विजय रावत आदि मौजूद रहे।

### भण्डारा संग श्रीराम कथा सम्पूर्ण

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के ग्राम समरदा में आयोजित श्रीराम कथा बृहस्पतिवार को सम्पूर्ण हुई। अंतिम दिवस कथा व्यास अर्जुन सिंह यादव ने माता सती द्वारा भगवान राम की परीक्षा का प्रसंग सुनाया। इसके उपरान्त कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हज़ारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, जैदपुर विधायक गौरव रावत, सुरेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधान राजेंद्र रावत ने व्यास पीठ को प्रणाम कर प्रसाद ग्रहण किया।

### लापता हुई युवती, अपहरण का मुकदमा जीजा पर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी एक महिला ने मसौली पुलिस मे मुकदमा दर्ज कराते हुए अपने दामाद रंजीत वर्मा पुत्र राम जीवन वर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि गत 28 नवंबर को मेरी 27 वर्षीय पुत्री शाम करीब 4 बजे घर से दूध लेने निकली थी जो वापस नही आयी। खोजबीन के बीच जानकारी मिली की पुत्री को दामाद रंजीत वर्मा अपने साथी सुमंत पुत्र बिहारी अपने पुत्र आशीष निवासी ग्राम बिकौली थाना सफदरगंज के साथ मिलकर अपहरण कर गायब कर दिया है । गायब युवती की माँ को आशंका है कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घट सकती है। मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है ।

### जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बल्दीराय सुल्तानपुर। विकास खण्ड बल्दीराय के मीटिंग हाल में पंचायती राज विभाग से संचालित जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। बीडीओ राधेश्याम व एडीओ पंचायत दयावंत सिंह ने प्रतिभागियों को किट देकर कार्य करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक अम्बरीश वर्मा व एडीओ पंचायत दयावंत सिंह ने बताया कि शासन के मंशानुरूप विकास खण्ड के सभी 65 ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति करने, निर्मित संसाधनों के रख रखाव, संचालन, टैक ओवर, हैण्ड ओवर व संसाधनों की जरूरत उसकी गुणवत्ता आदि की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया।





# मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे रोहित, गुलाबी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत

एजेंसी






एडिलेड। रोहित शर्मा ने आदर्श कप्तान की मिसाल पेश करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मध्यक्रम में खेलने का फैसला किया है जिसमें पहले टेस्ट में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम गुलाबी गेंद से अपने रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। रोहित पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने अब वापसी पर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने का फैसला किया है ताकि अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल पारी का आगाज कर सकें। इन दोनों ने पहले टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी में बड़ी शतकीय साझेदारी निभाई थी। शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उबर कर इस मैच में वापसी करेंगे। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि टीम हित में वह अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करेंगे। रोहित ने कहा,''हम परिणाम चाहते हैं, हम सफल होना चाहते हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। मैं घर में उनकी बल्लेबाजी देख रहा था। राहुल को बल्लेबाजी करते हुए देखना शानदार रहा। वह सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने का हकदार है। उन्होंने कहा,,'''इसमें बदलाव करने की अभी कोई जरूरत नहीं है, भले ही भविष्य में चीजों में बदलाव हो सकता है। मेरे लिए निजी तौर पर मध्यक्रम में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा लेकिन टीम हित सर्वोपरि है। भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट मैच में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। यह पहला अवसर नहीं है जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अच्छा प्रदर्शन किया हो। इससे पहले वह पिछले दो अवसरों पर भी ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर श्रृंखला में हरा चुका है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से लबरेज है। दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित ने 2019 से सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभानी शुरू की थी जिससे उनके टेस्ट करियर को नई दिशा मिली लेकिन वह टीम हित में यहां महत्वपूर्ण फैसला कर सकते हैं। रोहित का बल्लेबाजी क्रम कुछ भी हो, वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है।

# ऐतिहासिक अबू धाबी टी10 के सबसे बड़े सीजन का हुआ समापन, 140 अंतरराष्ट्रीय सितारों ने बिखेरा जलवा

एजेंसी

अबू धाबी। डेक्कन ग्लेडियेटर्स के चैंपियन बनने के साथ ही 2 दिसंबर को अबू धाबी टी10 लीग 2024 का समापन हो गया, खिताबी मुकाबले में डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने मॉरिसविले सैंप आर्मी को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता। आठवें सीजन में टूर्नामेंट की लोकप्रियता काफी बढ़ गई, जिसमें जोस बटलर, निकोलस पूरन, ट्रेंट बोल्ट और कीरोन पोलार्ड जैसे कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और दुनिया भर के प्रशंसकों ने वैश्विक प्रसारण के माध्यम से सबसे छोटे प्रारूप का आनंद लिया। ग्लेडियेटर्स अब टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है क्योंकि उन्होंने इस सीज़न में अपना रिकॉर्ड तीसरा खिताब जीता है। उनके तीन खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अंत में महत्वपूर्ण पुरस्कार भी जीते, जिसमें उनके स्टार बल्लेबाज और इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने 224.07 की स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाकर प्लेयर




ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। सलामी बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर को 222 रन बनाने के लिए टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि रिचर्ड ग्लीसन को 10.07 की इकॉनमी से 14 विकेट लेने के लिए टूर्नामेंट का गेंदबाज चुना गया। स्थानीय खिलाड़ी शाहिद भुट्टा, जिन्होंने 10.93 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए, को यूएई प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इस सीज़न में टूर्नामेंट के इतिहास में टीमों का सबसे बड़ा पूल भी देखा गया जिसमें दो नई टीमों- यूपी नवाब और अजमान बोल्ट को रोस्टर में जोड़ा गया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहला शतक भी इसी सीज़न में लगा जब शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने नॉर्दर्न वॉरियर्स के खिलाफ 40 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए। वैश्विक प्रसारकों के सहयोग से टूर्नामेंट का प्रसारण कई देशों में किया गया। इसमें डिज़्नी स्टार के साथ दो साल का करार भी शामिल था, जिसने भारतीय आबादी के लिए अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में टूर्नामेंट का प्रसारण किया। इस टूर्नामेंट में अपने इतिहास में सबसे बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी देखी गई क्योंकि इस सीज़न में विभिन्न देशों के करीब 140 खिलाड़ी एक्शन में थे। यूएई क्रिकेट खिलाड़ी रोहान मुस्तफा, जो अबू धाबी में एक फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने वाले पहले स्थानीय खिलाड़ी बने, ने कहा, ल्लबेशक, टी10 एक प्रमुख टूर्नामेंट है और आयोजकों ने इसे काफी अच्छे से प्रबंधित किया है। मैंने भी इसे शुरू से खेला है और यह पहली लीग है जिसमें यूएई के स्थानीय खिलाड़ी शामिल हैं।

# राशिद और नबी ने की अफगानिस्तान में महिला शिक्षा अधिकार के बहाली की अपील

एजेंसी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट के सबसे बड़े नाम राशिद खान और मोहम्मद नबी ने तालिबान द्वारा नर्स और दाइयों के रूप में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं के लिए संस्थानों को बंद करने की कथित रूप से कड़ी आलोचना की है। अगस्त 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद से अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए ये बंदिशें एक नया झटका हैं। तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के लिए माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालाँकि अब तक चिकित्सा क्षेत्र में छूट मौजूद थी। लड़कियों और महिलाओं के खेल में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे आईसीसी के पूर्ण सदस्य के रूप में अफगानिस्तान की स्थिति लगातार जांच के दायरे में आ गई है। राशिद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, इस्लाम में शिक्षा का केंद्रीय स्थान है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए ज्ञान की खोज पर जोर देती है। कुरान सीखने के महत्व पर प्रकाश डालता है और दोनों लिंगों के समान आध्यात्मिक मूल्य को स्वीकार करता है। अफगानिस्तान की बहनों और माताओं के लिए हाल ही में शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों के बंद होने पर मैं बहुत दुख और निराशा के साथ विचार करता हूं। इस निर्णय ने न केवल उनके भविष्य को बल्कि हमारे समाज के व्यापक ताने-बाने को भी गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से वे जो दर्द और दुख व्यक्त करते हैं, वह उनके सामने आने वाले संघर्षों की मार्मिक याद दिलाता है। उन्होंने आगे कहा, ''अफगानिस्तान, हमारी प्यारी मातृभूमि, एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश को हर क्षेत्र में पेशेवरों की सख्त जरूरत है, खासकर चिकित्सा क्षेत्र में। महिला डॉक्टरों और नर्सों की भारी कमी विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि यह सीधे तौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा और सम्मान को प्रभावित करती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित की, चोटिल हेजलवुड की जगह लेंगे बोलैंड

एजेंसी

एडिलेड। तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के आगामी एडिलेड टेस्ट में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को प्लेइंग इलेवन की घोषणा की। एडिलेड टेस्ट पिछले 18 महीनों में ऑस्ट्रेलिया के लिए बोलैंड का पहला मैच होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार, कप्तान कमिंस ने यह भी पुष्टि की कि मिशेल मार्श एडिलेड टेस्ट में गेंदबाजी करने के लिए फिट होंगे। बोलैंड ने अपना पिछला टेस्ट प्रतिष्ठित एशेज 2023 सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। दूसरी ओर, मार्श को पीठ की अकड़न से जूझने के बाद भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है, जिसकी वजह से वे पर्थ टेस्ट में




भारत की दूसरी पारी के दौरान पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस ने कैनबरा में बोलैंड के प्रदर्शन का जिक्र किया, जब उन्होंने प्रधानमंत्री एकादश के लिए भारत के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेला था। कप्तान ने कहा कि बोलैंड की तैयारी ''बहुत अच्छी'' रही है। कमिंस ने कहा, ''कुछ दिन पहले कैनबरा में उन्होंने कुछ अच्छे शॉट लगाए थे, उनकी तैयारी बहुत अच्छी रही है। वह अपनी लय और अपने प्रदर्शन से खुश हैं। लेकिन आप जानते हैं कि एक कप्तान के तौर पर स्कॉटी जैसे खिलाड़ी का सीधे मैदान में आना बहुत बढ़िया है। आप जानते हैं कि अगर आपको जरूरत पड़े तो वह बहुत सारे ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं, वह बहुत ही सुसंगत हैं और इस स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसलिए वह खेलने के लिए तैयार दिखते हैं। कमिंस ने कहा कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने गुलाबी गेंद से बहुत ज़्यादा टेस्ट खेले हैं, लेकिन उनमें से कुछ ने बहुत ज़्यादा नहीं खेला है। कप्तान ने कहा कि खिलाड़ियों ने पिछले कुछ दिनों में अच्छी ट्रेनिंग की है। उन्होंने कहा, ''यह कहना मुश्किल है कि हमारे कुछ खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा खेला है, उनमें से कुछ ने बहुत ज़्यादा गुलाबी गेंद नहीं खेली है। मुझे लगता है कि थोड़ा अभ्यस्त होने की ज़रूरत है, लेकिन आप जानते हैं कि पिछले कुछ दिनों में अपनी आँखों को फिर से प्रशिक्षित करने की कोशिश की गई है। मुझे लाल गेंद वाले क्रिकेट से गुलाबी गेंद वाले क्रिकेट में बहुत ज़्यादा बदलाव नहीं दिख रहा है।

# हॉकी इंडिया ने की जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप के उच्च स्कोर वाले फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इंडिया ने पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब की रक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। भारत के लिए अराजित सिंह हुंदल (4‘, 18‘, 47‘, 54‘) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार गोल किये, जबकि दिलराज सिंह (19‘) ने भी एक गोल का योगदान दिया। दूसरी ओर, पाकिस्तान के कप्तान शाहिद हन्नान (3‘) और सुफयान खान (30‘, 39‘) ने गोल किया।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार सोने-चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# हैमिल्टन और मर्सिडीज: उपलब्धियों और यादों के 12 साल का सफर हुआ समाप्त

एजेंसी

नई दिल्ली। लुईस हैमिल्टन इस सप्ताहांत अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स में मर्सिडीज के लिए अपनी अंतिम रेस में भाग लेंगे, क्योंकि वह 2025 सीज़न के लिए फ़ेरारी में स्थानांतरित हो रहे हैं। सात बार के विश्व चैंपियन ने 12 साल के कार्यकाल के बाद सिल्वर एरो को अलविदा कहेंगे, जिसके दौरान टीम ने आठ कंस्ट्रक्टर्स टाइटल (2014-21) जीते, और हैमिल्टन ने छह ड्राइवर्स क्राउन (2014, 2015, 2017, 2018, 2019, 2020) जीते। मर्सिडीज ने 2014 में अपनी पहली कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती और 50 से अधिक वर्षों के अंतराल के बाद ग्रिड में फिर से प्रवेश किया। हैमिल्टन ने उसी वर्ष मर्सिडीज के साथ अपना पहला ड्राइवर खिताब जीता, 2008 में मैक्लेरेन के साथ अपना पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका दूसरा खिताब था। उनके टीम के साथी निको रोसबर्ग ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, और दूसरे स्थान पर रहे। ब्रिटिश ड्राइवर ने 2016 में भी जीत हासिल की, जबकि रोसबर्ग एक बार फिर उनसे पीछे रहे। हालांकि, 2016 में खिताब की लड़ाई टीम के साथियों के बीच काफी संघर्षपूर्ण रही, जिसमें जर्मन ने हैमिल्टन को पांच अंकों से हराया। रोसबर्ग अपनी शानदार उपलब्धि के बाद हैमिल्टन के साथ वाल्टेरी बोटास शामिल हुए, इस जोड़ी ने मैदान पर अपना दबदबा बनाया और 2017-2021 तक टीम को लगातार पांच खिताब दिलाए, एक ऐसा दौर जिसमें हैमिल्टन ने माइकल शूमाकर के सात चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए लगातार चार ड्राइवर खिताब (2017-2020) जीते। 2021 में, वह एक बार फिर आगे चल रहे थे, लेकिन उनका सामना रेड बुल के कट्टर प्रतियोगी और अंततः चार बार के विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन से हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## फ़ेयरफैक्स इंडिया बेंगलुरु हवाई अड्डा संचालक बीआईएएल में खरीदेगी 10 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** फेयरफैक्स इंडिया होल्डिंग्स की योजना बेंगलुरू हवाई अड्डा परिचालक बीआईएएल में 10 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने की है। इससे उसकी कुल शेयरधारिता बढ़कर 74 प्रतिशत हो जाएगी। बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल)३फ़ेयरफैक्स इंडिया, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और कर्नाटक राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है। बीआईएएल में अन्य दो संस्थाओं की 13-13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। फ़ेयरफैक्स इंडिया ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, '' यह लेन-देन 2025 की पहली तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद बीआईएएल में अतिरिक्त 10 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी फ़ेयरफैक्स इंडिया द्वारा कुल 25.50 करोड़ डॉलर में हासिल की जाएगी। खरीद मूल्य तीन किस्त में दिया जाएगा जिसमें से पहली किस्त का भुगतान 2025 की पहली तिमाही में समापन तिथि पर किया जाएगा। दूसरी तथा तीसरी किस्त का भुगतान क्रमशः 31 अगस्त 2025 और 31 जुलाई 2026 के आसपास किया जाना है। फ़ेयरफैक्स इंडिया, सीमेंस प्रोजेक्ट्स वेंचर्स से 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद रही है। फ़ेयरफैक्स इंडिया के संस्थापक प्रेम वत्स ने विज्ञप्ति में कहा, '' हम 2017 में बीआईएएल में अपने शुरुआती निवेश के बाद से मिली शानदार साझेदारी के लिए सीमेंस को धन्यवाद देना चाहते हैं। बीआईएएल में यह अतिरिक्त निवेश बीआईएएल द्वारा प्रस्तुत निरंतर विकास के अवसरों में हमारे विश्वास का प्रमाण है।

## सूरज एस्टेट ने मुंबई में 15,758 वर्ग फुट जमीन खरीदी 525 करोड़ रुपये की आय की संभावना

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सूरज एस्टेट डेवलपर्स लिमिटेड ने एक वाणिज्यिक परियोजना के निर्माण के लिए मुंबई में 101 करोड़ रुपये में 1,464 वर्ग मीटर जमीन खरीदी है। इस परियोजना से 525 करोड़ रुपये की अनुमानित आय होने की संभावना है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी आइकॉनिक प्रॉपर्टी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिये मुंबई के माहिम (पश्चिम) के सेनापति बापट मार्ग पर स्थित करीब 1,464 वर्ग मीटर (15,758 वर्ग फुट) खाली जमीन को 101 करोड़ रुपये में खरीदा गया है। स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क सहित सम्पूर्ण राशि का भुगतान कर दिया गया है। कंपनी ने कहा, '' इस परियोजना में एक वाणिज्यिक भवन का विकास किया जाएगा, जिसका अनुमानित रीरा कार्पेट एरिया 1.03 लाख वर्ग फुट होगा तथा सकल विकास मूल्य (जीडीवी) करीब 525 करोड़ रुपये होगा।

## एनबीसीसी की शाखा एचएससीसी को महाराष्ट्र में 599.35 करोड़ रुपये के मिले ठेके

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लिमिटेड की शाखा एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को महाराष्ट्र में 600 करोड़ रुपये के दो ठेके मिले हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एचएससीसी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (महाराष्ट्र) से 599.35 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। इनमें से एक ठेका महाराष्ट्र में हिंदूहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना की स्थापना और संचालन से जुड़ा है, जो 259.35 करोड़ रुपये का है। दूसरा ठेका महाराष्ट्र के जालना, रत्नागिरी, बारामती और धाराशिव जिलों में टर्नकी आधार पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी यूनिट (रेडियोथेरेपी यूनिट) की स्थापना करने का है। यह ठेका 340 करोड़ रुपये का है। एनबीसीसी परियोजना प्रबंधन परामर्श और रियल एस्टेट कारोबार में है।

## गौतम हरि सिंघानिया रेमंड लाइफस्टाइल के कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त

**नयी दिल्ली।** गौतम हरि सिंघानिया को परिधान कंपनी रेमंड लाइफस्टाइल का कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कंपनी के शेयरधारकों ने नियुक्ति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी के ''गौतम हरि सिंघानिया को कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने'' तथा उनका पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए विशेष प्रस्ताव को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कुल मतों में से 86.85 प्रतिशत मत मिले। रेमंड लाइफस्टाइल की ओर से बुधवार शाम शेयर बाजारों को दी जानकारी के अनुसार, प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत से पारित कर दिया गया।

# चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की वृद्धि संभव: सीईए नागेश्वरन

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अक्टूबर-नवंबर में कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आयी है और चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को भविष्य में संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं। नागेश्वरन ने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमें मूल्यवान तथ्यों को दरकिनार करना चाहिए क्योंकि अंतर्निहित वृद्धि की कहानी अब भी काफी हद तक बरकरार है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में मंदी का कारण सितंबर में कुछ ''धार्मिक अनुष्ठान'' और अत्यधिक मानसूनी वर्षा हो सकती है। यह अन्य दीर्घकालिक मुद्दों के कारण भी हो सकता है..। उन्होंने कहा कि इसलिए स्पष्टीकरण सामान्य से लेकर अधिक गंभीर तक हो सकते हैं। यह दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का पहला अनुमान है। नागेश्वरन ने कहा, '' इसे संशोधित कर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की 6.5-7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, '' समूचे वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में सक्षम होने के लिए, हमें अगली दो तिमाहियों में सात प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता है, जिनमें से तीसरी तिमाही के दो महीने पहले ही समाप्त हो चुके हैं और हम तीसरे महीने में हैं।

# इजराइल की तरह भारत भी हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखे : गोयल

**कहा-हम एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल पर विचार करने को तैयार**

एजेंसी





नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को प्रति एक हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखना चाहिए, जो कि नवाचार को बढ़ावा देने में इजरायल की सफलता से प्रेरणा लेता है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'भारतअ100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि छोटा देश होने के बावजूद इजरायल ने नवाचार को प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप हर 1,000 लोगों पर एक स्टार्टअप है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि किस तरह मोदी सरकार के व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी बढ़ाने, नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक लोकाचार को अपनाने और उसका लाभ उठाने की पहल से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने एसोचैम से आग्रह किया कि वह हमारी युवा आबादी में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करे। साथ ही उनकी मानसिकता को नौकरी की तलाश से हटाकर नवाचार के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की ओर मोड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल तलाशने के लिए तैयार है।

# हर रेलवे जोन में आईटीएमएस मशीनें तैनात की जाएंगी : रेल मंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि अब हर रेलवे जोन में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) मशीनें तैनात की जाएंगी।

रेल मंत्री वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) और सड़क सह रेल निरीक्षण वाहन (आरसीआरआईवी) का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये मशीनें नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाएंगी। उन्होंने कहा कि व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए सभी रेलवे जोनों में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) उपलब्ध कराई जाएगी।



इस पहल का उद्देश्य ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव में सुधार के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने ट्रैक रखरखाव के लिए जिम्मेदार कर्मियों, ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस और आरसीआरआईवी के उपयोग से अब ट्रैकमैन के पास सटीक, वास्तविक समय के डेटा तक पहुंच होगी, जिससे उनका काम आसान, सुरक्षित और अधिक कुशल हो जाएगा।

रेलवे ट्रैक सिस्टम पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि करीब 2-2.5 साल पहले रेलवे में तीन और आईटीएमएस मशीनें लगाई गई थीं। ये मशीनें रेलवे ट्रैक का सटीक माप देती हैं।

ऐसी मशीनें अब हर रेलवे जोन में लगाई जाएंगी। ट्रैक माप प्रोटोकॉल को और अधिक बार ट्रैक माप करने के लिए संशोधित किया जाएगा। रेल सह सड़क वाहन (आरआरवी) के साथ ट्रैकमैन और कीमैन के कामकाज और सुरक्षा में सुधार होगा। आने वाले 5 वर्षों में यह रेलवे के आधुनिकीकरण में बहुत बड़ा कारक होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे और आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इंडिया-फर्स्ट नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'इंडिया फर्स्ट' नीति और 'मेक इन इंडिया' पहल की प्रशंसा की और कहा कि इन नीतियों ने भारत के विकास में किस तरह योगदान दिया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि श्री पुतिन ने 15वें वीटीबी रूस कॉलिंग इन्वेस्टमेंट फोरम में प्रधानमंत्री श्री मोदी की इंडिया फर्स्ट नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की और विकास के लिए स्थिर माहौल को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन नीतियों ने भारत के विकास में किस तरह योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री पुतिन ने श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति को चिन्हित किया और भारत सरकार द्वारा छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए ''स्थिर स्थिति'' बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू की गई आर्थिक पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें ''मेक इन इंडिया'' कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने रूस के आयात घटाने के कार्यक्रम और भारत की मेक इन इंडिया पहल के बीच समानताएं बताते हुए भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के प्रति रूस की इच्छा व्यक्त की और कहा कि भारत में निवेश लाभदायक है। भारत के नेतृत्व ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ''प्रधानमंत्री श्री मोदी के पास 'मेक इन इंडिया' एक ऐसा ही कार्यक्रम है। हम भी भारत में अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार 'इंडिया फर्स्ट' की नीति से प्रेरित होकर स्थिर स्थितियां बना रही है। हमारा मानना ??है कि भारत में निवेश करना लाभदायक है।'' उन्होंने यह भी कहा कि रूसी कंपनी रोसनेफ्ट ने हाल ही में भारत में 20 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। श्री पुतिन ने ब्रिक्स के उदय के संदर्भ में रूस के आयात घटाने के कार्यक्रम के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमें एसएमई के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा ब्रिक्स व अन्य देशों में एसएमई के लिए सुचारू व्यापारिक लेनदेन की सुविधा के लिए त्वरित विवाद समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बाजार से बाहर हो चुके पश्चिमी ब्रांडों के स्थान पर नए रूसी ब्रांडों के उदय की ओर इशारा किया तथा उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, उच्च तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में स्थानीय रूसी निर्माताओं की सफलता के बारे में बताया। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे लिए, यह हमारे आयात घटाने के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

## मुर्मु ने किया आग्रह

# वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्र अपना योगदान दें

एजेंसी

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां गुरुवार को छात्रों से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में नवोन्मेषी विचारों और समर्पित कार्यों के जरिए अपना योगदान देने का आग्रह किया।

पांच दिवसीय यात्रा के तीसरे दिन ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खोलता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अब एक अलग पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें वास्तविक दुनिया की स्थितियों में अपने ज्ञान और कौशल का कठोर परीक्षण करना होगा। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अर्जित ज्ञान और कौशल को लागू करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत खाद्यान्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। अब देश खाद्यान्न और अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है। यह कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और किसानों की अथक मेहनत के कारण संभव हो पाया है। कृषि और किसानों के विकास के बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। कृषि, मत्स्य उत्पादन और पशुधन के विकास से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज कृषि के सामने प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, प्रति व्यक्ति खेतों का आकार कम होना और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन जैसी नयी चुनौतियां हैं। वैज्ञानिकों को चुनौतियों से निपटने के लिए समय रहते तकनीक विकसित करनी होगी।

# मर्यादाओं को ताक पर रखकर मोदी कर रहे हैं अडानी का बचाव : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि इंडिया समूह के नेता संसद में अडानी भ्रष्टाचार मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मर्यादाओं को तार-तार करके इस उद्योगपति का बचाव कर रहे हैं। संसद भवन परिसर में इस मुद्दे पर इंडिया समूह के सांसदों ने प्रदर्शन किया और इस दौरान श्रीमती वाड्रा ने कहा कि श्री मोदी भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं। इसी दौरान कंग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि शून्यकाल में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के निशिकांत दूबे ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड से सांसद श्रीमती वाड्रा के साथ-साथ पूरी कंग्रेस पार्टी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, देश की जनता चाहती है कि अडानी महा घोटाले पर संसद में चर्चा हो। इंडिया समूह के सभी दल संसद में चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी जी और सरकार लगातार चर्चा से भाग रहे हैं। सारी मर्यादाओं को तार-तार करते हुए प्रधानमंत्री जी जिस तरह अडानी के भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं, वह बेहद



हैरान करने वाला है। आज साथी सांसदों के साथ इस मुद्दे पर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। श्री वेणुगोपाल ने कहा, सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा में तब हुई जब पूरी कंग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष पर संभल यात्रा प्रतिबंध का मुद्दा उठा रही थी। माननीय सभापति ने निशिकांत दुबे को शून्यकाल में बोलने की अनुमति दी।भाजपा सांसद ने इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ-साथ पूरी कंग्रेस पार्टी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# न्यायमूर्ति मनमोहन ने ली उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली।

शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने यहां आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति मनमोहन को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मनमोहन के शपथ ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल निर्धारित संख्या 34 के मुकाबले 33 हो गई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों के अलावा अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाले शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम ने नवंबर में न्यायमूर्ति मनमोहन को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की शिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की सहमति के बाद तीन दिसंबर को केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर न्यायमूर्ति मनमोहन को शीर्ष अदालत में न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा की थी। न्यायमूर्ति मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह 29 सितंबर, 2024 से उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे हैं। शीर्ष अदालत के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम की सिफारिश के बाद उनकी ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि न्यायमूर्ति मनमोहन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में क्रम संख्या दो पर हैं। इसके साथ वह दिल्ली उच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन का चुनाव करते हुए कॉलेजियम ने यह भी उल्लेख किया था कि उच्चतम न्यायालय में दिल्ली उच्च न्यायालय का प्रतिनिधित्व केवल एक न्यायाधीश कर रहे हैं। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय से हैं।

# पेज एक का शेष

## यूपी विधानसभा...

सपा को कंग्रेस का भी साथ मिला हुआ है। अगर इस बीच अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर चुनाव का ऐलान होता है तो दोनों पक्षों के बीच वार- पलवार का नया दौर भी देखने को मिल सकता है। मिल्कीपुर सीट को भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ा हुआ है। खुद सीएम योगी लगातार अयोध्या के दौरे कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली हार के बाद से भाजपा बेहद सतर्क भी है। सपा अब उपचुनाव में मिली हार के कारण मिल्कीपुर चुनाव में ज्यादा आक्रामक नजर आ सकती है।

## बांटने वाले काटने ...

हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था। योगी ने कहा कि श्रीराम के प्रति भारत का भाव क्या है, इसका अनुभव करना हो तो गांव-गांव में संत तुलसीदास द्वारा प्रारंभ किए गए रामलीलाओं का आयोजन देखिए। प्रभु राम के प्रति सनातन धर्मावलंबियों के भाव का अनुभव करना है तो 1990 के दशक को याद कीजिए, जब हर घर में टीवी नहीं थी, लेकिन लोग सूदूर जाकर दूरदर्शन पर रामायण सीरियल देखते थे। यह प्रभु राम के प्रति भारत की सनातन श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव नहीं हैं, उसे कट्टर दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। 1990 में रामभक्तों ने भी नारा लगाया था, जो राम का नहीं-वो किसी काम का नहीं। उन्होने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया। भगवान शंकर ने द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग के माध्यम से सनातन एकता को सुदृढ़ किया। अब के समाजवादी डॉ. लोहिया का आदर्शन नहीं मानते। योगी ने कहा कि प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे तो जन्म और जीवन धन्य हो जाएगा। महाराज दशरथ ने श्रीराम से कहा कि तुम कैकैयी के वचन न मानो और यहां की गद्दी पर स्थापित हो। तब श्रीराम ने कहा कि ऐसा किया तो भावी पीढ़ी के सामने कौन सा आदर्श होगा। आज एक-एक फिट जमीन के लिए कत्लेआम हो रहा हो, भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-पुत्र, भाई-बहन के विवाद दिख रहे हैं तो रामायण के आदर्श कहां गए। जातीय संगठन सामाजिक व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। आज भगवान राम व निषादराज की मैत्री को आखिर कौन जोड़ेगा। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट के सामाजिक जीवन को जीवंतता दी। सीएम ने श्रीराम के आदर्श की चर्चा करते हुए कहा कि वे किष्किंधा का राज्य जीतते हैं, लेकिन राज्याभिषेक सुग्रीव और लंका जीतते हैं तो राज्याभिषेक विभीषण का करते हैं। हमारी सरकार ने 56 फुट ऊंची प्रतिमा को श्रृंगवेरपुर में स्थापित किया है। योगी ने कहा कि श्रीराम के प्रति भारत का भाव क्या है, इसका अनुभव करना हो तो गांव-गांव में संत तुलसीदास द्वारा प्रारंभ किए गए रामलीलाओं का आयोजन देखिए। प्रभु राम के प्रति सनातन धर्मावलंबियों के भाव का अनुभव करना है तो 1990 के दशक को याद कीजिए, जब हर घर में टीवी नहीं थी, लेकिन लोग सूदूर जाकर दूरदर्शन पर रामायण सीरियल देखते थे। यह प्रभु राम के प्रति भारत की सनातन श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव नहीं हैं, उसे कट्टर दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। 1990 में रामभक्तों ने भी नारा लगाया था, जो राम का नहीं-वो किसी काम का नहीं। उन्होने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया। भगवान शंकर ने द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग के माध्यम से सनातन एकता को सुदृढ़ किया। अब के समाजवादी डॉ. लोहिया का आदर्शन नहीं मानते। योगी ने कहा कि प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे तो जन्म और जीवन धन्य हो जाएगा। महाराज दशरथ ने श्रीराम से कहा कि तुम कैकैयी के वचन न मानो और यहां की गद्दी पर स्थापित हो। तब श्रीराम ने कहा कि ऐसा किया तो भावी पीढ़ी के सामने कौन सा आदर्श होगा। आज एक-एक फिट जमीन के लिए कत्लेआम हो रहा हो, भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-पुत्र, भाई-बहन के विवाद दिख रहे हैं तो रामायण के आदर्श कहां गए। जातीय संगठन सामाजिक व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। आज भगवान राम व निषादराज की मैत्री को आखिर कौन जोड़ेगा। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट के सामाजिक जीवन को जीवंतता दी। सीएम ने श्रीराम के आदर्श की चर्चा करते हुए कहा कि वे किष्किंधा का राज्य जीतते हैं, लेकिन राज्याभिषेक सुग्रीव और लंका जीतते हैं तो राज्याभिषेक विभीषण का करते हैं। हमारी सरकार ने 56 फुट ऊंची प्रतिमा को श्रृंगवेरपुर में स्थापित किया है। इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के महंत व आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत कमलनयन दास जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश कुमार दास जी महाराज, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, सुनीता शास्त्री, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, कमलेश सिंह, नागा रामलखन दास, संयोजक आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने किया।

## परमाणु संयंत्रों में सुरक्षा ...

काम जारी है। कंग्रेस के जयराम रमेश ने कहा ''परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड 40 साल पहले बनाया गया था। क्या सरकार एक स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा नियामक स्थापित करने के बारे में विचार कर रही है ? इस पर डॉ सिंह ने कहा कि देश के हित में सरकार सभी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा पर पहले और उत्पादन पर इसके बाद ध्यान दिया जाता है। उन्होंने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर तंज करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार न केवल प्रतिष्ठान की योजना बनाती है बल्कि उन्हें पूरा भी करती है और उनका क्रियान्वयन भी करती है। उन्होंने कहा कि देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की निगरानी एजेंसी है। परमाणु संयंत्र के कारण विकिरण की समस्या के बारे में मंत्री ने कहा कि यह आशंका निर्मूल है और विकिरण में कमी देखी गई है। समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव ने कहा कि देश के एकमात्र फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कलपक्कम की सीमाएं असुरक्षित हैं और दुश्मन अगर हमला करे तो क्या होगा ? यादव ने जानना चाहा कि क्या इस संयंत्र की सुरक्षा के लिए कोई पोत या पनडुब्बी है क्योंकि यह बंगाल की खाड़ी के किनारे है और इसके एक ओर हिंद महासागर तथा एक ओर लाल सागर है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री ने कहा कि संयंत्र की निगरानी की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा, ''नित नए सिर उठाते जोखिमों के मद्देनजर सरकार परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्कता बरतते हुए कदम उठाती है। कलपक्कम संयंत्र की सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।''

शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत ने पूछा कि परमाणु संयंत्र देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के तारापुर संयंत्र के लिए कई किसानों ने जमीन दी, मछुआरों ने भी समझौता कर अपना काम बंद कर दिया लेकिन आज भी इस क्षेत्र के परमाणु संयंत्र से प्रभावित दो हजार से अधिक परिवारों का पुनर्वास क्यों नहीं हो पाया? उन्होंने कहा, ''प्रभावितों को न नौकरी मिली न पक्के मकान मिले। प्रतिनिधिमंडल मंत्री और प्रधानमंत्री से भी मिल चुका है। जितेंद्र सिंह ने इसके जवाब में बताया, ''सरकार ऐसे मुद्दों पर संयंत्र की योजना बनाने के साथ ही विचार शुरु कर देती है। नियम भी तैयार किए जाते हैं। सीएसआर से भी ऐसे विस्थापितों के लिए व्यवस्था की जाती है। नौकरी में भी ऐसे परिवारों को प्राथमिकता और छूट दी जाती है। समय के साथ-साथ समस्या बढ़ती है लेकिन फिर भी यह सिलसिला जारी है। द्रमुक की कनिमोई एनवीएन शोमू के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि परमाणु कचरे के समुचित तरीके से निपटन की व्यवस्था संयंत्रों में होती है और इससे पहले, इस कचरे का पुनःचक्रण किया जाता है।

## निर्माण में गड़बड़ी...

प्रश्न का जवाब दे रहे थे। श्री बेनीवाल ने कहा कि कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें करीब 150 लोगों की जान गई है। श्री गडकरी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि राजमार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इसमें लोगों को भी सहयोग करने की जरूरत है। लोगों को नियम और कानून का पालन करना चाहिए।

## देवेंद्र फडणवीस तीसरी...

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि भारत रत्न क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी (राकंपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह लोग किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

## देश के खिलाफ...

कोविड महामारी का प्रकोप था, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने दो स्वदेशी वैक्सीन विकसित कीं और वैक्सीन मैत्री के तहत भारत अन्य देशों की सहायता कर रहा था। उस समय ओसीसीआरपी ने आर्टिकल पब्लिश किया कि ब्राजील ने 3240 लाख डॉलर की जो कोवैक्सीन भारत से ऑर्डर की थी, उसे रद्द कर दिया है। इस आर्टिकल के माध्यम से भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। भाजपा नेता ने कहा कि ओसीसीआरपी ने लगातार भारत के बड़े उद्योगपतियों को निशाना बनाया है, उनके विरुद्ध अनर्गल रिपोर्ट पेश की हैं। इसके पीछे एकमात्र उद्देश्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था को कैसे भी डगमगाया जाए और भारत के शेयर बाजार को गिराया जाए। उन्होंने कहा कि देश पर आघात करने वाली जब भी ऐसी रिपोर्ट सामने आईं, श्री गांधी ने संवाददाता सम्मेलन करके देश के भीतर डी-इंडस्ट्रियलाइजेशन की बात की है। अट्ठारह जुलाई 2021 को ओसीसीआरपी ने पेगासस रिपोर्ट को उजागर किया था और 19 जुलाई को श्री गांधी ने इसी रिपोर्ट के आधार पर संवाददाता सम्मेलन की थी और सदन में हाहाकार मचाया। एक सोची समझी साजिश के तहत संसद सत्र से पहले ही ऐसी रिपोर्ट आती है और सदन में हंगामा करके स्थगित करा दिया जाता था। छब्बीस अगस्त 2022 को पेगासस के विषय को खारिज कर दिया था। जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड के केस में मां-पुत्र बेटे से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी पूछताछ कर रहे थे, तो ओसीसीआरपी ने एक आर्टिकल छापा, जिसमें लिखा गया कि श्री गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड केस में चल रही कानूनी प्रक्रिया राजनीतिक से प्रेरित है। मां-बेटे ने 05 हजार करोड़ रुपये का गबन किया और ओसीसीआरपी ने अमेरिका में बैठकर उन्हें क्लीन चिट दे दी।

डॉ. पात्रा ने कहा कि श्री गांधी भारत विरोधी एजेंडे के त्रिकोण का तीसरा पहलू हैं और यह बात पूरी तरह से प्रमाणों पर आधारित है। उन्होंने कहा, ल्लश्री गांधी की कथित 'भारत जोड़ो यात्रा' जो असल में 'भारत तोड़ो यात्रा' थी, उसे जनता ने नकार दिया। यही कारण है कि कंग्रेस पार्टी की स्थिति आज दयनीय हो गई है। इस यात्रा के दौरान जॉर्ज सोरॉस की संस्था के उपाध्यक्ष शलील शेट्टी ने भाग लिया था, जो इस बात का सबूत है कि श्री गांधी और जॉर्ज सोरॉस की सोच एक जैसी है। श्री गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान भी ओसीसीआरपी से जुड़े बंगलादेशी पत्रकार मुश्फिकुल फजल अंसारी से मुलाकात की थी। अंसारी लंबे समय से भारत विरोधी लेख प्रकाशित करते रहे हैं। 'जहां देश का अहित हो, वहां श्री गांधी मौजूद रहते हैं। जो भारत से नफरत करता है, वह राहुल गांधी से प्यार करता है। 'जो भी भारत से करे नफरत, वो करे राहुल से प्यार।ङ्ख

इस अवसर पर भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद के. लक्ष्मण ने कहा कि आज राज्यसभा में एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया है, जो देश के लिए बेहद चिंता का विषय है। यह विषय है 'राष्ट्रीय हितों पर संदिग्ध हमले 'का। इस महत्वपूर्ण विषय को उठाने के लिए राज्यसभा के अध्यक्ष ने भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को अवसर दिया है। डॉ. त्रिवेदी इन राष्ट्रविरोधी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की गतिविधियों पर प्रकाश डालेंगे, जिनकी पहचान पिछले कुछ वर्षों में की गई है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज तेजी से आर्थिक, सामजिक और कूटनीति के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। मात्र एक दशक के भीतर ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। जब भी संसद सत्र चलता है, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र विरोधी ताकतें मनगढ़ंत मुद्दे लाकर व्यवधान पैदा करने का प्रयास करती हैं। उनका उद्देश्य भारत की प्रगति को पटरी से उतारना है।

## बिजलीकर्मियों-प्रबंधन...

शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी इससे भ्रमित होने वाले नहीं है। संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, छोटेलाल दीक्षित, देवेंद्र पाण्डेय, आरबी सिंह, राम कृपाल यादव आदि ने कहा है कि निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों के गुस्से को देखते हुए कार्पोरेशन प्रबंधन एफएक्यू के नाम से मनगढ़ंत प्रश्नोत्तरी आए दिन जारी कर रहा है, जिसके झांसे में बिजली कर्मी आने वाले नहीं हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के बाद कर्मचारियों की भारी संख्या में छंटनी और पदावनति होने वाली है। आउटसोर्स कर्मचारी तत्काल हटा दिए जाएंगे। निजीकरण के बाद यही आगरा और अन्य स्थानों पर हुआ है। संघर्ष समिति ने प्रबंधन को इस बारे में सार्वजनिक तौर पर या किसी भी न्यूज चैनल पर खुली बहस की चुनौती दी है। संघर्ष समिति ने पूछा कि कार्पोरेशन प्रबंधन को यह बताना चाहिए कि आरएफपी डॉक्यूमेंट निविदा मांगने के पहले कैसे सार्वजनिक किया जा रहा है। समिति ने कहा कि निजीकरण की असली तस्वीर कर्मचारियों के सामने प्रस्तुत करने के लिए उड़ीसा और दिल्ली के कर्मचारी उत्तर प्रदेश आएंगे। वे कर्मचारियों के बीच निजीकरण होने के बाद कर्मचारियों की छंटनी, सेवा शर्तें पूरी तरह प्रभावित होने सहित अन्य जानकारी सीधे देंगे। उन्होंने प्रबंधन पर महाकुंभ की तैयारी और बिजली व्यवस्था में सुधार की चिंता करने के बजाय निजी कंपनी के प्रवक्ता की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया है। निजीकरण के विरोध में बोलने वाले कर्मचारियों को बर्खास्तगी की धमकी दी जा रही है। संघर्ष समिति ने इस मामले में विधिक कार्यवाही के लिए हाईकोर्ट के वकीलों का एक पैनल बना दिया है।

# डेटा सुरक्षा के नए युग की शुरुआत! उत्तराखंड सचिवालय में नियर डिजास्टर रिकवरी साइट का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- नियर डीआर से अब हर चुनौती का पलक झपकते होगा समाधान
- राज्य में हाल ही में हुए साइबर हमलों के बाद क्रांतिकारी पहल



देहरादून। राज्य सरकार ने डेटा सुरक्षा को मजबूत करते हुए सचिवालय स्थित डेटा सेंटर में गुरुवार को नियर डिजास्टर रिकवरी साइट (नियर डीआर) का शुभारंभ किया। इसके तहत सरकारी सेवाओं और महत्वपूर्ण डेटा को किसी भी आपदा या तकनीकी समस्या के दौरान पूरी तरह सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। यह क्रांतिकारी कदम न केवल साइबर हमलों के खतरों से निपटेगा, बल्कि तकनीकी समस्याओं के बावजूद सेवाओं को निर्बाध बनाए रखेगा। आईटी एवं शहरी विकास सचिव नितीश झा ने इस परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे आईटी क्षेत्र में राज्य का एक साहसिक कदम बताया और कहा कि यह पहल डिजिटल क्रांति का एक नया अध्याय है, जहां हर बाधा का समाधान हमारे पास तैयार रहेगा। यह कदम हाल ही में हुए साइबर हमलों के बाद राज्य की महत्वपूर्ण वेब एप्लिकेशन्स और डेटा को सुरक्षित रखने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। उद्घाटन समारोह में आईटीडीए निदेशक नितिका खंडेलवाल और राज्य सूचना अधिकारी आशेष अग्रवाल उपस्थित थे। यह नियर डिजास्टर रिकवरी साइट एक पूर्णतः आधुनिक तकनीकी समाधान है, जो राज्य सरकार के डिजिटल ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह पहल न केवल डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में राज्य को मजबूत करेगी, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और विशेषज्ञों ने इस नई व्यवस्था की सराहना की और इसे सरकार की डेटा सुरक्षा और डिजिटलीकरण के प्रयासों में मील का पत्थर बताया। नितीश झा ने कहा कि डिजिटल युग में डेटा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है। नियर डिजास्टर रिकवरी साइट यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी तकनीकी बाधा, आपदा या साइबर हमले के दौरान हमारे डेटा और सेवाओं की निरंतरता बनी रहे। उन्होंने इस प्रयास को एक महत्वपूर्ण नवाचार बताते हुए इसे आईटी क्षेत्र में राज्य के अग्रणी कदमों में से एक करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह नई व्यवस्था न केवल डेटा को सुरक्षित रखने में मदद करेगी, बल्कि सेवाओं को कम से कम समय में पुनर्स्थापित करने की क्षमता भी प्रदान करेगी। इससे भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति में जनता को सरकारी सेवाओं में किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईटीडीए निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि यह नियर डिजास्टर रिकवरी साइट सचिवालय स्थित स्वान पॉप में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके बनाई गई है। बाजार में ऐसी साइट तैयार करने की लागत लगभग 20 करोड़ रुपये है, लेकिन हमने इसे बिना अतिरिक्त खर्च के विकसित किया है। खंडेलवाल ने बताया कि साइट में डेटा सेंटर की महत्वपूर्ण एप्लिकेशन्स का छह महीने तक का बैकअप उपलब्ध रहेगा।

## बीएसएफ ने सीमावर्ती जिलों से करोड़ों की हेरोइन समेत तीन तस्कर पकड़े




कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सीमावर्ती जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार करके करीब 30 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की देर रात चलाए गए एक सर्च अभियान के दौरान बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर क्षेत्र में दो भारतीय तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चार किलो 524 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से स्कूटी, बाइक तथा एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है। बीएसएफ के अनुसार एक अन्य सर्च ऑपरेशन के दौरान फाजिल्का क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। यह तीनों तस्कर पाकिस्तान से आने वाली हेरोइन को पंजाब व अन्य स्थानों पर पहुंचाने का काम करते थे। इस बीच बीएसएफ ने एक अन्य सूचना के आधार पर पंजाब के सीमावर्ती जिला तरनतारन में कार्रवाई करते हुए खेतों में से 551 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में ड्रोन के जरिये गिराई गई थी। बीएसएफ द्वारा पता लगाया जा रहा है कि तरनतारन क्षेत्र से बरामद हेरोइन किसी व्यक्ति द्वारा उठाई जानी थी।

# उत्तराखंड में मार्च 2025 तक बनेंगे 16 हजार किफायती आवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** उत्तराखंड आवास विकास परिषद और मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से निर्बल आय वर्ग वाले परिवारों के लिए करीब 16 हजार किफायती घरों का निर्माण किया जा रहा है। मार्च 2025 तक यह किफायती घर तैयार कर लिया जाएगा। उत्तराखंड आवास विकास परिषद 15 आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। उत्तराखंड आवास विकास परिषद राज्य बनने के बाद पहली बार अपनी आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। परिषद 15 परियोजनाएं निजी निवेशकों के साथ तैयार कर रहा है, जिसमें कुल 12,856 आवास शामिल हैं। जबकि शेष पांच संबंधित विकास प्राधिकरणों की ओर से विकसित की जा रही हैं, प्राधिकरणों के जरिए कुल 3104 आवास तैयार किया जा रहे हैं। अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का के मुताबिक अब तक निजी भागीदारी के साथ 1760 घर बनाते हुए लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं, जबकि 14635 आवासों का आवंटन भी किया जा चुका है। शेष सभी परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### लाभार्थी को ढाई लाख में मिलता है घर

योजना के तहत निजी निवेशक छह लाख रुपये की लागत से दो कमरे, किचन और शौचालय जैसी सुविधाओं से युक्त घर तैयार करता है, जिसमें से उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से साढ़े तीन लाख रुपये मिलते हैं, इस तरह लाभार्थी को महज ढाई लाख रुपये की लागत में आसान होम लोन के जरिए घर मिल जाता है। इसमें जमीन सहित निर्माण का समस्त खर्च निजी निवेशक की ओर से उठाया जाता है। योजना के तहत तीन लाख रुपये से कम सालाना आय वर्ग वाले आवासहीन परिवार पात्र होते हैं। साथ ही पात्र परिवार का 15 जून 2015 से पहले उत्तराखंड का निवासी होना भी जरूरी है।

### एमडीडीए की तीन परियोजनाएं

योजना के तहत मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ट्रांसपोर्ट नगर में 224 , तरला आमवाला में 240 फ्लैट वाली परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि धौलास में 240 फ्लैट मार्च 2025 तक तैयार हो जाएंगे। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के मुताबिक परियोजना के लिए लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता के साथ किया गया है। तय समय में सभी को फ्लैट की चाबी सौंप दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय के लक्ष्य को केंद्रित करते हुए, पीएम आवास योजना लागू की है। इसके तहत आवासहीन परिवारों को पक्का घर बनाकर दिया जा रहा है। उत्तराखंड में आवास विकास प्राधिकरण ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सड़क पर उतरे बंदरों के आतंक से त्रस्त नागरिक, वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

- राह चलते लोगों पर हमला बोल रहे बंदर, अब तक कई लोग हो चुके हैं चोटिल
- बच्चों-बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल, वन मंत्री व मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में उत्तरी हरिद्वार के नागरिकों ने वन विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध जताया। सुनील सेठी ने कहा कि उत्तरी हरिद्वार की आबादी पिछले कई समय से बंदरों के आतंक से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कई गली-मोहल्ले के लोग बंदरों के काटने से चोटिल हो चुके हैं। पूरे उत्तरी हरिद्वार विशेषकर खड़खड़ी, भूपतवाला के साथ कनखल हरिद्वार के कई इलाकों में बंदरों के आतंक से जनता परेशान है। बंदरों की वजह से एक्सीडेंट भी हो रहे हैं। उत्तरी हरिद्वार के जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार वन विभाग व अन्य जिम्मेदार विभागों को ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई। सनातन धर्म स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव पंत ने बताया कि पिछले काफी समय से बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बंदरों के हमले में कई लोग चोटिल हो चुके हैं। स्कूली बच्चों का निकलना, अध्यापकों का गुजराना मुश्किल हो चुका है। स्कूल की क्लासेज के समय दरवाजे तक बंद करने पड़ते हैं। स्थानीय निवासी प्रकाशवीर ने कहा कि भूपतवाला निष्काम भवन के सामने वाली गलियों से बच्चों, बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है। बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सेठी ने बताया कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जल्द वन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर गैर जिमेदार अधिकारियों की शिकायत क जाएगी। विरोध जताने वालो में प्रकाश वीर, गौरव खन्ना, सीता कुमारी, विमला देवी, बंटी प्रसाद, राकेश सिंह, राशि यादव, रेखा, पं. दिनेश कुमार, खुशी राम छाबड़ा, बंटी यादव, राकेश कुमार, सुनील मनोचा आदि थे।

## तीन तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की हेरोइन व साढ़े चार लाख की ड्रग मनी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और ड्रग मनी को जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नशे की यह खेप सरहद पार से आई थी और इसे पंजाब के साथ-साथ अन्य राज्यों में कई जगह सप्लाई किया जाना था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विशेष ऑपरेशन के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अमृतसर के पंजाबी बाग रिसॉर्ट के पास की गई है। ऑपरेशन के दौरान आरोपितों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 4.45 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई। मामला दर्ज करने के बाद आरोपितों से उनके संपर्कों के बारे में जानकारी ली जा रही है। आरोपितों के तार अंतरराष्ट्रीय तस्करों से जुड़े हो सकते हैं। इसके बारे में जांच की जा रही है।

# चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस अध्यक्ष त्याग पत्र दें : महेंद्र भट्ट

**पत्रकार क्रिकेट मैच में कांग्रेसजनों ने किया व्यवधान, की धक्का-मुक्की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उत्तराखंड में कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कंग्रेसजनों द्वारा मीडिया पर किए गए हमले की निंदा की है। महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट कहा है कि चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष को त्याग पत्र देना चाहिए। महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह कंग्रेस का चरित्र है। केदारनाथ हार के बाद कंग्रेस पूरी तरह बौखला गई है। इसका प्रमाण मीडिया पर किया गया हमला है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से इस हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसी संदर्भ में उत्तरांचल प्रेस क्लब की कार्यवाहक महामंत्री मीना नेगी ने प्रदेश कंग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा को पत्र लिखकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में पत्रकारों के साथ अभद्रता, मारपीट और महिला पत्रकारों से अमर्यादित व्यवहार की शिकायत की है। उन्होंने लिखा कि गत चार दिसंबर को पुलिस लाइन स्टेडियम रेसकोर्स में उत्तरांचल प्रेस क्लब के क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल चल रहा था। पुलिस द्वारा किसी विषय को लेकर कंग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस लाइन आए कंग्रेसजनों ने करन माहरा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए स्टेडियम में घुसकर टूर्नामेंट में व्यवधान डाला तथा रोके जाने पर करन मोहरा व कंग्रेसजनों ने मीडिया से धक्का-मुक्की की। महिला पत्रकारों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया गया। मीना नेगी ने लिखा है कि प्रदेश कंग्रेस प्रभारी एक महिला हैं, तब कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और उनके सहयोगियों द्वारा इस तरह की अभद्रता दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना को लेकर मीडिया में रोष है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि दोषी करन माहरा और उनके साथियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो पत्रकार कंग्रेस प्रदेश कार्यालय पर धरना और आमरण अनशन करेंगे।

## कारिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ अभियान को धार देगी कांग्रेस, चलाएगी हस्ताक्षर अभियान


कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शिवमूर्ति स्थित खण्डूजा भवन में गुरुवार को महानगर कंग्रेस कमेटी व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कारिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करने को लेकर व कारिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को धार देने पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कंग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि कारिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करने व कारिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को धार दी जाएगी। शहर महामंत्री व्यापार मंडल अमन शर्मा और निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि सरकार को किसी भी कीमत पर हरिद्वार के पौराणिक स्वरूप को नष्ट नहीं करने दिया जाएगा। वरिष्ठ कंग्रेस नेता मनोज सैनी और व्यापारी नेता अरूण राघव ने सरकार की चुप्पी पर सवाल खड़े किए और कहा कि भाजपा हरिद्वार की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। व्यापारी नेता गौरव खण्डूजा और शिवम चौहान ने कहा कि कारिडोर योजना से हरिद्वार शहर की पौराणिक व धार्मिक स्वरूप को नष्ट करने का काम करना चाहती है जिसे व्यापारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल का चुनावी राजनीति से संन्यास का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आआपा) के शाहदरा के विधायक राम निवास गोयल ने गुरुवार को अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की।

गोयल के इस्तीफ़े पर प्रतिक्रिया देते हुए आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि गोयल का चुनावी राजनीति छोड़ने का फैसला हम सभी के लिए एक भावनात्मक क्षण है। 76 वर्षीय गोयल ने केजरीवाल को लिखे पत्र में पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि वह बढ़ती उम्र के कारण चुनावी राजनीति से दूर रहना चाहते हैं, लेकिन वह पार्टी के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने केजरीवाल और पार्टी के सभी विधायकों से मिले सम्मान के लिए आभार जताया है। गोयल ने पत्र में लिखा, ''मैं विनम्रतापूर्वक आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले 10 वर्षों से शाहदरा विधानसभा के विधायक एवं अध्यक्ष के रूप में मैंने कुशलतापूर्वक अपना दायित्व निभाया है। आपने मुझे हमेशा बहुत सम्मान दिया है, जिसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूंगा। पार्टी और सभी विधायकों ने भी मुझे बहुत सम्मान दिया है। इसके लिए मैं सबका आभार प्रकट करता हूं। गोयल ने कहा, ''अपनी आयु के कारणों से स्वयं को चुनावी राजनीति से अलग करना चाहता हूं। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं आम आदमी पार्टी में रहकर पूरे तन, मन और धन से सेवा करता रहूंगा। आपके द्वारा जो भी दायित्व मुझे सौंपा जाएगा उसको निभाने का प्रयास करूंगा। आआपा के संयोजक केजरीवाल ने गोयल की प्रशंसा की और चुनावी राजनीति छोड़ने के उनके फैसले को एक भावनात्मक क्षण बताया। केजरीवाल ने एक्स पर कहा, ह्लरामनिवास गोयल का चुनावी राजनीति से अलग होने का निर्णय हम सभी के लिए एक भावुक क्षण है। उनके मार्गदर्शन ने वर्षों तक हमें सदन के अंदर और बाहर सही दिशा दिखाई है। अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य के चलते उन्होंने हाल ही में अभी कुछ दिन पहले ही चुनावी राजनीति से अलग होने की अपनी इच्छा ज़ाहिर की थी। उनके निर्णय का हम सम्मान करते हैं। गोयल साहब हमारे परिवार के अभिभावक थे, हैं और हमेशा रहेंगे। पार्टी को उनके अनुभव और सेवाओं की भविष्य में भी हमेशा ज़रूरत रहेगी। उल्लेखनीय है कि 76 वर्षीय गोयल पहली बार 1993 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर शाहदरा से विधायक चुने गए थे। 2015 में वह भाजपा छोड़कर आआपा में शामिल हो गये और शाहदरा से ही छठी और सातवीं विधानसभा के सदस्य चुने गए।

## बाल अपचारी समेत दो गिरफ्तार चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद

हरिद्वार। जनपद में कई थाना क्षेत्रों में हुई बाइक चोरी के मामलों में पुलिस ने गुरुवार को एक बाल अपचारी समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें बरामद की है। दरअसल, पिरान कलियर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम माजरी निवासी राजकुमार ने गत एक दिसंबर को व रूड़की थानांतर्गत गंगनहर के हसन कालोनी रामपुर निवासी अहसान पुत्र सोमीन ने तीन दिसंबर को एवं लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ा कलां निवासी अजीत कुमार पुत्र राधेश्याम ने तीन दिसंबर तथा कोतवाली रूड़की के ग्राम इमली रोड महिग्रान निवासी इसरार अली पुत्र अब्बास ने बीते रोज पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ अपनी-अपनी बाइक चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक जगपाल उर्फ जग्गू निवासी शीतलपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को मंगल विहार कॉलोनी सुनहरा रोड रूड़की से चोरी की बाइक के साथ दबोचा। सख्ती से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि उसका एक साथी चोरी की बाइक लेकर पीछे से आ रहा है। पुलिस ने नाबालिग होने के कारण संदिग्ध को संरक्षण में लेकर सलेमपुर राजपुताना रूड़की से चोरी की गई बाइक बरामद की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063